देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



अगर भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित होती... 12

जलभराव की समस्या का समाधान नही होने से... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 221
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper
शनिवार | 25 मई, 2024

# कोरोना काल में गायब हो गये थे कांग्रेस और सपा के लोग : योगी

## सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस-सपा शासन में गरीब मुसहर भूख से मरता था, इनके लिए हमने लड़ी है सड़क पर लड़ाई

- कभी कल्पना हुआ करता था, अब हकीकत बनने जा रहा कुशीनगर मेडिकल कॉलेज
- अब कुशीनगर का कोई भी व्यक्ति कश्मीर में खरीद सकता है प्रॉपर्टी: सीएम योगी
- आरक्षण में सेंध लगाना चाहता है इंडी गठबंधन, इनसे होशियार रहना होगा - योगी
- कहा, गोकशी को बढ़ावा देना चाहता है इंडी गठबंधन, इस पाप के भागीदान न बने जनता
- जब संकट आया था तो यूपी का एक लड़का इटली तो दूसरा इंग्लैंड चला गया था: योगी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब कोरोना कालखंड में देश परेशान था तब कांग्रेस और सपा के लोग जनता की मदद करने की जगह गायब हो गये थे। यूपी के दो लड़कों में से एक इंग्लैंड तो दूसरा इटली भाग गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के शासन में गरीब मुसहर भूखों मरता था, तब हम सब सड़क पर उतर कर उनके हक की लड़ाई लड़ते थे। आज पीएम के नेतृत्व में हमने मुसहर जाति के परिवार को एक-एक आवास, जमीन का पट्टा और राशन कार्ड प्रदान किया है। योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को साखोपार में कुशीनगर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।



### सपा और कांग्रेस के समय में सत्ता के दलाल खा जाते थे गरीब का राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। हमारे लिए देश पहले है। कोरोना कालखंड में हमारे प्रधानमंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सेवा ही संगठन का नारा दिया था। फ्री में टेस्ट, फ्री में उपचार और फ्री में वैक्सीन के साथ ही 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन दिया देने का कार्य मोदी जी के कार्यकाल में किया गया। वहीं दूसरी तरफ यही राशन सपा और कांग्रेस के समय में सत्ता के दलाल खा जाते थे।

### कांग्रेस गोकशी को बढ़ावा देने की बात कर रही

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग देश के विभाजन की नींव पैदा करने वाले लोग हैं। कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के हिसाब से खानपान की स्वतंत्रता देंगे। क्या अल्पसंख्यकों और बहुसंख्यकों के खाने में कोई अंतर है, लेकिन एक जगह पर दोनों की राह अलग अलग है। जब कोई मुस्लिम गोमांस खाना चाहता है तो हिन्दू विरोध करता है। कांग्रेस गोकशी को बढ़ावा देने की बात कर रही है। क्या आप इस पाप में भागीदार बनेंगे। योगी ने कहा कि मोदी जी को ताकत कमल के फूल पर बटन दबाने से मिलती है। उनकी ताकत का श्रेय आपको जाता है। जिसने भी कमल पर वोट दिया है वो बोलने का अधिकारी है कि राम मंदिर हमने बनाया है। एक तरफ मोदी जी पुण्य दिला रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस को मिलने वाला वोट गोकशी का पाप चढ़ाएगा।

### कांग्रेस का मेनिफेस्टो बहुत खतरनाक है

योगी ने कहा कि कांग्रेस का मेनिफेस्टो बहुत खतरनाक है। ये झूठ बोल रहे हैं, अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने 118 मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दे दिया था, जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। ये इंडी गठबंधन वाले लोग एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं, इसलिए इनसे सावधान रहना है। ये कहते हैं कि आएंगे तो पर्सनल लॉ यानी तालिबानी शासन लागू करेंगे। तब बेटी स्कूल नहीं जा पाएगी, महिलाओं को बुर्के में रखेंगे। तीन तलाक को फिर से लागू करेंगे।

### आतंकवाद और नक्सलवाद नेस्तनाबूद हुआ है

सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में देश का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है, हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद नेस्तनाबूद हुआ है। अब तो जोर से पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। उसे पता है कि भारत को छेड़ना नहीं है, क्योंकि किसी ने छेड़ा तो भारत छोड़ेगा नहीं। मगर इंडी गठबंधन वाले कह रहे हैं कि पाकिस्तान को छेड़ो मत, ऐसे लोगों को भारत पर बोझ बनने की जगह पाकिस्तान जाकर भीख मांगना चाहिए।

### पहले यहां कार भी ट्रॉली की रफ्तार से चलती थी

सीएम योगी ने बताया कि जब हमने इंनसेफलाइटिस के खिलाफ अंतिम प्रहार किया था, तब जेपी नड्डा स्वास्थ्य देश के स्वास्थ्य मंत्री थे और उन्होंने कहा था कि जितना धन चाहिए उतना लीजिए। कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज कभी एक कल्पना थी। आज ये मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होने जा रहा है। यहां एयरपोर्ट भी बन गया है। यहां महात्मा बुद्ध के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण होने जा रहा है। पहले जब यहां आता था तो पता ही नहीं चलता था कि सड़क है या गड्ढा। पहले यहां कार भी ट्रॉली की रफ्तार से चलती थी, आज बुलेट ट्रेन की तरह गाड़ियां चलती हैं।

### बाढ़ से बचाव की पुख्ता व्यवस्था हुई है

सीएम ने कहा कि देश में विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, रेलवे, उच्च शिक्षण संस्थान बन रहे हैं। इस क्षेत्र में बाढ़ से बचाव की पुख्ता व्यवस्था हुई है। मोदी जी ने यहां अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र का निर्माण कराया है। कोरोना कालखंड न आया होता तो कुशीनगर थाईलैंड और सिंगापुर की तरह चमकता दिखता। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में एक ही नारा है, फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। सपा और कांग्रेस के लोग पूछते हैं कि 400 पार कैसे तो जनता की ओर से आवाज आती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

### चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच आ गया है

सीएम ने कहा कि 500 साल का इंतजार मोदी जी ने खत्म करा दिया है और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है। मगर कांग्रेस और सपा के लोग कहते हैं कि राम का मंदिर बेकार बना है, राम हुए ही नहीं। इसीलिए कहता हूं कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच आ गया है। रामभक्त ही देशभक्त हैं। कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म हो चुका है। कश्मीर भारत का हिस्सा है, कुशीनगर का व्यक्ति भी अब कश्मीर में जमीन खरीद सकता है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जमीन में गाड़ दिये गये हैं माफिया गुर्गे जेल की हवा खा रहे: जेपी नड्डा

## बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कुशीनगर में जनसभा को किया संबोधित

- जनता ने लिया है देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प: नड्डा
- कहा, अमेरिका, यूरोप तक तय नहीं कर सका कोरोना से लड़ा कैसे जाए, मोदी सरकार ने तब कड़ा फैसला लिया
- यूपी को अग्रणी राज्य बनाने में दिन-रात जुटे हैं योगी आदित्यनाथ: जेपी नड्डा



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को साखोपार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कुशीनगर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने के लिए बीजेपी पूरी ताकत से मैदान में है। कहा कि कभी यही उत्तर प्रदेश माफिया सरगनाओं के आतंक से परेशान था, दिन दहाड़े हत्याएं होती थीं, व्यापारी और बेटी असुरक्षित थे। आज यही यूपी है जहां प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में माफिया सरगनाओं को जमीन में गाड़ दिया गया है और उनके सहयोगी जेलों में हैं। आज व्यापारी अपना व्यापार कर रहे हैं और बेटियां अपने भविष्य को संवार रही हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ यूपी को अग्रणी राज्य बनाने में दिन रात जुटे हैं।

### आज भारत दुनिया में दूसरे नंबर का दवा एक्सपोर्टर

नड्डा ने कहा कि कोरोना काल में अमेरिका, यूरोप, जापान आदि दुनिया के बड़े बड़े देश भी यह तय नहीं कर पाए कि इससे कैसे निपटा जाए, अर्थव्यवस्था बचाई जाए या जीवन, मगर प्रधानमंत्री मोदी ने कड़ा फैसला लिया और जान है तो जहान है मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि इन्सेफलाइटिस की वैक्सिन भारत आने में 100 साल लग गये, जबकि कोरोना काल में मात्र 9 महीने में एक नहीं बल्कि दो-दो वैक्सीन भारत को दी गइ। 220 करोड़ डोज और बाद में बूस्टर देकर जनता की जान बचाई गई। आज भारत दुनिया में दूसरे नंबर का दवा एक्सपोर्टर हो चुका है। ऑटोमोबाइल में भारत जापान को पछाड़कर दुनिया में तीसरे नंबर का देश बन गया है। इस्पात के मामले में भारत दूसरे नंबर का देश बन चुका है। बदलता भारत आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। आज भारत की अति गरीबी 1 प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है। ये नीति आयोग और इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड कह रहा है।

### इंडी गठबंधन वाले या तो जेल में हैं या बेल पर

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से आपका बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। कहा कि 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। 11 करोड़ परिवारों को हर घर नल योजना का लाभ दिया जा रहा है। नेशनल हाईवे 10 साल में 55 हजार किलोमीटर बन चुका है। योगी जी का प्रयास और मोदी जी का आशीर्वाद है कि गोरखपुर में एम्स आ गया है। उन्होंने कहा कि आपका वोट सही जगह पड़ता है तो विकास होता है, गलत जगह पड़ता है तो बहन बेटियों की इज्जत पर खतरा बढ़ता है। कांग्रेस ने भारत की जनता को अनपढ़ बताया था, मोदी जी ने देश के सामर्थ्य को पहचाना और आज सब्जीवाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है। हमें 10 साल पहले का भारत और आज के भारत और 7 साल पहले का यूपी और आज के यूपी का अंतर समझना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक घोटाला किया। लालू, अखिलेश, ममता बनर्जी, डीएमके सबने घोटाला किया। ये सारे भ्रष्टाचारी एक हो गये हैं। राहुल, सोनिया, लालू, चिदंबरम, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल, आजम खां, के कविता या तो बेल पर हैं या जेल में हैं। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर भारत में जारी भयंकर गर्मी के बीच पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान परेशान बढ़ाने वाला है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाला क्षेत्र बन रहा है। इसे लेकर मौसम विभाग ने 25-26 मई को चक्रवाती तूफान का अलर्ट जारी कर दिया है। चक्रवात प्रभाव से पश्चिम बंगाल और आस-पास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। मानसून की शुरुआत होने से पहले बंगाल की खाड़ी में आने वाला यह पहला प्री-मानसून चक्रवाती तूफान है। खास बात यह है कि हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामकरण की प्रणाली के अनुसार, इसका नाम रेमल रखा गया है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में तेज चक्रवात की स्थिति बन रही है। दक्षिण-पश्चिम में जो कम दबाव बना हुआ था वह अब और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। 23 मई 2024 को पश्चिम-मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव बना हुआ है।

## पुणे कार हादसे में सभी छह आरोपी 7 जून तक न्यायिक हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे**

पुणे की एक विशेष अदालत ने कार दुर्घटना मामले में छह आरोपियों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हिरासत में भेजे गए लोगों में आरोपी नाबालिग के पिता भी हैं। पुणे पुलिस ने इस मामले की एफआईआर में आरोपी के पिता, बार के मालिक और मैनेजर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और महाराष्ट्र प्रतिबंधित कानून की धारा 65 (ई) और 18 को भी जोड़ दिया है। इस मामले में पुलिस जांच पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि नाबालिग आरोपी के खिलाफ खून की रिपोर्ट के अलावा और भी कई सबूत हैं। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक की जांच में ये बात भी निकलकर सामने आ रही है कि आरोपी के पिता ने इस दुर्घटना के बाद अपने बेटे की जगह ड्राइवर बदलने की कोशिश की थी।

### हमारे पास सीसीटीवी फुटेज

पुणे सीपी अमितेश कुमार ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, हमारे पास सीसीटीवी फुटेज हैं, जिसमें नाबालिग शराब पीता हुआ दिख रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले में हमारे पास सिर्फ रक्त रिपोर्ट ही नहीं बल्कि और भी कई सबूत हैं। नाबालिग अपने होश में था। ऐसा नहीं था कि वह लोग इतने नशे में थे कि उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था। उन्हें इस बात की पूरी जानकारी थी कि उनके आचरण के कारण धारा 304 कैब जैसी घटना हो सकती है। थाने में पिज्जा पार्टी के मामले में कोई सबूत नहीं है।

### ड्राइवर के बयान की हो रही जांच

कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह सच है कि शुरुआत में ड्राइवर ने कहा था कि वह कार चला रहा है। हम जांच कर रहे हैं कि ड्राइवर ने यह बयान किसके दबाव में दिया था। उस दौरान ड्राइवर बदलने का प्रयास भी किया गया। हम इसकी भी जांच कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन खबरों का भी खंडन किया जिसके तहत कहा जा रहा है कि कार को ड्राइवर चला रहा था।

# दाल-रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ... पर कैसे?

## 15 दिनों में दाल की कीमतों में 30 प्रति किलो की वृद्धि हुई है

- दाल और आटा जब जब महंगा होता है तो इसका सीधा असर आम आदमी के पेट और परिवार पर दिखाई देता है
- फुटकर बाजार में अरहर दाल की कीमतें 180 प्रति किलो तक हो गई
- फिलहाल कीमतों में नवंबर तक कोई कमी होने की आशा नहीं है



**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** दाल-रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ...। सादगी भरा जीवन जीने की सीख देने वाले इन दिनों खामोश हो गए हैं। सोना-चांदी की कीमत आसमान छूने से भले ही आम आदमी को बहुत फर्क न पड़ता हो, दाल और आटा जब-जब महंगा होता है तो इसका सीधा असर आम आदमी के पेट और परिवार पर दिखाई देता है। इन दिनों दाल और आटा दोनों की कीमत बढ़ती जा रही हैं। आम आदमी के लिए घर पर दाल-रोटी खाना भी अब महंगा हो गया है, क्योंकि 15 दिनों में दाल की कीमतों में 30 प्रति किलो की वृद्धि होने के बाद, फुटकर बाजार में अरहर दाल की कीमतें 180 प्रति किलो हो गई हैं, जो कि 15 दिन पहले 150 प्रति किलो के भाव में बिक रही थी। लखनऊ दाल एंड राइस मिल्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में सबसे अधिक अरहर की पैदावार होती है, लेकिन इन राज्यों में भी फसल कमजोर हुई है। सरकार विदेशों से आयात कर रही है, लेकिन वहां से भी महंगी अरहर आ रही है, इसलिए कीमतें बढ़ी हुई हैं। अरहर दाल थोक बाजार में 162 प्रति किलो के भाव से बिकी। गुप्ता का कहना है कि फिलहाल कीमतों में नवंबर तक कोई कमी होने की आशा नहीं है। दिसंबर में नई फसल आने के बाद ही कीमतों में कमी होगी। वहीं, चना दाल की कीमतों में 5 प्रति किलो की वृद्धि हुई है।

### थोक बाजार में दाल की कीमतें

- सूरज मखी ब्रांड: 162 प्रति किलो
- पखराज ब्रांड: 166 प्रति किलो
- डायमंड ब्रांड: 135 प्रति किलो
- माधुरी ब्रांड: 131 प्रति किलो

### आटा भी 32 से 35 रुपए किलो बिक रहा

महंगाई डाल तक सीमित तो ऐसा भी नहीं है। गेहूं के आटे की कीमत भी बढ़ती जा रही है। घर के आसपास किराना दुकानों पर खुले में आटा 32 से 35 प्रति किलो तक मिल रहा है। आटा दाल की बड़ी कीमत से लोग चिंतित हैं। उनका तर्क है कि जब चुनाव के बीच में इस कदर महंगाई बढ़ रही है, तो चुनाव बाद क्या होगा।

**रिपोर्ट** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर, कौशांबी, प्रतापगढ़ सहित प्रयागराज सीट जीतना जरूरी: राजा भैया

# छठे-सातवें चरण में भाजपा को होगा भारी नुकसान: राजा भैया

## प्रयागराज में प्रेसवार्ता के दौरान राजा भैया का नाम रटते दिखे थे उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य

**जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय**

**प्रतापगढ़/लखनऊ।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान आज है। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार वृहस्पतिवार की शाम ही थम गया था। वहीं चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान बोले कि भाजपा राजा भैया के दम पर चुनाव नहीं लड़ रही है बल्कि अपने संगठन और अपनी नीतियों के बल पर चुनाव जीतेगी। उक्त मामले पर जन एक्सप्रेस से सीधी बातचीत में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने एक बयान देकर सबको चौंका दिया है। राजा भैया ने कहा कि केशव प्रसाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री हैं वो बात अलग है कि वे विधानसभा का चुनाव नहीं जीत पाए, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में फिर से उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है इसलिए हो सकता है कि कौशांबी से अपना पोलिंग बूथ जीत रहे हों।

- राजा भैया के भरोसे नहीं भाजपा अपनी नीतियों पर लड़ रही चुनाव: केशव प्रसाद मौर्य
- कौशांबी लोकसभा में उप मुख्यमंत्री को अपना बूथ जीतना चाहिए: राजा भैया



### उप मुख्यमंत्री रहते हारे चुनाव तो कोटे से बनाए गए उप मुख्यमंत्री- राजा भैया

जन एक्सप्रेस से हुई बातचीत में राजा भैया ने कहा कि जब उप मुख्यमंत्री रहते हुए केशव प्रसाद मौर्य विधान सभा चुनाव नहीं जीत पाए तो लोकसभा का सपना इनके लिए बिल्कुल कोरी बात है। केशव प्रसाद बड़े नेता हैं इन्हें देश के महत्वपूर्ण चुनाव में बेतुके बयान से बचते हुए अपनी प्रतिष्ठा बचाने की चिंता करनी चाहिए। केशव प्रसाद की नीतियों और विकास कार्यों को देखकर इनके ही विधानसभा क्षेत्र की जनता पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव में अपना जवाब देते हुए इन्हें नकार चुकी है। उप मुख्यमंत्री रहते हुए विधानसभा का चुनाव भी न जीत पाना और जनता के बीच में बेतुकी बातें करना इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि इस बार केशव प्रसाद को फिर झटका लगने वाला है।

### केशव प्रसाद का अपनी ही विधानसभा क्षेत्र में हुआ था बायकॉट, विधान परिषद के रास्ते बने डिप्टी सीएम

बताते चलें कि पूर्व के चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य का उनकी ही विधानसभा में जनता ने बायकॉट किया था जिसके बाद नाराज केशव चुनाव भी हार गए थे। उप मुख्यमंत्री का पद भी विधान परिषद सदस्य बनाकर दिया गया। फिलहाल यह नई बात नहीं कि जनता के नकारने के बाद भी सत्ता का रास्ता विधान परिषद से भी होकर गुजरता है, जिसका लाभ लेने वाले केशव प्रसाद मौर्य पहले नेता नहीं हैं।

### जनसत्ता दल के समर्थकों ने इंडिया गठबंधन का किया है समर्थन

बताते चलें कि पूर्व में हुए राज्यसभा चुनाव में जनसत्ता दल ने बिना शर्त भाजपा को अपना समर्थन दिया था लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा और सपा के स्थानीय प्रत्याशियों से जनसत्ता दल प्रमुख राजा भैया ने मुलाकात के बाद किसी भी दल को समर्थन न देने की सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी। जिसके विरोध में कुछ भाजपा नेताओं, उनके सहयोगी दलों के नेताओं और स्थानीय प्रत्याशियों की राजा भैया पर गलत बयानबाजी से भड़के जनसत्ता दल के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन का समर्थन करने का मन बनाया और कौशांबी लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी का समर्थन कर सपा के पक्ष में वोट भी मांगे और कहते नज़र आये कि राजा भैया के अपमान का बदला हमने पांचवे चरण से ही लेना शुरू कर दिया है और अब आगे के छठे और सातवें चरण में हम अपनी ताकत का अहसास भाजपा और उनके सहयोगियों को कराकर रहेंगे।

### राजा भैया के दखल से कई सीटें हो रही हैं प्रभावित

राजनीति के माहिर लोगों का ऐसा मानना है कि राजा भैया का सीधा हस्तक्षेप भाजपा का यूपी में गणित बिगाड़ने के लिए पर्याप्त है। वहीं कौशांबी, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, फूलपुर, फतेहपुर, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, बस्ती आदि सीटों पर भाजपा नेताओं की गलत बयानबाजी से राजा भैया की नाराजगी का खामियाजा भाजपा व उसके सहयोगी दलों को भुगतना पड़ सकता है। फिलहाल राजा भैया के अघोषित समर्थन से ही इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में अच्छी मजबूती मिलती दिख रही है।

# डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए 236-चित्रकूट एवं 237-मानिकपुर विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने दोनों विधानसभाओं के लिए मतगणना टेबल, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, ऑब्जर्वर रूम, फोन फैक्स मशीन, एआरो टेबल, पीए सिस्टम, एजेंट एवं कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि जो मैप मतगणना का बनाया गया है, उसी के अनुसार दोनों विधानसभा के लिए बैरीकेडिंग, छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि मौजूद रहे।



# संरक्षण की बाट जोहती ललितपुर की अद्भुत बैलेंसिंग रॉक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बुंदेलखंड न केवल अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है वरन भू-विरासत में भी बुदेलखंड का कोई जोड़ नही है। हाल में हुए प्रयासों से चित्रकूट, बृहस्पति कुंड, टनटना पहाड़ जैसे स्थानों की बढ़ती प्रसिद्धि से पर्यटक इन भू-विरासत स्थलों को देखनें के लिए आकर्षित हो रहे हैं, किन्तु यह स्थल बुंदेलखंड की भू-विरासत के खजाने के कुछ मोती मात्र ही हैं। अभी भी बहुत सारे बहुमूल्य रत्न हैं जिनके महत्त्व के बारे में स्थानीय निवासियों तक को नहीं पता है। हडप्पा के उत्खनन के पूर्व वहां के निवासी उस स्थान के महत्व के बारें में अनजान थे। आज हम बुंदेलखंड के ललितपुर में स्थित बैलेन्सिंग रॉक अपने संरक्षण के लिए भागीरथ की राह देख रहा है। ललितपुर-झांसी राजमार्ग पर अमरपुर के निकट एक विशिष्ट भू-विरासत को डॉ. सतीश त्रिपाठी, पूर्व उपमहानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने वर्ष 2023 में एक क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान बैलेंसिंग रॉक के रूप में चिह्नित किया था। उन्होंने बताया कि बैलेंसिंग रॉक एक प्राकृतिक रूप से बनने वाली भूवैज्ञानिक संरचना है जिसमें एक बडी चट्टान या बोल्डर होता है, जो अन्य चट्टानों की आधारशिला पर प्राकृतिक रूप से टिका होता है। सामान्यतया पूरी दुनिया में यह आकृतियाँ अंडाकार, गोलीय रूप में पायी जाती हैं, किन्तु ललितपुर की बैलैंसिंग रॉक अपने क्रिस्टल स्वरुप के कारण अतिविशिष्ट है। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया में इस स्वरुप की बैलैंसिंग रॉक गिनी चुनी ही होंगी। यह भी हो सकता है कि यह ऐसी एकमात्र बैलैंसिंग रॉक हो। भूपर्यटन स्थल के रूप में इस स्थान के महत्त्व पर विशेषज्ञ डी.एस.एन. कॉलिज उन्नाव के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल साहू ने बताया कि यदि इस स्थान का संरक्षण किया जाये और देवगढ़ की रॉक-कट ऐतिहासिक स्थल को इसके साथ मिला कर एक जॉइंट पर्यटन कोरिडोर बनाया जाये तो यह एक विश्वस्तर का महत्वपूर्ण पर्यटन के आकर्षण का केन्द्र हो सकता है। जिससे इस क्षेत्र में न केवल रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच मिल सकता है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में पर्यटकों में भू-पर्यटन स्थलों को लेकर काफी रुचि है। इस तरह से ओरछा और खजुराहो आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए यह क्षेत्र एक महत्वपूर्ण केन्द्र बिंदु बन सकता है। इस स्थान के संरक्षण के साथ चित्रकूट जियोपार्क के विकास के लिए प्रयासरत सहयोगी एवं पर्यावरणविद डॉ. अश्वनी अवस्थी ने बताया कि इस स्थल का विकास बहुत ही सावधानी से किया जाना चाहिए। यह एक भू-विरासत स्थल है न कि एक टूरिस्ट स्पॉट। भू-पर्यटन, शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से यदि उत्तर प्रदेश सरकार और ललितपुर जिला प्रशासन ने इस स्थल का संरक्षण कर दिया। साथ ही देवगढ के ऐतिहासिक रॉक-कट स्थलों के साथ मिला कर एक कोरिडोर का विकास कर दिया तो यह क्षेत्र ओरछा-खजुराहो की भांति वैश्विक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित हो सकता है।



# 238 गांवों में जायद फसल का ई-पड़ताल काम राजस्व कर्मचारियों ने चलाया

जन एक्सप्रेस। कालपी

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देशन अनुरूप राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्राफ्ट सर्वे की पड़ताल का कार्य 238 ग्रामों में गतिशीलता से चलाया जा रहा है। बताया कि तहसीलदार अभिनव तिवारी के निर्देश पर क्राप्ट सर्वे का आनलाइन काम 30 मई तक पूरा कर लिया जायेगा।

कालपी तहसील में जायद फसल का ई-पड़ताल का कार्य नायब तहसीलदारों की मॉनिटरिंग के मुताबिक चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी करते हैं। सरवेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव गांव की खेतों की फसल का जिंसवार सर्वे किया गया है। नायब तहसीलदारों हरदीप सिंह तथा नीलमणि सिंह के द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। कानूनगो सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंप गई है। उन्होंने बताया कि खेतों की पकी जायद कि फसलों मूंग, मक्का आदि की पड़ताल कार्य कदौरा विकास खंड व महेवा विकास खंड के गांवों में चल रहा है। तहसीलदार ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के कार्यो को गतिशीलता से निपटाने के लिए बिभागीय कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि 31 मई तक डिजिटल ई क्रापट सर्वे का पूरा करने के निर्देश दिये। तहसीलदार ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के कार्यो को गतिशीलता से निपटाने के लिए बिभागीय कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि 31 मई तक डिजिटल ई क्रापट सर्वे का पूरा करने के निर्देश दिये।

# जंगल में नदी किनारे अधेड़ का रक्त रंजित शव मिलने से फैली सनसनी

## नदीगांव थाने के कुरचौली गांव का मामला, गांव के ही पिता पुत्रों पर दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। उरई

नदीगांव थाना क्षेत्र के कुरचौली में नदी किनारे जंगल में एक अधेड़ का रक्त रंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और साक्ष्य संकलित किए। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव के ही पिता पुत्र के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### धारदार हथियार से मारे जाने के सिर के पिछले हिस्से में मिले जखम

**कोंच।** मृतक प्रेमकुमार के सिर के पिछले हिस्से में जख्म मिलने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी भारी और धारदार हथियार से उसके सिर पर प्रहार किया गया हो सकता है।

### शव से कुछ दूर मिले मोबाइल का डाटा

**कोंच।** जिस जगह प्रेमकिशोर का शव मिला उससे कुछ ही दूरी पर उसका मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन का डाटा (कॉल डिटेल्स आदि) डिलीट किया गया है।

नदीगांव के ग्राम कुरचौली निवासी प्रेमकुमार उर्फ भटा 40 वर्ष पुत्र जुगल किशोर शर्मा रोज की तरह गुरुवार को अपनी बकरियां चराने समीप ही बहने वाली मृगया नदी के किनारे जंगल में गया हुआ था। देर शाम बकरियां तो घर आ गईं लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। घर न लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन में लग गए। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे जंगल में प्रेमकुमार का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ देख इलाके में सनसनी फैल गई, और घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद सीओ जालौन राम सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। वहीं बताया गया है कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था, जबकि उसकी शादी नहीं हुई थी, और वह घर पर रहकर खेतीबाड़ी करता था। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई रामकुमार द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव के ही मंशाराम उर्फ भगे और उसके पुत्र छोटू व मुन्नालाल के खिलाफ हत्या के के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है और आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल घटना का अभी कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। इस पूरे मामले को लेकर सीओ जालौन रामसिंह का कहना है कि प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना नदीगांव में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सदर तहसील के धौरहीमाफी गांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को कानूनी जानकारियां दी गयी।

शिविर में पैरालीगल वालेंटियर ममता वर्मा ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल के निर्देश पर इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, एससी-एसटी एक्ट, शिक्षा अधिकार, हाईजीन और स्वच्छता के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही विधिक साहित्य का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष कुमार, प्रधान देवीदीन, कम्प्यूटर सहायक उर्मिला आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि आयोजन की सफलता के लिए मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा न्यायाधीकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव द्वारा आगामी 4, 12, 18, 26, 29 जून व 3 जुलाई को छह प्री ट्रायल बैठक की तिथियां निर्धारित की गयी है। जिनमें सम्बन्धित पक्षकारों, अधिवक्ताओं, बीमा कम्पनि के अधिकारियों को न्यायाधिकरण के समक्ष प्रीट्रायल बैठक में सुलह समझौते के लिए बुलाया गया है।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट


पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में थाना भरतकूप पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 14 किलों 10 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण सिंह एवं उप निरीक्षक यूटी उत्कर्ष कुमार सिंह, आरक्षी संदीप लोधी द्वारा जानकी प्रसाद तिवारी निवासी पथरा थाना नया गांव जनपद सतना मध्य प्रदेश को 12 किलो 950 ग्राम अवैध गांजा तथा उप निरीक्षक अजहर जमाल एवं हमराही द्वारा अमोल यादव निवासी कस्बा भरतकूप को 1 किलों 60 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भरतकूप में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।



### मतदान कर्मी भुगतान के लिए जमा कराएं अभिलेख

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नोडल अधिकारी व्यय रमेश सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान कार्मिकों के पारिश्रमिक का भुगतान ऑनलाइन जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये खातों में क्रमशः प्रथम प्रशिक्षण 24 अप्रैल, द्वितीय प्रशिक्षण 20 मई एवं वास्तविक मतदान ड्यूटी पर तैनात मतदान कार्मिकों एवं आरक्षित ड्यूटी पर तैनात मतदान कार्मिकों को पारिश्रमिक एवं हल्के नाश्ते की धनराशि 20 मई को प्रेषित की गयी है।

# ग्रह कलह से तंग युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



जन एक्सप्रेस। कालपी

घरेलू कलह से तंग युवक ने पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के दिए भेज दिया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौक रेलवे लाइन के किनारे पेड़ पर युवक का शव फांसी पर लटका देखा तो लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की छानबीन में मृतक का नाम सुनील कुमार 35 वर्ष पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम कठपुरवा थाना कदौरा का रहने वाला बताया गया है। पहचान होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि मृतक की पत्नी अपने मायके से न आने के कारण वह मानसिक रूप से ग्रसत था। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# 28 को होगा दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की प्रतिज्ञा सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है। साथ ही इन समस्याओं को लेकर आगामी 28 मई को संयुक्त प्रतिज्ञा सभा आयोजित किए जाने का निर्णय लिया है। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति और महासचिव मो अनश अंसारी ने बताया कि संघ की प्रान्तीय संयुक्त बैठक लखनऊ में प्रान्तीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में हुई है। जिसमें प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ जनपद न्यायालय के कर्मचारियों की विगत कई वर्षों से लम्बित समस्याओं पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालय में कार्यरत स्वीपर का मासिक वेतन 6 हजार रूपए प्रतिमाह की न्यूनतम मजदूरी के समान न करने जनपद न्यायालय कार्मियों का अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण वर्षों तक लम्बित रखने, संविदा कर्मियों का वेतन न बढ़ाए जाने और नियमितिकरण न किए जाने, शेट्टी कमीशन की संस्तुतियों के विपरीत न्यायिक कर्मियों के पद और वेतनमान स्वीकृत न होने के मामले में चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि न्यायिक कर्मियों को वर्ष 2013 में वर्दी पहनने का आदेश न्याय अनुभाग से हुआ, किन्तु आज तक धनराशि का निर्धारण नहीं किया गया। इसके अलावा विभागीय नियमावली में संविदा पद न होने के बावजूद एफटीसी न्यायालय में संविदा के पद सृजित किए जाने की समस्याओं के निराकरण के लिए अब संगठन ने चरणबद्ध आन्दोलन किए जाने के निर्देश दिए हैं। इन समस्याओं को लेकर आगे विचार विमर्श के लिए आगामी 28 मई को प्रत्येक जिला शाखा में सभी संघों की संयुक्त प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रतिज्ञा पत्र पर सदस्यों के हस्ताक्षर के बाद प्रतिलिपि प्रान्तीय संघ को भी भेजी जाएगी।




### बाईपास होकर कानपुर से आएंगी-जाएंगी रोडवेज बसें, धूमनगंज में दोपहर बाद से डायवर्जन

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** मतदान के बाद शनिवार को शाम छह बजे से मुंडेरा मंडी समिति धूमनगंज में ईवीएम जमा कराई जाएंगी। इसे देखते हुए मंडी समिति के पास समस्त प्रकार के रोडवेज बस/इलेक्ट्रॉनिक बस/सिटी बस एवं भारी वाहन/पासधारक वाहन/ हल्के वाहन/समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन इत्यादि का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। मतदान के बाद मुंडेरा मंडी में ईवीएम जमा कराए जाने के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए धूमनगंज में दोपहर बाद डायवर्जन लागू किया गया है। इसके तहत कानपुर से आने और जाने वाले वाहन कोखराज बाईपास होकर आवागमन करेंगे। इनमें रोडवेज बसें भी शामिल हैं। मतदान के बाद शनिवार को शाम छह बजे से मुंडेरा मंडी समिति धूमनगंज में ईवीएम जमा कराई जाएंगी।

# पुलिस टीम ने परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम महिला थाना की पुलिस टीम टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदिका अभिलाषा पत्नी सुशील निवासी शंकरगंज द्वारा पति सुशील पुत्र प्रीतम सोनकर निवासी शंकरगंज के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज के सम्बन्ध में महिला थाना में प्रार्थना पत्र दिया गया। थानाध्यक्ष महिला थाना सविता सरोज तथा महिला आरक्षी शिवानी सिंह, जूली देवी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाना बुलाया गया। साथ ही दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

### ट्रेन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत


**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में रिनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांति नगर निवासी लल्लू राम 50 वर्ष पुत्र आनंदी अहिरवार राजमिस्त्री था। गुरुवार की देर शाम अज्ञात कारणों के चलते रिनिया रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। रेलवे लाइन पर शव को देखकर वहां अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद घटना की खबर उसके परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक पिछले 6-7 सालों से लकवा की बीमारी से ग्रसत था। माना जा रहा है कि इसी बीमारी के चलते उसने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नलकूप में खराबी व जलस्तर गिरने से पानी की आपूर्ति प्रभावित

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के 25 वार्डों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल संस्थान के अलग-अलग स्थानों में 15 नलकूप स्थापित हैं। आये दिन कोई ना कोई नलकूप में स्मरसेबिल की मोटर फूंकने, खराब होने के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। 23 मई को नलकूप नंबर 10 मोहल्ला महमूदपुर का समरसेबल मोटर फुक जाने से इंदिरानगर, गणेशगंज, मनीगंज, महमूदपुरा की सप्लाई व्यवस्था ठप्प हो गई। जबकि शुक्रवार को नलकूप नंबर 8 मोहल्ला रामचबूतरा रामबाग में ट्रांसफार्मर के पास पाइपलाइन टूट जाने से आपूर्ति व्यवस्था चरमा गई। वही भीषण गर्मी में जलापूर्ति नहीं होने के कारण सबसे अधिक समस्या महिलाओं व बच्चों को उठानी पड़ी। पानी ना आने के कारण लोगों को हैडपम्प में लाइन लगाकर पानी भरना पड़ा। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि कमियों को सुधारने के लिए मौके पर भेजा गया है।

# दिव्यांग जनों के विवाह के लिए 26 मई को होगा परिचय सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




जिले की सामाजिक संस्था दृष्टि में शुक्रवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांगों के सामाजिक पुनर्वास के लिए अपनी स्थापना काल से ही प्रयास किए जा रहे है। जिसके अर्न्तगत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर खासतौर पर सरकारी नौकरी पेशा वाले दृष्टिबाधित दिव्यांग युवा, युवतियों के घर बसाने के लिए उनके विवाह के लिए प्रयास किया जाता है। इसके लिए एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन होता है। जिसमें देशभर से विवाह योग्य दृष्टिबाधित युवा, युवतियां अपने अभिभावको सहित सम्मिलित होते है, उनके बीच संस्था की मध्यस्थता से बातचीत होती है। जिसमें संस्था द्वारा उचित व्यक्तियों को आपस में मिलाने की पहल की जाती है। उन्होंने बताया कि बहुत से परिजन अपने दृष्टिबाधित बेटे, बेटियों जो कि पढ लिखकर आर्थिक दृष्टि से परिवार के भरण-पोषण योग्य आय भी कमा रहे है, के लिए वर-वधु की तलाश नही कर पाते जबकि कुछ तलाशते नही है। संस्था उनकी सहायता करती है एवं सभी का उचित मार्गदर्शन कर विवाह के लिए प्रेरित करने का काम करती है। अभी तक 100 से अधिक जोडो के विवाह संस्था के माध्यम से हो चुके है। इस वर्ष आगामी 26 मई को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार एवं छत्तीसगढ से सैकडो विवाह योग्य युवा-युवतियां सम्मिलित होने के लिए आ रहे है। उन्होंने कहा कि समाज में दूसरी तरह के दिव्यांग युवा-युवतियों एवं सामान्य जनों को भी दृष्टिबाधित दिव्यांगों के साथ विवाह के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सभी के लिए दरवाजे खुले है। साथ ही किसी भी धर्म जाति के युवा-युवतियां यहां अपने लिए जीवन साथी की खोज कर सकते है। उन्होंने कहा कि 26 मई को जिन लोगों के बीच विवाह तय हो जाएगे उनके विवाह संस्था द्वारा आगामी 3 जुलाई को आयोजित विवाह सम्मेलन के माध्यम से सम्पन्न कराएं जाएगें। सम्मेलन से पूर्व प्रतिभागी को अपना पंजीकरण कराना होता जो कि 26 मई की सुबह भी कराया जा सकता है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.6 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.4 (+2.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 68 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 43 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 11.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक



मृतक तीनों छोटे बच्चे



शिवराजपुर में डूबने वाले दोनों लड़कों की फाइल फोटो

# कानपुर स्मार्ट सिटी की गंगा नदी में तीन मासूम समेत आठ डूबे, मौत से कोहराम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

**बिल्हौर।** शहर में शुक्रवार को थाना अरौल और थाना शिवराजपुर और थाना कोतवाली क्षेत्र के गंगा तट पर नहाने गए तीन मासूमों समेत आठ की डूब कर मौत होने की ख़बर ने शहर वासियों के दिल दहला दिए। जिन बच्चों की मौत की खबर सुनकर शहर वासियों के दिल हिल गए तो सोचिए जिन घरों के बच्चे थे उन घरों के माता-पिता और अन्य परिजनों का क्या हाल हुआ होगा। लेकिन सच्चाई तो यही है की आठ के डूब के मर जाने के बाद अब इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन अपने पीछे वह बहुत से सवाल छोड़ गए हैं की कानपुर नगर स्मार्ट सिटी है लेकिन गंगा के तटों पर नहाने आए श्रद्धालुओं और उनके परिजनों को बचाने के लिए आज तक कोई भी ठोस व्यापक प्रबंध नहीं किए गए जिस कारण मौतें होने का सिलसिला आरंभ है। पहली घटना में बिल्हौर तहसील के अरौल थाना क्षेत्र के आंकिन गांव स्थित गंगा तट पर शुक्रवार को स्नान करने के लिए पहुंचे चार चचेरे भाई-बहनों में तीन की डूबने से मौत हो गई। चौथी बहन के चीखने पर कुछ दूरी पर क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने तीनों को तलाश कर बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार अरौल थाना क्षेत्र के आंकिन गांव निवासी फूलचंद की 5 वर्षीय बेटी एकता और उनके भाई हरि प्रसाद की 12 वर्षीय बेटी प्रिया 14 वर्षीय बेटी कोमल और 7 वर्षीय बेटा ज्ञान घर से गंगा स्नान करने के लिए गांव किनारे स्थित गंगा तट पर गए थे। गंगा में स्नान करते समय गहराई में जाने से एकता व ज्ञान डूबने लगे और उन्हें बचाने के प्रयास में प्रिया भी उनके साथ डूबने लगी। तीनों को डूबता देख कोमल चीखती चिल्लाती हुई घर की तरफ भागी, तभी गंगा तट से कुछ दूरी पर क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने कोमल से उससे चीखने का कारण पूछा और जानकारी होने पर सभी बच्चे दौड़कर गंगा तट पर पहुंच गए। सभी लड़कों ने कुछ ही देर में तीनों को तलाश कर गंगा नदी से बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो चुकी थी। इसी बीच जानकारी पाकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तीनों मासूमों के शव देखकर हर तरह चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के साथ ही तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।



### सपा नेत्री रचना सिंह पहुंचीं पीड़ितों से मिलने

सपा नेत्री रचना सिंह आजमगढ़ चुनाव से लौटकर सीधे आंकिन गांव पहुंची और पारिवारिक जनों से मिलकर उनको समझाया उन्होंने बताया कि प्रशासन की लापरवाही के चलते आए दिन घटनाएं घट रही हैं शुक्रवार आंकिन घाट गंगा में तीन बच्चे डूब कर मौत हो गई और शिवराजपुर के सरैया घाट दो युवक गंगा में डूब कर मौत हो गई। आंकिन घाट पर अभी तक पक्का घाट नहीं बनाया गया है ना ही यहां पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है आखिरकार प्रशासन घटनाओं पर घटनाएं होती चली जा रही हैं और वह हाथ-पर हाथ धरे बैठे है। उन्होंने जनता से अपील की है कि अपने बच्चों की सुरक्षा स्वयं करें उन पर ध्यान दें कि वह अगर गंगा तट पर जाएं तो बड़ों को साथ लेकर जाएं बच्चे आपस में इतनी समझदारी नहीं होती है कि हमें आगे नहीं पानी में घुसना नहीं चाहिए और एक को जाता देखकर दूसरा भी उसी में चला जाता है जिससे घटनाएं घट रही हैं उन्होंने बताया बिल्हौर विधानसभा में लगभग आधा सैकड़ा गंगा तट पर गांव बसे हुए हैं जहां पर सुरक्षा के नाम पर कोई भी सरकारी व्यवस्था नहीं है। सरकार से अनुरोध है कि मृतक सभी पांचो बच्चों के परिजनों को 10-10 लाख सहायता प्रदान की जाए।



### अब जिम्मेदार पीट रहे लकीर

जैसा हमेशा होता है की घटना के बाद अधिकारी जागते हैं वैसा ही हुआ। एसीपी अजय त्रिवेदी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करने के उपरांत राहुल थाने में मौजूद पीड़ित परिवरीजन व क्षेत्र के सम्मानित प्रधान करण सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सचिन गुप्ता आदि से सहयोग की अपील की जिससे यह घटनाएं रोकी जा सके। थाने में बैठकर उन्होंने अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल सहित गंगा तट के सभी थाना क्षेत्र के प्रधानों के साथ में थानाध्यक्ष मीटिंग कर और गंगा तट के गांव में भ्रमण कर हल्का इंचार्ज प्रधानों के साथ प्रतिदिन दोपहर में संपर्क कर जागरुक करते रहें और ऐसी घटनाओं को रोकना केवल पुलिस के बस की बात नहीं है जब तक ग्रामीण और अभिभावक बच्चों के प्रति सजग नहीं रहेगे और गर्मी के दिनों में उन पर नजर नहीं रखेंगे तो ऐसी घटनाओं को रोक पाना कठिन है।

### बाबा घाट पर तीन डूबे

देर रात्रि थाना कोतवाली क्षेत्र के बाबा घाट पर तीन की डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी। जन एक्सप्रेस में खबर लिखे जाने तक एक की लाश मिली थी दो लापता थे।

### शिवराजपुर में दो किशोर डूबे, मौत

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खेरेश्वर स्थित गंगा तट सरैया घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे तीन किशोरों में दो किशोर स्नान करते समय गहराई में जाने से डूब गए। जानकारी के बाद पुलिस की मौजूदगी में तलाश में जुटे गोताखोरों ने किशोर का शव तलाश कर नदी के बाहर निकाल लिया दूसरे की तलाश जारी है। शिवराजपुर थाना व कस्बे के वार्ड नंबर 5 निवासी तीनो मित्र आनंद अवस्थी का 16 वर्षीय पुत्र श्लोक अवस्थी, राघवेंद्र बाजपेई का 16 वर्षीय पुत्र दीप बाजपेई और आनन्द का पुत्र सक्षम शुक्रवार दोपहर गंगा स्नान करने के लिए क्षेत्र के खेरेश्वर स्थित गंगा तट पर पहुंचे थे। गंगा में स्नान करते समय गहराई में जाने तीनों साथी अचानक डूबने लगे। घटना देख गंगा तट पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रयास कर सक्षम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन और दोनों किशोरों को बचाने में सफल नहीं हो सके। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की मोजुदगी में स्थानीय गोताखोर और मछुआरों ने जाल डालकर दोनो किशोरों की तलाश शुरू की। गोताखोरों ने कुछ देर की मेहनत के बाद श्लोक अवस्थी का शव तलाश कर बाहर निकाल लिया। लेकिन कई घंटे की तलाश के बाद भी दीप का पता नहीं चल सका। गोताखोरों द्वारा लापता किशोर की तलाश लगातार की जा रही है। वहीं बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते गंगा तट पर भारी भीड़ जमा हो गई।

### परिवार में सभी का प्यारा इकलौता बेटा था ज्ञान

मिली जानकारी के अनुसार फूलचंद और हरिप्रसाद दोनों सगे भाई हैं। हरिप्रसाद की चार बेटियां ज्योति, छोटी, बिट्टा, कोमल प्रिया और फूलचंद की पांच बेटियां अंजलि सलोनी कांति एकता और काजल के बीच ज्ञान हरिप्रसाद का इकलौता बेटा था। जिसमें एकता प्रिया और ज्ञान की डूबने से मौत हो गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिठूर पुलिस ने ओवरलोड डंपर को पकड़ा



जन एक्सप्रेस/सनी राव मोघे/कानपुर नगर। वर्तमान समय में जहां प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को अपनाए हुए हैं वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की वजह से पूरे जिले में अवैध तरीके से ओवरलोड डंपर सड़कों पर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। समझ में यह नहीं आता कि इतने बड़े तादाद में ओवरलोड डंपर आखिर शहर में किसकी इजाजत से दौड़ रहे हैं। बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह , मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक, एसआई अरुण राठी एसएसआई प्रमोद कुमार , के द्वारा बिठूर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान सिंहपुर मंधना चौराहा, बिठूर चुंगी चौराहे पर चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए चार दिनों के भीतर 17 ओवर लोड डंपरों को पड़ा है। पकड़े गए ओवरलोड डंपर के खिलाफ 207 एमबी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### धर्मराज यादव बने किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बीते दिन शुक्रवार को कल्याणपुर ब्लॉक के लोधर गांव में किसान यूनियन( लोक शक्ति) की बैठक आहूत की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने लोधर निवासी धर्मराज यादव उर्फ सोनू को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए मनोनयन पत्र दिया ।इस बैठक में कानपुर मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र अवस्थी,मंडल महासचिव सुनीत कुमार मिश्रा,मंडल सचिव रानी पाल,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाल,गुलाब यादव,सचिन सविता आदि मौजूद रहे।

### जनता को बिजली कटौती से राहत दिलाने के लिए गहमरी ने खोला मोर्चा



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। समाजसेवी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने बताया कि आए दिन बिजली कटौती से त्रस्त काकादेव रावतपुर शास्त्री नगर विजयनगर देर रात दिन की कटौती से क्षेत्रीय जनता अपनी समस्या लेकर उनके शास्त्री नगर स्थित कार्यालय पर आई और बताया कि घरों में लोग बीमार चल रहे हैं हार्ट पेशेंट भी हैं बिजली न आने से बड़ी दिक्कतें हो रही हैं। श्री गहमरी ने तत्काल एमडी कार्यालय पहुंच एमडी के न मिलने पर एमडी को फोन मिलाया तो फोन एमडी के पी एस ओ आशुतोष शुक्ला ने उठाया जब उनको समस्या बताई तो ज्यादा लोड होने की समस्या सामने आई, केस्को एमडी की ओर से आश्वासन मिला है कि द 2 दिन में सुधार होगा ,गहमरी ने उन्हें कहा कि जनता की समस्या का निदान जल्द होना चाहिए। समस्या बताने वालों में प्रमुख रूप से छोटे लाल फैजुद्दीन प्रभात पाल अमन ठाकुर सरफराज भाई सद्दाम जाकिर अकबर राजेश मिश्रा अजीत गुलाब यादव राकेश झा रमेश अमित यादव रमाकांत मनोज दीपू आदि क्षेत्रीय जनता के लोग शामिल थे।

### रोहित तिवारी प्रधान सहायक के पद पर पद्दोन्नत, मिली बधाई



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश (एस.जी.एस.टी) में विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर शुक्रवार को 12 कर्मचारियों को प्रधान सहायक के पद पर कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के द्वारा पदोन्नति प्रदान की गयी, जिसमें कानपुर से ऋषि मिश्रा व मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के जोन अध्यक्ष रोहित तिवारी को प्रधान सहायक के पद पर पद्दोन्नत होने पर राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के जोन मंत्री उमेश कुमार जिलाध्यक्ष दीपक चंदेल, जिलामंत्री शोभित अग्रवाल, प्रभात त्रिपाठी, आनंद पाण्डेय, संजीव अवस्थी, रवि यादव, अनूप शुक्ला, अंकुर श्रीवास्तव, विशाल मिश्रा, सत्यवीर दीक्षित, तुषार श्रीवास्तव, अखिलेश वर्मा, आशा श्रीवास्तव , समता अग्रवाल, देव त्रिपाठी, संदीप सिंह, उपेंद्र कुमार, राजेश कुमार एवं अन्य सभी कर्मचारियों ने बधाई दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर में गुरुवार शाम एक 14 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। पिता ने देखा तो शव को फंदे से उतार कर इलाज के लिए के गए जहां डॉक्टरों द्वारा किशोर को मृत घोषित करने के बाद शव को घर ले आए। शव का पोस्टमार्टम न हो इसके लिए बिना पुलिस को सूचना दिए शुक्रवार सुबह शव दफनाने नजीराबाद स्थित नई जमीन ले गए जहां मेडिकल रिपोर्ट न होने के चलते शव को वापस कर दिया गया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर घर आ गए और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची रावतपुर पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने बताया कि वह टेलरिंग का काम करते हैं। बड़ा बेटा प्राइवेट जॉब करता है। उसकी एक बेटी है। गुरूवार शाम वह घर आए तो देखा कि बेटा अंगोछे से पंखे के कुंडे के सहारे फांसी पर लटक रहा है। शोर मचाकर दरवाजा खुलवाया और शव को नीचे उतारा। डॉक्टरों के पास ले जाने पर उन्होंने बेटे को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी की वर्षों पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक बेटा जलेश्वर मंदिर में रहकर मंदिर की सेवा का काम करता था। उसने किस वजह से फांसी लगाई इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

## क्राइम ब्रांच ने साइबर फ्रॉडों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बीती 25 अप्रैल को को पीड़िता श्रीमती आकांक्षा गुप्ता पत्नी प्रखर गुप्ता नि0 ई-ब्लॉक श्याम नगर थाना चकेरी को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से पार्ट टाइम टास्क पूरा करने तथा अच्छा लाभ दिलाने के झांसे में लेकर 36,06,200/- रुपये फ्रॉड करके विभिन्न खातों में रुपयों को ट्रांसफर करा लिये गये थे। पीड़िता की सूचना पर 28 अप्रैल को त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा थाना- साइबर क्राइम में दर्ज किया गया तथा घटना का सफल अनावरण करते हुए संदिग्ध खाता धारक अभियुक्त सुनील कुमार गुप्ता को तथा उक्त खाता का संचालन करने वाले अभि0 अजय पटेल को खाते में लिंक मोबाइल सिम व 04 अदद मोबाइल फोन व 07 सिम कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया है।

## संविदा सफाई कर्मचारियों को 230 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने पर बनी सहमति



जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** नगर निगम कर्मचारी संघ कानपुर के 14 सूत्रीय मांग पत्र पर नगर आयुक्त शिवशरप्पा जी एन की अध्यक्षता में संघ के प्रतिनिधि मंडल से शुक्रवार को नगर निगम सभागार में वार्ता हुई। वार्ता में संविदा सफाई कर्मचारियों को 230 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने पर सहमति बनी। संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि मांग पत्र में निलंबित कर्मचारियों के शीघ्र बहाली किये जाने, मृतक आश्रित के लंबित प्रकरण को लेकर 4 जून के बाद नियुक्ति पत्र जारी करने, सफाई कर्मचारियों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण 9ः00 बजे के बाद किए जाने, गर्मी को देखते हुए 10ः00 बजे तक उन्हें छुट्टी देने सहित कर्मचारियों का मेडिकल अवकाश के भुगतान व स्थाईकरण को तत्काल किए जाने जैसी कई मांगों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त द्वारा संघ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को 4 जून को आदर्श चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद संगठन की लंबित मांगों पर पुनः वार्ता करने के लिए आश्वस्त किया गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त आवेश खान, मुख्य वित्त लेखा अधिकारी कृपानंद शुक्ला, मुख्य नगर लेखा परीक्षक इसरार अंबिया, नगर स्वास्थ्य सरकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह, कार्मिक सीपी सिंह एवं संघ की ओर से देवीदीन भाऊ, रमाकांत मिश्रा, मुन्ना हजारिया आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री कर्मी की मौत के बाद हंगामा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना फजलगंज क्षेत्र की फैक्ट्री एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री के गेट पर, फैक्ट्री कर्मचारी का शव रख कर्मचारी के परिजनों ने हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग की तथा फैक्ट्री के मालिक व मैनेजर पर कर्मी से अस्वस्थ होने की अवस्था मे भी काम करवाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुँची पुलिस ने किसी प्रकार हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया। जानकारी के अनुसार फजलगंज स्थित आर एल केमिकल फैक्ट्री में ड्राइवर के पद पर बीते 30 वर्षों से कार्यरत कर्मचारी राम जीवन पाल की संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। कर्मी के मृत्यु की सूचना पर मृतक कर्मी के परिजन वा गांव वाले फैक्ट्री पहुच गए और कर्मी के शव को फैक्ट्री के गेट पर रख हंगामा करते हुए मुआवजे की मांग शुरू कर दी। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास शुरू किया। मृतक के भाई राम सिंह ने फैक्ट्री मालिक विवेक गुप्ता एवं मैनेजर उनके भाई के अस्वस्थ होने की अवस्था मे जबरन डरा धमकाकर काम कराने का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण उनकी मौत हो गई।।

## डीसीपी पूर्वी ने लिया घंटाघर का जायजा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर मे चारो ओर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है ।जिससे की जनता को जाम से छुटकारा दिलाया जा सके। डीसीपी पूर्वी, एसीपी कलक्टरगंज ने कई थानो के फोर्स के साथ कई क्षेत्र मे पैदल गस्त कर अतिक्रमण हटवाया और जो लोग हिदायत के बाद भी अतिक्रमण हटाने को तैयार नहीं थे उनका सामान थाने भिजवा दिया। घंटाघर, कलक्टरगंज, बादशाहीनाका, एक्सप्रेस रोड सड़को पर अतिक्रमण करके लोग दुकान सजाये बैठे रहते है जो की जाम का विशेष कारण है। लगातार आलाधिकारियो द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए कई बेहतर प्रयास किये जा रहे मगर अतिक्रमण मेंहनत पर पानी फेर देता जिसके बाद शहर के आलाधिकारी अब अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहे जिससे शहरवासियो को एक अच्छी ट्रैफिक व्यवस्था मिले।

## तीन शातिर ठग चोरों को नौबस्ता पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना नौबस्ता पुलिस के द्वारा शातिर ठग चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने सर्विलांस टीम की मदद से सुखवीर उर्फ छोटे पुत्र दिनेश बाबू निवासी नसीरपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद हाल पता सनिगँवा मे किराये के मकान पर थाना चकेरी , सुशील यादव पुत्र पूरन सिह उम्र करीब 53 बर्ष निवासी यादव कालौनी परतापुर चौराहा थाना कोतावाली शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद व अभियुक्ता भावना पत्नी सुखवीर उम्र करीब 30 बर्ष निवासी हाल पता सनिगँवा को समय करीब 08.35 बजे कानपुर इलाहबाद जा रहे मार्ग पर पुल के नीचे रामादेवी थाना क्षेत्र चकेरी से हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगणों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि सुखवीर उर्फ छोटे तथा भावना ने बीती 16 अप्रैल को नौबस्ता हसंपुरम के पास ब्यूटी पार्लर मे महिला से यह बताकर कि तुम्हारे घर मे दोष है उसको ठीक करने के नाम पर 05 जेवरात सोने के मंगाकर अपने पति को बाबा बताकर पूजा करने के नाम पर गुमराह किया व गंगाजल लेने के लिए उसे भेजकर सोने के जेवरात लेकर फरार हो गये थे ये पैसे जो मेरे व मेरे पति के पास से मिले है उन्ही जेवरात को शिकोहाबाद शहर मे यादव कालौनी मे पुराने ज्वैलर्स को बेच दिया।

## चिड़ियाघर में जानवरों के लिए किए गए विशेष इंतजाम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर का प्राणी उद्यान जहां 1500 से ज्यादा जीव जंतु रहते हैं और उनकी देखरेख की जाती है। शहर का यह चिड़ियाघर भारत के तीसरे सबसे बड़े चिड़ियाघरों में माना जाता है। इस प्राणी उद्यान में गर्मी के मौसम में यहां के बेजुबा जानवरों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए। अलग-अलग जानवरों के लिए बाड़ों में कूलर लगाए गए हैं इसके साथ ही वाटर फॉगिंग सिस्टम का इंतजाम किया गया है। यहां तक पहली बार चिड़ियाघर में शेर चीता के बाड़ों में भी फव्वारा अंदर लगा दिए गए हैं जिससे कि वहां की जमीन ठंडी रहे और उन्हें गर्मी ना लगे। इसी तरह से खाने-पीने को लेकर भी जानवरों का विशेष ख्याल रखा गया है।

## गुर्दा रोगी का सफल इलाज कर दी गई छुट्टी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज हैलट में डॉ. आर.के.वर्मा के पास पीठ के निचले हिस्से में दर्द, कमजोरी और बुखार की शिकायत लेकर आए पीड़ित मरीज को 21 दिन बाद उपचार के बाद छुट्टी दी गई। बताते चलें कि मरीज को गुर्दे की क्षति के साथ-साथ पेल्विक बोन, खोपड़ी, लंबी हड्डियों में कई ऑस्टियोलाइटिक घाव थे। जिस पर डॉक्टरों द्वारा उसके कीमोथेरेपी के पहले चक्र की योजना बनाई गई और रोगी को फ्लुकोनाज़ोल के साथ यूटीआई के इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स और आरडीपी की 3 इकाइयां दी गई। डॉ.वर्मा ने बताया कि मरीज की डीनोसुमैब के बाद, मरीजों के लिए मल्टीपल मायलोमा के लिए इंडक्शन थेरेपी का पहला चक्र शुरू किया गया। जिससे अब मरीज की स्थिति में सुधार होने के साथ दर्द में काफी कमी पाई गई। गुर्दे की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है, उसे 21 दिनों के बाद उपचार के दूसरे चक्र की सलाह के साथ छुट्टी दे दी गई है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के नाम पर धरती का सीना छलनी करने में जुटे ठेकेदार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऊंचाहार तहसील प्रशासन और खनन विभाग की मिलीभगत कहें या उदासीनता जिसके चलते खनन माफिया रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक धरती का सीना छलनी करने में लगे हैं।

गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेस निर्माण के लिए मिट्टी की भराई का कार्य निजी कार्यदाई संस्था को दिया गया है जिनके ठेकेदारों द्वारा मानकों को दरकिनार करके खुलेआम धरती का सीना छलनी किया जा रहा है।

शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मीडिया टीम ने सवैया हसन के इर्द गिर्द क्षेत्र का भ्रमण किया गया जहां खनन के लिए मशीनें और बिना नंबर वाले डम्फर लगाए गए थे।

जो नियमों को दरकिनार करके मिट्टी खनन और धुलाई कर रहे थे, ग्रामीणों का आरोप था कि दबंग ठेकेदार द्वारा जमीन से तीन फीट मिट्टी की जगह तीस फीट से अधिक मिट्टी का खनन किया जा रहा है यही नहीं खनन के बाद मिट्टी धुलाई के लिए निर्धारित मार्ग से मिट्टी की धुलाई न करके नगर पटरी आदि रास्तों से मिट्टी की धुलाई की जा रही है।



मौसम चल रहा है विकराल गर्मी का ऐसे में जिन मार्गों से मिट्टी लदे डम्फर गुजरते हैं वो पूरी तरह ध्वस्त हो जाते हैं और उनसे उड़ने वाली धूल से ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो रहा है और आस पास की फसलें बर्बाद हो रही है, किसानों का कहना है कि जब इसका विरोध करो तो ठेकेदार कहता है कि फर्जी मामले लगवाकर जेल भेजवा देगा और जब अधिकारियों को तहसील और पुलिस के स्थानीय जिम्मेदारों को इसकी सूचना दो तो वो कान में तेल डाले पहले से ही बैठे होते हैं।

**क्या कहते हैं स्थानीय किसान?**

ऊंचाहार, रायबरेली। मामले में स्थानीय किसान रामकुमार का कहना है कि तीन फीट मिट्टी खनन का प्राविधान है जबकि तीस फीट से ज्यादा अवैध खनन किया जा रहा है।

अवधेश का कहना है कि अवैध खनन ने जहां एक तरफ किसानों की फसलें बर्बाद कर दी हैं तो वहीं दूसरी तरफ उड़ती भयंकर धूल से आमजन का जीना मुश्किल हो जाता है।

राहुल कुमार स्थानीय किसान का कहना है कि जितनी भूमि पर खनन करने का विभाग द्वारा आदेश है उससे ज्यादा भूमि पर ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध खनन करवाया जा रहा है।

रामकुमार किसान का कहना है कि उक्त के बावत जब ठेकदार से बात करो तो वो फर्जी मामलों में जेल भेजवाने की ऐलानिया धमकी देता है।

आपकी जानकारी के लिए बताते चलें कि गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए अवैध खनन तहसील क्षेत्र के चारो ओर हो रहा है लेकिन तहसील स्तरीय अधिकारियों से लेकर संबंधित विभाग के जूं तक नहीं रेंग रही है।

## नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में, शिवांगी त्रिपाठी थानाध्यक्ष मालीपुर के नेतृत्व में क्षेत्र भ्रमण मुखबिर खास की सूचना पर उ0नि0 हवलदार सिंह यादव मय हमराही कर्म0गण द्वारा स्थान गानेपुर पटोहा मोड़ ट्रान्सफार्मर के पास बहद ग्राम गानेपुर पटोहा से एक व्यक्ति जिसका नाम बनाम वीरेन्द्र कुमार यादव उर्फ वीरेन्द्र दास त्यागी पुत्र भरत लाल यादव नि0ग्राम रसूलपुर बाकरगंज थाना मालीपुर उम्र करीब 40 वर्ष है, को कुल 01 किलो 140 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## कम पैसे मे मरीजों क़ो बढ़िया दवाई मिलने से उनके जेब पर भी बोझ नहीं पड़ेगा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

गरीब मरीजों सहित आम जनता क़ो उपचार कराने के बाद सस्ती दवाई उपलब्ध हो सके,इसके लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोला था।

इसके लिए केंद्र सरकार की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतना हीं कम हैं!उक्त बाते गोशाईगंज कस्बे के मेन रोड पर पश्चिमी सिरे स्थित बरदही बाजार मे खुले प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का वैदिक मन्त्रोंचरण के बीच फीता काटकर उद्घाटन करते हुए चेयरमैन डॉ0 विजय लक्ष्मी जायसवाल ने लोगो क़ो सम्बोधित करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि के रूप मे पधारे बसपा नेता राम सागर वर्मा ने कहा की गोशाईगंज बाजार से सटे मेन रोड पर खुली यह जन औषधी केंद्र वास्तव मे गरीबों के लिए वरदान साबित होगी।



कम पैसे मे मरीजों क़ो बढ़िया दवाई मिलने से उनके जेब पर भी बोझ नहीं पड़ेगा। इस दौरान दोनों अतिथियों का डॉ राजेंद्र कुमार भारतीय द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

सुरेंद्र कुमार वर्मा, विनोद कुमार, राम नोहर, राम सिंह, नन्द लाल कोरी, हंस राज, राम नयन, संतोष कुमार तिवारी, सत्यम सिंह, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र कुमार अलनाभारी, सुनील कुमार, राजेश कुमार, धीरेन्द्र कुमार, डॉ0 जैसलाल, भानु प्रकाश सिंह, राजेंद्र कुमार, सोएब, शिवांग वर्मा, कोमल सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में चौबीस घंटे पैनी नजर स्ट्रांग रूम का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

पांचवें चरण में अमेठी लोकसभा का चुनाव सोमवार को संपन्न होने के बाद ईवीएम को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में गौरीगंज स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में रखा गया है। सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगवाने के साथ ही अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल की तैनाती की गई है।शुक्रवार को डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा प्रबंधन की जांच की। तथा अहरनिश सक्रिय होकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से ऑन लाइन निगरानी करती हुई टीम को सुरक्षा प्रबंधन में लापरवाही नहीं बरतने के लिए कहा। जवाहर नवोदय विद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई है। सियासी दलों के कार्यकर्ताओं को भी निगरानी रखने की सहूलियत दी गई है।उनके लिए अलग से कंट्रोल रूम बनाया गया है।



कंट्रोल रूम से सीसी टीवी स्क्रीन पर कैमरे के जरिए ईवीएम की सुरक्षा देख सकते हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सुरक्षा कर्मियों को बिना अधिकृत पास दिखाए किसी को अंदर नहीं जान देने की बात कही। उन्होंने स्ट्रॉग रूम की आउटर कार्डन का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।और ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लापरवाही करने पर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीधक ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्धों पर निगरानी बनाये रखने हेतु भारतीय स्टेट बैंक की गौरीगंज शाखा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। बैंक के अंदर तथा बाहर व एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के संबन्ध में पूछताछ की गई। और सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने व आने जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों व नई उम्र के लड़कों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षा गार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी।

# मतदान कर्मचारियों को जिला अधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर किया रवाना

## जनपद में 1131 मतदान केंद्रों पर आज़ होगा मतदान

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराने हेतु जनपद में 1899 बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए 38 जोनल मजिस्ट्रेट व 155 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जनपद मे समस्त तैयारी पूरी हो गई हैं शुक्रवार प्रातः से ही पोलिंग पार्टियां हवाई पट्टी अकबरपुर से रवानगी की गई हवाई पट्टी पर विधानसभा वार टांडा, अकबरपुर, आलापुर, कटेहरी तथा जलालपुर के लिए अलग-अलग पंडाल बनाए गए। जिसमें कार्मिकों की बैठने की व्यवस्था, ईवीएम वितरण, मेडिकल कैंप आदि की व्यवस्था की गई थी। प्रातः काल से ही मतदान कार्मिक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के पंडाल में उपस्थित हुए और मतदान से संबंधित निर्धारित सामग्री प्राप्त की जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पोलिंग पार्टियों को माला पहनाकर पुष्प वर्षा कर रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रातः काल से ही हवाई पट्टी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। सभी पोलिंग पार्टियों को सकुशल रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक पहुंचने की सूचना प्रेषित करें। सभी मजिस्ट्रेटरों द्वारा यह सूचना दी गई है कि पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान स्थल तक पहुंच चुकी हैं। 25 मई को मतदान के दिन सभी अधिकारी फील्ड में भ्रमण शील रहेंगे साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें सभी अधिकारी/ कर्मचारी नियत समय से उपस्थित होकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जनपद अंबेडकर नगर के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील की है कि 25 मई को आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान में प्रतिभाग अवश्य करें।



## अज्ञात चोरों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम, चोर नगदी सहित लाखों के जेवरात चुरा ले गए

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**

कोतवाली क्षेत्र के उमरपुर बाजार रुरुखास में टेंट व्यवसायी और मेडिकल स्टोर के दुकानदार के घर में बृहस्पतिवार की रात घुसकर अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर नगदी तथा लाखों के जेवरात चुरा ले गए। परिजनों को चोरी की भनक तक न लगी। सुबह चोरी की जानकारी होने के बाद पीड़ित व्यवसायी आशीष कुमार पाठक द्वारा कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। उमरपुर बाजार निवासी व्यवसायी आशीष कुमार पाठक द्वारा बताया गया है कि उमरपुर बाजार में उनकी टेंट और मेडिकल स्टोर की दुकान संचालित है। बृहस्पतिवार की रात मकान में पीछे के गलियारे से कूद कर अज्ञात चोर अंदर घुस गए। चोरों ने लगभग 5 लाख 60 हजार की नगदी तथा लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण अटैची और बॉक्स का कुंडा तोड़कर चुरा ले गए। चोरी की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा सुबह पीड़ित के घर पहुंच कर पूछ कांच और जांच पड़ताल की गई। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि छानबीन की जा रही है। इसके कुछ दिन पूर्व भी बेनीपुर निवासी रामगोपाल मिश्रा के ट्रैक्टर की बैटरी अज्ञात चोर को ले गए थे कोतवाली में तहरीर दी गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिछले कुछ समय से क्षेत्र में चोरी की और भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि कोतवाली पुलिस चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है और ऐसी दशा में चोरों की सक्रियता बढ़ गई है।



# भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है राम नगरी का जिला अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

क्या आप इलाज कराने खैराती अस्पताल जा रहे हैं।यदि आपका जवाब हां है तो सावधान. हो जाईए। सरकार ने भले जिला चिकित्सालय मे सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की है किन्तु अयोध्या के जिला चिकित्सालय मे आपको किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सेवा निःशुल्क नहीं प्राप्त होगी। यहां डाक्टर से लेकर अन्य पैरामेडिकल स्टाफ मरीजों के साथ लूट खसोट मे लगा है। इमरजेंसी ओपीडी से लेकर सामान्य ओपीडी तक इसके अलावा आपरेशन कक्ष तक यहां तक कि यहां जांच के नाम पर व मरीजों को खून मुहैया कराने के नाम पर सुविधा शुल्क लिया जाता है।हर ईलाज के लिए अलग अलग सुविधा शुल्क निर्धारित है।



इस प्रकार निर्धारित है सुविधा शुल्क आपरेशन शुल्क पांच हजार से 15हजार रुपए,मेडिकोलीगल दो हजार से लेकर 5 हजार रुपए तक,ब्लड उपलब्ध कराने के लिए पांच से आठ हजार रुपए प्रति यूनिट,एक्स -रे व अल्ट्रासाउंड 100 से 200 रुपए तक,चश्मा उपलब्ध कराने के लिए 500 रुपए,कैथेटर लगाने का शुक्ल 100 से 200 रुपए तक,मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 100 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक। इसी प्रकार अन्य स्वास्थ सेवाओं का अलग-अलग शुल्क निर्धारित है।

**दवाएं लिखने के नाम पर भी होता है खेल**

ओपीडी हो या फिर भर्ती मरीज को बाजार से दवाएं खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है।मेडिकल स्टोर के दलाल व कर्मचारी चिकात्सकों की मिली भगत से बाजार की दवाएं लिखवा कर तगडा कमीशन लेते हैं।मेडिकल स्टोर के संचालक चिकित्सकों को बाजार की दवा लिखने के लिए मोटी रकम देते हैं।आपरेशन व इमरजेन्सी ओपीडी मे दलाल सक्रिय हैं।

**अधिकारियों की भी रहती है मिली भगत**

खैराती अस्पताल (जिला अस्पताल अयोध्या) मे भले ही सरकार ने सभी सुविधाएं निःशुल्क देने की व्यवस्था की है किन्तु यहां हर सुविधा के लिए शुल्क अदा करना पड़ता है। ऐसा नहीं कि अधिकारियों को इसकी जानकारी नही है।हकीकत यह है कि अधिक से अधिक वसूली के चक्कर मे डाक्टर से लेकर कर्मचारी तक लगे हैं। कुछ समय पूर्व तत्कालीन डीएम अनुज कुमार झा ने छापामार कर बाजार से दवा खरीद कराने वाले चिकात्सकों पर सिकंजा कसा था किन्तु उनके स्थानांतरण के बाद से जिला अस्पताल भ्रषटाचार का अड्डा बन गया है।

## जीवन रक्षक दवाओं के साथ बूथों पर तैनात आशा बहू

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** लोकसभा अंबेडकर नगर में होने वाले मतदान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर में गोसाईगंज विधानसभा के मतदान केंद्र (बूथों) के लिए जीवन रक्षक दवाओं के साथ आशा बहू तैनात रहेंगी। अधिक जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि मतदान करने आने वाले सभी मतदाताओं में जिसकी भी बूथ पर आने के बाद कुछ तबीयत खराब समझ में आती हो वह वहां उपस्थित आशा बहू से मिलकर तत्काल स्वास्थ्य लाभ के लिए दवा ले सकते हैं। अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि ऐसे तो हमारे मोबाइल टीम सभी बूथों का दौरा करती रहेगी और सभी बूथों पर पहुंचते रहेगें। किसी मतदाता की किसी बूथ पर स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिलने पर तत्काल हमारे मोबाइल की टीम पहुंच कर उपचार करेगी यदि हालात इतने में भी सुधार में ना आया तो तत्काल सरकार की सुविधा के अनुसार एम्बुलेंस से अस्पताल लाया जाएगा जहां उसकी पूर्ण उपचार करके उसे स्वस्थ किया जाएगा डॉक्टर श्री सिंह ने बताया कीं आशा बहू को जो जीवन रक्षक दवाएं दी गई हैं।

# सत्रह दिवसीय स्वदेश उत्सव का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

स्वदेश संस्थान, सागर कला भवन अयोध्या स्थापना दिवस पर श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सत्रह दिवसीय 9वें स्वदेश उत्सव में आयोजित कवि सम्मेलन, कला संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह आदि का शुभारंभ स्वदेश संस्थान की संरक्षक श्रीमती अनारा देवी, श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट की संरक्षक श्रीमती लक्ष्मी देवी, अयोध्या शोध संस्थान के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राम तीरथ, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव कुमार, खाकी वाले गुरू जी एस आई रंजीत यादव, समाजसेवी राजेश चौबे रहे संचालन सन्तोष सिंह एवं कवि दुर्गेश पाण्डेय दुर्लभ, गायक बृज मोहन तिवारी, स्वदेश संस्थान सागर कला भवन अयोध्या के अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति, श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष श्री आदि के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत सत्कार अंगवस्त्र पट्टिका स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए किया गया। इस अवसर पर 50 लोक कलाकारों ने अपनी भव्य प्रस्तुति दी। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व स्वदेश उत्सव के अवसर पर म्यूरल पेन्टिंग ,रंगोली प्रतियोगिता का अवलोकन के मूल्यांकन किया गया जिसमें निर्णायक की भूमिका में साकेत महाविद्यालय से अम्बरीश श्रीवास्तव, एलोरा आर्ट गैलरी से राम चन्दर, गया प्रसाद आनन्द द्वारा भी मूल्यांकन किया गया। स्वदेश संस्थान सागर कला भवन अयोध्या के अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति एवं श्री लक्ष्मी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष श्री ने संयुक्त रूप से सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालक-बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

माननीय जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग करायें।

## स्वदेश संस्थान ने समाजसेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव को ‘श्री लक्ष्मी सेवा रत्न सम्मान’ से किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** स्वदेश संस्थान के स्थापना दिवस एवं 17 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला समापन पर कला भवन नाका पर आयोजित स्थापना दिवस समारोह में मंच अतिथि समाज सेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव को सागर कला भवन के अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति एवं संयुक्त रूप से सभी सदस्यों ने माल्यार्पण एवं पट्टीका भेंट कर स्वागत किया साथ ही समाज सेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु 卐श्री लक्ष्मी सेवा रत्न सम्मान पत्र 2024卐 से सम्मानित किया। अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति ने बताया कि संस्था स्थापना दिवस एवं 17 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला समापन के अवसर पर चित्रकला प्रतिभागी एवं समाज के विशिष्ट समाजसेवी गणों को विभिन्न सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि समाज सेवा करने के अनेक रूप है।

# एनटीपीसी का स्वच्छता अभियान बना जन आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । ऊंचाहार, रायबरेली**

स्वच्छ भारत मिशन को अपने अभियान से जोड़ते हुए एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पखवाड़े के पहले सप्ताह में ही जन जागरूकता का ऐसा वातावरण बन रहा है कि स्वच्छता पखवाड़े ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में ना केवल एनटीपीसी कर्मचारी व उनके परिवारजन भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। साथ ही साथ परियोजना के स्कूलों, सीआईएसएफ के जवानों, परियोजना परिसर के दुकानदारों, संविदा श्रमिकों, आसपास के ग्रामीणों के अलावा आवासीय परिसर के आसपास के आम नागरिक भी स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर अपने घर व कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने का संकल्प ले रहे हैं। पखवाड़े की शुरुआत एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा प्रभात फेरी एवं सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलवाने के साथ की गई।

परियोजना आवासीय परिसर के शॉपिंग कॉम्पलेक्स, ऊंचाहार रेलवे स्टेशन, बहेरवा मार्किट व उमरन गांव में साफ-सफाई के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों के आयोजन किए गए। साथ ही इन स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर डस्टबिन का वितरण करके इन क्षेत्रों की साफ-सफाई भी करवाई गई। स्वच्छता पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सफाई कर्मियों व संविदा कर्मियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर उन्हें स्वच्छता किट का भी वितरण किया गया। इसके अलावा परिसर की नालियों की भी सफाई करवाई गई। परियोजना परिसर को एकल प्रयोग प्लास्टिक से पूर्ण रूप से मुक्त करने का जज्बा लिए हुए जन जागरूकता के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्रेरणादायी बात ये रही कि परियोजना में बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत चल रही कार्यशाला में आसपास के गांवों की जो बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं, उन्होंने भी इस अभियान से अपने आपको जोड़ रखा है। इन बालिकाओं ने साफ-सफाई को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित किया है और इन बालिकाओं को माहवारी के दौरान अपनाए जाने वाले स्वच्छता उपायों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे प्रेरित होकर इन ग्रामीण बालिकाओं ने स्वच्छता अभियान पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा कार्यशाला परिसर की साफ-सफाई भी की।



इस प्रकार एनटीपीसी द्वारा आयोजित स्वच्छता के इस महाअभियान के पहले सप्ताह से परियोजना परिसर तथा आसपास के विभिन्न वर्गों व समूहों के लगभग 1500 लोग जुड़ चुके हैं और हजारों लोगों को लाभान्वित हो रहे हैं। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा स्वयं इन कार्यक्रमों से जुड़कर आम और खास लोगों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# धर्म के आधार पर आरक्षण देने वालों को बेनकाब करना जरूरी : सीएम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ❋ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत
- ❋ योगी ने कहा, ममता सरकार ने पार की राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा
- ❋ हमें कोई ऐसी स्थिति पैदा नहीं करना चाहिए, जो देश को विभाजन की ओर धकेले : योगी
- ❋ देश की कीमत पर राजनीतिक होड़ को खारिज करना जरूरी है : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर ये आरक्षण दिया था। इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। सीएम योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ओबीसी का हक जबरदस्ती हड़प रही थीं। इसी असंवैधानिक कृत्य पर माननीय उच्च न्यायालय ने टीएमसी सरकार के फैसले को पलटा है और एक जोरदार तमाचा मारा है। यह कार्य असंवैधानिक था, इसे अनुमति नहीं दी जा सकती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे बार बार कहा था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत भारत का संविधान कभी नहीं देता। बाबा साहब ने इसके लिए बार बार देश को आगाह किया था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ था और हमें ऐसी कोई स्थिति नहीं पैदा करना चाहिए जो देश को विभाजन की ओर धकेले। मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को नजीर बताते हुए कहा कि कर्नाटक के अंदर भी कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के अधिकार पर इसी प्रकार की सेंधमारी करते हुए मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया है। साथ ही आंध्र प्रदेश में भी इसी प्रकार की शरारत की गई थी। इन सबका जोरदार विरोध करना जरूरी है। किसी भी उसंवैधानिक कार्य को, जो भारत के विभाजन की आधारशिला रखने वाला हो, भारत को कमजोर करने वाला हो उसे कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर सीएम योगी ने जताया शोक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बरेली लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ÷भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद संतोष गंगवार जी की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ऊं. शांति। उल्लेखनीय है कि संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने सुबह पांच बजे अपने घर भारत सेवा ट्रस्ट में अंतिम सांस ली।

## छठवें चरण के मतदान से पहले सीएम योगी की अपील, पहले मतदान, फिर जलपान

**सीएम योगी ने मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए किया प्रेरित**

- ❋ लोकतंत्र के महापर्व में आपकी सहभागिता 'नए भारत' में विरासत के सम्मान के साथ ही देश की विकास यात्रा को और समृद्ध बनाएगी : योगी
- ❋ छठवें चरण में शनिवार को प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों के साथ गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए हो रहा मतदान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को छठवें चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। सीएम योगी ने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा की आपका अमूल्य वोट आत्मनिर्भर विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। सीएम योगी ने छठवें चरण में मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा, लोक सभा चुनाव का ये छठा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र के महापर्व में आपकी सहभागिता नए भारत में विरासत के सम्मान के साथ ही देश की विकास यात्रा को और समृद्ध बनाएगी। इसलिए, आत्मनिर्भर-विकसित भारत के निर्माण हेतु पहले मतदान, फिर जलपान। उल्लेखनीय है कि शनिवार को उत्तर प्रदेश के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ ही गैंसड़ी विधान सभा उप निर्वाचन के लिए भी मतदान होना है। जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज (अ0जा0), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अ0जा0), भदोही लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मीटिंग, ट्रेनिंग निरस्त कर युद्ध स्तर पर रोका जाए ब्रेकडाउन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ ।** जानलेवा गर्मी के बीच ब्रेकडाउन के चलते उपभोक्ता हालाकान है। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अनुसार लगातार ब्रेकडाउन के कारण बिजली कटौती की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल पावर कारपोरेशन प्रबंधन को अभियंताओं को मीटिंग और ट्रेनिंग से मुक्त कर कम से कम समय में ब्रेकडाउन रोकने की पहल शुरू करनी चाहिए। उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे जरूरत भर के विद्युत संयंत्रों का प्रयोग कर बिजली बचाने में मदद करें। उपभोक्ता परिषद के अनुसार जल्द ही पर्याप्त बिजली उत्पादन शुरू होते ही किल्लत दूर हो जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के खास तौर पर शहरी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वर्तमान में भीषण गर्मी और विषम परिस्थिति को देखते हुए शहरी विद्युत उपभोक्ता आवश्यकता के अनुसार अपने न्यूनतम विद्युत संयंत्र का इस्तेमाल करें। जिससे कहीं ना कहीं उस बिजली का इस्तेमाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कर सके। उधर ललितपुर की 660 मेगावाट की एक इकाई ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज की वजह से बंद थी आज उसमें उत्पादन शुरू होते ही बॉयलर ट्यूब लीकेज हो गया और उत्पादन ठप हो गया। अनपरा की यूनिट सात 500 मेगावाट की एक इकाई भी ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज की वजह से आज बंद हुई। ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई पहले से ही बंद चली आ रही है। इस प्रकार अनपरा की एक इकाई बंद होने से एकाएक 500 मेगावाट की कमी हो गई। वैसे प्रदेश की बिजली कंपनियां आज भी 27000 मेगावाट से 28000 मेगावाट के बीच विद्युत आपूर्ति देने में सफल रहेगी। क्योंकि वह इंतजाम में जुटी है। इसके बावजूद ब्रेकडाउन व रोस्टिंग के चलते जो विद्युत व्यवधान लगातार चल रहा है उसमें कोई खास कमी नहीं आएगी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में खासतौर पर जो हमारे शहरी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता है उन्हें अपनी आवश्यकता का न्यूनतम उपभोग करना चाहिए। जिससे जो भी बिजली की बचत हो इसका लाभ हमारे दूसरे ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को मिल पाए। वर्तमान संकट के दौर में हम सभी विद्युत उपभोक्ताओं का भी यह फर्ज बनता है कि जैसे भी हो जिस प्रकार से भी हो एक दूसरे की मदद कर सके।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन पबंधन से भी मांग की है कि ब्रेकडाउन को मिनिमम समय में अटेंड करने के लिए योजना बनाई जाए वर्तमान में जिस प्रकार की परिस्थितियों प्रदेश के उपभोक्ताओं के सामने आ रही है उसमें उचित होगा जितने ट्रेनिंग है मीटिंग है सब फिलहाल निरस्त रखी जाए जिससे सभी अभियंता अपने कार्य स्थल पर मौजूद रहकर प्रदेश के उपभोक्ताओं की सेवा कर सके और विद्युत व्यवधान को सा समय ठीक कर सके।

### बड़े मंगल के भंडारे के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार पूर्व की भांति इस वर्ष भी जीरो वेस्ट बड़ा मंगल सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। इस वर्ष भी जेष्ठ माह में कराए जाने वाले बड़े मंगल के भंडारे का लिए सर्वप्रथम शहरवासियों को नगर निगम के पोर्टल या वन एप पर या नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों पर कॉल करके पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिससे कि उक्त स्थल पर साफ सफाई सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई जा सकें। सनद रहे कि लखनऊ में 28 मई से बड़ा मंगल उत्सव की शुरुआत होगी, जो लगभग एक महीने तक चलेगा। यह यूपी की राजधानी का एक खास उत्सव है, इस लिए नगर निगम द्वारा पूर्व की भांति इस वर्ष भी इसे सफल बनाने हेतु लोगों को सहूलियत प्रदान करने के खास इंतजाम किये गए हैं। पंजीकरण करवाने से उक्त भंडारे स्थल पर भंडारे से पूर्व व पश्चात साफ सफाई करवाये जाने के साथ ही एक बैनर भी उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम में पंजीकरण कराने के लिए सर्वप्रथम भंडारा आयोजक को एलएमसी पोर्टल अथवा लखनऊ वन एप अथवा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों- 1533, 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902614 पर कॉल करके अपना नाम, नम्बर, स्थान एवं लोगों की अनुमानित संख्या इत्यादि पंजीकृत करवानी होगी, उसके बाद ही वे भंडारे को सफल रूप से सम्पन्न करवा सकेंगे।बड़े मंगल को जीरो वेस्ट एवं स्वच्छता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा इसे प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लोगों से अपील की गई है।साथ ही भंडारे स्थल पर आयोजन के बाद उसी प्रकार साफ सफाई करवाई जाएगी जैसे भंडारे से पूर्व में होगी। इसी के साथ भंडारे का पश्चात कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं उठान इत्यादि के साथ अन्य तमाम व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी, इस लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी शहरवासीयों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाए जाने और बड़े मंगल के उत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### लुलु फैशन वीक 2024 की शानदार उद्घाटन के साथ शुरुआत हुई

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ ।** लुलु फैशन वीक 2024 लुलु मॉल लखनऊ में एक शानदार शुरुआत के साथ शुरू हुआ। पेपे जीन्स लंदन द्वारा प्रस्तुत, ऊनाजप और च्मजमत म्दहसंदक द्वारा संचालित और स्वनपे चीपसपचचम, ब्वयलकवद न्ड्र, व्ँ्छ क्मदपउ के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम शहर के सोशल कैलेंडर का एक आकर्षण बन गया है। महक चहल की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में ग्लैमर जोड़ दिया, जिससे शानदार फैशन शो की एक श्रृंखला के लिए मंच तैयार हो गया। मुख्य आकर्षण में स्मअप' की क्लासिक अमेरिकी शैली, इपदल ब्लपतस के आकर्षक बच्चों के कपड़े, ब्लपउेवदम ब्सनइ का जीवंत ग्रीष्मकालीन संग्रह और बहुत कुछ शामिल हैं। यह कार्यक्रम अगले दो दिनों तक चलेगा, जिसमें सेलेब्रिटी उपस्थिति और फैशन शो शामिल होंगे, और इसका समापन फैशन उद्योग की प्रतिभाओं का जश्न मनाने वाली फैशन अवॉर्ड नाइट में होगा। लुलु फैशन वीक 2024 में फैशन, रचनात्मकता और नवीनता का जश्न मनाने में हमारे साथ अवश्य जुड़ें।



## उत्तराखण्ड राज्य में चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा हेतु वहां जाएं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ❋ श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार ने चार धाम यात्रा के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की
- ❋ गृह विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा चार धाम यात्रा पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही उत्तराखण्ड जाने की अपील

उत्तराखण्ड राज्य में चार धाम यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के सभी इच्छुक श्रद्धालुजन पंजीकरण कराने के बाद ही यात्रा हेतु वहां जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चार धाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है। बगैर पंजीकरण चार धाम यात्रा के लिए जाने पर श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है। यह जानकारी आज यहां देते हुए प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चार धाम यात्रा (गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ एवं केदारनाथ) पर जा रहे अथवा जाने के इच्छुक प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से यह अपील की गई है कि वे अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन कराते हुए रजिस्ट्रेशन की तिथि पर ही जाएं। प्रवक्ता ने बताया कि चार धाम यात्रा-2024 के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा URL https://registrationandtouristcare.uk.gov.in/signin.php अथवा मोबाइल ऐप Toursit Care Uttarakhand पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था लागू की गई है। इसलिए चारधाम यात्रा-2024 के लिए अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले तीर्थ यात्री/श्रद्धालु चार धामों की यात्रा न करें। ऐसे यात्री, जिनका पंजीयन नहीं है, उन्हें निर्धारित चेक प्वांइन्ट्स पर रोक दिया जायेगा और वे उसके आगे नहीं जा सकेंगे। प्रदेश के समस्त टूर ऑपरेटर तथा ट्रैवल एजेन्ट भी यह सुनिश्चित कराएँ कि उनके ग्राहकों द्वारा यात्रा प्रारम्भ करने से पहले आवश्यक पंजीकरण करा लिया गया है। उत्तर प्रदेश के समस्त इच्छुक श्रद्धालु यात्रा सम्बन्धी दिशा-निर्देशों से अवगत रहें, जिससे उनकी चार धाम यात्रा बिना किसी व्यवधान के सुगमतापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

## बाग में झाडियों के बीच पड़ा मिला जिंदा नवजात शिशु, मौत

- ❋ पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**सीमेंट की बोरी का टुकड़ा व पन्नी भी नवजात के पास पड़ी थी....**

बाग में झाडियो में जिंदा नवजात शिशु के पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो नवजात के पास ही एक सीमेंट की प्लास्टिक की बोरी का कटा हुआ टुकड़ा व पन्नी पड़ी हुयी थी,जिसे पुलिस ने कब्जे में लेने के साथ आंशका जताई है बीते गुरूवार -शुक्रवार की मध्यरात्रि ही पन्नी व सीमेंट की प्लास्टिक की बोरी में लपेटकर मासूम को जन्म के बाद जिंदा ही लाकर फेक दिया गया है।

कहते है मां की कोख से जन्मा हुआ बच्चा उसके कलेजे का टुकड़ा होता है,ओर एक मां किसी भी परिस्थितियों में अपघ्ने कलेजे के टुकड़े को अपने से अलग नही करती, से में इस तरह खुले आसमान के नीचे कोई मां अपनी कोख से जध्न्मे नवजात को मरने के लिये छोड़कर कैसे जा सकती है, सा सवाल शुक्रवार कीघ् सुबह मोहनलालगंज के कनकहा मजरा दौलतखेड़ा गांव के बाहर स्थित एक बाग में झाड़ियो के बीच जिंदा नवजात शिशु मिलने के बाद उधर से गुजरे राहगीरो व मौके पर मौजूद लोगो की जुबान पर था। राहगीरो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन नवजात शिशु को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी,जहां डाक्टर ने नवजात को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मोहनलालगंज के कनकहा मजरा दौलतखेड़ा गांव के बाहर स्थित एक बाग में झाड़ियो के बीच शुक्रवार की सुबह नग्न अवस्था में सांसे चलता हुआ जिंदा नवजात शिशु को पड़ा देख उधर से गुजरे राहगीरो ने कनकहा चौकी पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद चौकी इंचार्ज उमेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे ओर नवजात शिशु को एक कपड़े में लपेटकर इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी लेकर गयें.जहां डाक्टर ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृत नवजात शिशु के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है,आखिर किसने इतनी निर्दयीता दिखाते हुये नवजात को बाग में झाड़ियो के बीच फेक दिया इसकी जांच की जा रही है, नवजात को बाग में फेकने वाले रूट समेत आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज भी पुलिस टीमें देख रही है,वही क्षेत्र के निजी अस्पतालो में पुलिस की टीमो को भेजकर एक दो दिनो में हुयी डिलवरी की डिटेल जुटाई जायेगी।

## अज्ञात महिला का रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत शव पड़ा मिला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ❋ आस-पास गांव के लोगो को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी में एक निजी स्कूल के पीछे से गुजरे रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। उधर से गुजरे राहगीरो ने रेलवे ट्रैक पर महिला का क्षत विक्षत शव पड़ा देख मोहनलालगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर आस-पास गांव के लोगो को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये लेकिन नाकाम रही। जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को शिनाख्त के लिये पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस की मर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस की माने तो देखने में मृतका की उम्र 34 वर्ष के आस-पास लग रही थी उसने बहुत गंदे कपड़े पहन रखे थे,जिसको देखकर लग रहा था वो मानसिक मंदित होगी ओर आस-पास ही घूमती रही होगी ओर रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी होगी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव की शिनाख्त ना होने पर पंचनामा भरकर मर्चरी भेज दिया गया है।वही आस-पास के थानो में मृतका की फोटो व हुलिये के आधार पर सम्पर्क करने के साथ ही सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर शिनाख्त कराने के प्रयास किये जा रहे है।

## सातवां और आखिरी चरण बहुत खास, पीएम का भी इम्तिहान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- ❋ एनडीए और इंडिया गठबंधन ही नही सभी दलों का पूर्वांचल में डेरा
- ❋ कोई रोड शो कर रहा तो कोई जनसभा, गली गली घूम रहे पदाधिकारी और कारिंदे

लोकसभा चुनाव के अंतिम यानि सातवें चरण में सभी दलों के पूरी ताकत झोंक दी है। आखिरी चरण बहुत खास है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नामी गिरामी लीडरों का इम्तिहान होना है। सेंट्रल से लेकर स्टेट लेबल नेताओं ने पूर्वांचल पर ही फोकस कर दिया है। इंडिया गठबंधन हो या एनडीए के घटक दल, बीएसपी हो या फिर कोई और,सबके नेता पूर्वांचल में डेरा डाले हैं।कोई रोड शो कर रहा है तो कोई जनसभा कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में हवा बनाने का प्रयास कर रहा है।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ तो एक एक दिन में कई कई जनसभाएं कर रहे हैं।यूपी के अलावा कई प्रदेशों में दौरे कर चुके हैं। बीजेपी ने तो कई सूबों के चीफ मिनिस्टर को भी उतार दिया है। सपा चीफ अखिलेश यादव और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी भी पूर्वांचल में जुट गई है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 मई को दिन में 3रू30 बजे से टाउनहाल से रोड शो करेंगे। उनका रोड शो घोष कंपनी, रेती रोड, नखास, बक्शीपुर, आर्यनगर होते हुए विजय चौक पर समाप्त होगा। भाजपा प्रदेश नेतृत्व से कार्यक्रम तय हो गया है। रोड शो तीन किलोमीटर का होगा। व्यापारी संगठन अलग-अलग चौराहों पर रोड शो का स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 मई को बलिया, चन्दौली, गाजीपुर व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 11:40 बजे मनियर इंटर कॉलेज, बांसडीह, बलिया में सलेमपुर लोकसभा की जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:40 बजे बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज, बैरिया का मैदान, बैरिया, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:10 बजे महेन्द्र टेक्निकल इंटर कॉलेज, मुगलसराय, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। सायं 04:30 बजे आरटीआई मैदान गाजीपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होंगे तथा सायं 06:30 बजे अस्सी घाट, कैण्ट, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 25 मई को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 03:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय देवरिया में लोकसभा देवरिया की संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस की पूर्व महासचिव प्रियंका गांधी की संयुक्त सभा 25 मई को होगी। यह सभा देवरिया बाईपास स्थित सहारा इस्टेट के क्रिकेट ग्राउंड पर दोपहर दो बजे से होगी। इसके अलावा सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 मई को ही दोपहर 12: 40 बजे से देवरिया के पथरदेवा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह सभा आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में होगी।उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के लिए कल वोटिंग होनी है जिसके साथ ही सातवें चरण के लिए घमासान तेज हो गया है।

## नगर आयुक्त की उपस्थिति में शतप्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

समाधान दिवस में जोनवार 233 आपत्तियां प्राप्त हुई जिसमें से सभी 233 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जी.आई.एस. समाधान दिवस में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा अध्यक्षता करते हुए सभी भवनस्वामियों की शिकायतो को सुना गया एवं सभी जोनल अधिकारियों को शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिये गये।समाधान दिवस में भवन स्वामियों से जी.आई.एस.. द्वारा किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध लिखित आपत्तियां साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो सहित आमंत्रित की गई थी। उक्त जी.आई.एस. समाधान दिवस में नगर आयुक्त, सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जी.आई.एस. सर्वे की टीम मौजूद रही। नगर आयुक्त द्वारा स्वयं सुनवाई कर आपत्तियों का निराकरण कराये जाने पर भवन स्वामियों द्वारा नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया गया। जी.आई.एस. समाधान दिवस में समस्त जोनल अधिकारीगण अपने अधीनस्थ कर अधीक्षक एवं राजस्व निरीक्षको के साथ उपस्थित रहे, जिनके द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल ही गणना व जाँच करते हुए मौके पर निस्तारण कराया गया।जोन-1 में आपत्तिकर्ता रमाकांत तिवारी, 9157 ए 44830 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 7965 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 26702,आपत्तिकर्ता श्री मो. आसिफ, 9157ए04418 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 4536 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 1377 और जोन-2 आपत्तिकर्ता श्रीमती मालती देवी, भवन आई.डी. 9157ए85262 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 13680 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 7200 तथा आपत्तिकर्ता श्री विश्वनाथ प्रकाश, भवन आई.डी. 9157ए92263 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 12960 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 10850 निर्धारित किया गया। जोन-3 आपत्तिकर्ता श्रीमती सीमा सिंह, भवन आई.डी. 9157बी49301 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 12240 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 8100 और आपत्तिकर्ता वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, भवन आईडी 157बी15127 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 16200 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 14400, जोन-4 आपत्तिकर्ता कृपाशंकर पाण्डेय, भवन आई.डी. 9157बी96113 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 87544 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 53928 तथा जोन-5 मे आपत्तिकर्ता सुरेश कुमार शर्मा, भवन आई.डी. 9157सी34491 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 8000 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 7200 तथा आपत्तिकर्ता निशा आरोड़ा, भवन आई.डी. 9157सी53333 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 5760 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 4536 रूपये भवन कर निर्धारित किया गया। जोन-6 आपत्तिकर्ता सुरेन्द्र त्रिवेदी, भवन आईडी 9157डी16293 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 10800 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 7200 2- आपत्तिकर्ता संतोष कुमार, भवन आईडी 9157डी18595 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 19035 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 5760 और जोन-7- आपत्तिकर्ता रमेश कुमार, भवन आईडी 9157ई56112 का जी.आई.एस. वार्षिक मूल्य 13608 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 9634 और आपत्तिकर्ता श्री कंचन, भवन आईडी 9157ई62201 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 27702 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 20412 जबकि जोन-8 आपत्तिकर्ता राकेश नारायन मिश्रा, भवन आईडी 9157जी37800 का जी.आई.एस. का वार्षिक मूल्य 37800 तथा निस्तरण पश्चात निर्धारित वा.मू.. 30510 आपत्तिकर्ता श्री जगमोहन यादव, भवन आई.डी. 9157जी32677 का जी.आई.एस. का कृष्णविहार, इब्राहिमपुर द्वितीय का वार्षिक मूल्य 10800 तथा निस्तारण पश्चात निर्धारित वा.मू. 9000 करते हुए नगर आयुक्त द्वारा समस्त नागरिको से अपील की गयी है कि भवनस्वामी अपनी आपत्तियां निस्तारित कराने हेतु स्वयं जी.आई.एस. समाधान में उपस्थित हो। नगर आयुक्त द्वारा कहा गया कि उक्त जी.आई.एस. समाधान दिवस प्रत्येक शुक्रवार का आयोजित करते हुए जी.आई.एस. के सभी प्रकरणो का निस्तारण कराये जाने तक जारी रखा जायेगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# नकली खाद पदार्थों का प्रचलन, उभरती त्रासदी जैसा

**नकली प्लास्टिक चावल, गधे-घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए। मेरठ में पिछले साल नकली जीरा बनाने वाला कारखाना पकड़ा गया था। दिल्ली के बुराड़ी में भी ऐसा ही एक कारखाना पुलिस ने पकड़ा था। जाली सामानों के सबसे हानिकारक रूपों में नकली दवाइयां प्रमुख हैं, जिनकी बिक्री अकेले एशिया से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है।**

*नकली वस्तुओं का व्यापार और बिक्री एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है। खाद्य सुरक्षा मानकों और उनके विनियमों का अनुपालन कंपनियां नहीं कर कायदे-कानूनों को ठेंगा दिखाने लगी हैं। शिकायतकर्ताओं पर कंपनी वाले हमलावर होते हैं। समझने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? दरअसल, इसके पीछे एक खास वजह है। वजह के किरदार हैं दो धड़े। अव्वल, ठेकेदार और दूसरे कांट्रेक्टर? ठेकेदार के रूप में वह संस्था जो इन पर अंकुश लगाने का नाटक करती है और कांट्रेक्टर सरकारी मशीनरी जो राजस्व के नाम पर मोटा माल वसूल कर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नही, जो खाद पदर्थों में गड़बड़ी भी कर सकें। गौरतलब है, नकली और पायरेटेड ब्रांड की बाढ़ ने भूमिगत व्यापार बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित किया हुआ है। डुप्लीकेट मसालों का मसला अगर सार्वजनिक नहीं हुआ होता, तो ये मुद्दा चर्चाओं में आता ही नहीं? ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। समय-समय पर होने वाली छापेमारी, मॉनेटरिंग, धरपकड़ और शिकायतों की तत्काल प्रभाव से जांच करवाना, अब नहीं होता। एक बार लाइसेंस वितरण करने के बाद फाइल को धूल चाटने के अलमारी में दबा दिया जाता है। जब रिन्यूवल का समय आता है तभी कुंभकर्णी नींद खुलती है, क्योंकि उस वक्त फिर से फीस लेनी होती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और कंपनियों के बीच सीधी सांठगांठ रहती है। शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंची, बीच में ही मैनेज कर ली जाती है। ऐसी स्थिति में कंपनियां लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करेंगी तो क्या करेंगी? प्राधिकरण और कंपनियों के बीच दोस्ती के चलते ही मैगी खाने से बच्चे बीमार पड़े, मसालों से पेट खराब हुआ, कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की आते सूज गई जैसी खबरें मीडिया में दिनोंदिन बढ़ रही हैं। कंपनियां जबसे बेलगाम हुई हैं तभी से खाद् पदार्थों में नक्कालों ने बिना डरे कब्जा कर लिया है। नकली प्लास्टिक चावल, गधे-घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए। मेरठ में पिछले साल नकली जीरा बनाने वाला कारखाना पकड़ा गया था। दिल्ली के बुराड़ी में भी ऐसा ही एक कारखाना पुलिस ने पकड़ा था। जाली सामानों के सबसे हानिकारक रूपों में नकली दवाइयां प्रमुख हैं, जिनकी बिक्री अकेले एशिया से दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। दवाओं में मलेरिया की दवा में सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा होता है। मलेरिया की एक तिहाई दवाएं नकली होती है। 2008 में विश्व स्तर पर पकड़ी गईं लगभग दो-तिहाई नकली दवाइयों को पूर्वी एशिया में भेजने का मामला भी खूब गर्माया था। अब कंपनियां नकली माल के अलावा धड़ल्ले से उत्पादों की कीमतें भी बढ़ाती हैं क्योंकि कंपनियां संगठित आपराधिक गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा प्रणालियां बढ़ाती हैं और अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करती हैं। कुल मिलाकर हर परिस्थितियों से वो निपटना जान चुकी हैं। ऐसे में आमजन को ही सतर्क होना होगा, ब्रांडों की सत्यता-वास्तविकता खुद से परखनी होगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**कहना होगा कि 2011 में पश्चिम बंगाल की सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिमों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने के लिए उनकी कई जातियों को ओबीसी की लिस्ट में जोड़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य की नौकरी या अन्य सरकारी योजनाओं में आरक्षण का 90 प्रतिशत से अधिक फायदा मुस्लिमों को मिला है। इसको लेकर ओबीसी आयोग ने सरकार पर सवाल भी उठाए। सरकार के संचालित सांस्कृतिक शोध संस्थान की एक रिपोर्ट में भी बताया गया है कि भारत आए बांग्लादेशी मुसलमानों को भी ओबीसी सूची में शामिल कर लिया गया। बंगाल की तरह ही आरक्षण का विवाद आज तेलंगाना, तमिलनाडु केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक से भी जुड़ा है।**

# ममता की ललकार बता रही इंडी गठबंधन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का संदेह सही!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यानी कुल निष्कर्ष यही है कि इंडी गठबंधन यदि केंद्र की सत्ता में आ गया तो पूरे देश में यह नई व्यवस्था लागू हो जाएगी, जिसमें अजा, जनजा और पिछड़े वर्ग का आरक्षण बहुत अधिक हद तक पश्चिम बंगाल की ममता सरकार की तरह ही अन्य सभी राज्यों में मुसलमानों को दे दिया जाएगा। अब विचार आपको करना है (आम नागरिक) देश के लिए क्या सही है और क्या गलत।**

जब एक के बाद एक घटनाएं क्रमबद्ध श्रृंखला में घटें तो समझदार व्यक्ति भविष्य का पता लगातार आगे के निर्णय बहुत सोच समझ कर लेता है, किंतु नासमझ अपने लिए जाने वाले निर्णय में देरी करता है या चूक जाता है और स्वयं का ही जाने-अनजाने में बहुत बड़ा नुकसान करा बैठता है। देश के कई राज्यों में बड़ी ही चतुराई से भाजपा को छोड़कर कांग्रेस समेत तमाम दलों की सत्ताओं ने संविधान के विरोध में जाकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम कर दिया है, अब जहां राज्यों के स्तर पर इस व्यवस्था को बंद कराना है, वहीं केंद्र में ऐसी व्यवस्था के भविष्य में होने वाली हर संभावना को रोकना है, लेकिन यह होगा कैसे? जब राज्य सरकारें यदि खुले तौर पर न्यायालय को ही चुनौती देने लगेंगी! पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने जिस तरह से न्यायालय के निर्णय पर उंगली उठाई है, आज उससे तो यही लग रहा है कि अपनी सुविधा और राजनीतिक वोट बैंक के स्वार्थ के लिए भारतीय संविधान की जितनी अवमानना की जा सकती है, वह की जाती रहेगी, लेकिन सामनेवाले को घेरने के लिए उसी संविधान की आड़ भी ली जाती रहेगी । इस घटना से साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो चुनावी रैलियों में इंडी गठबंधन के सत्ता में आते ही एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को मुसलमानों को दे देनी की बात कह रहे हैं, वह सच ही है! प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों समेत पूरे इंडी गठबंधन पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं । साथ ही यह भी कह रहे हैं कि जब तक मोदी जिंदा है, मैं दलितों का, एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं देने दूंगा। धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ है। अब आप न्यायालय द्वारा इस निर्णय को देखिए, कलकत्ता हाई कोर्ट ने 22 मई को पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने का आदेश दिया है। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथर की बेंच ने कहा कि 2011 से प्रशासन ने किसी नियम का पालन किए बगैर ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए । इस तरह से ओबीसी सर्टिफिकेट देना असंवैधानिक है। इसलिए इन सभी सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1993 के आधार पर ओबीसी की नई सूची पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग तैयार करेगी। तपोब्रत चक्रवर्ती की बेंच ने कहा, ओबीसी किसे माना जाएगा, इसका फैसला विधानसभा करेगी। बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण को इसकी सूची तैयार करनी होगी। राज्य सरकार उस लिस्ट को विधानसभा में पेश करेगी। हाई कोर्ट के फैसले के तुरंत बार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ और ऊंची आवाज में कहा है कि वे हाई कोर्ट के आदेश को नहीं मानेंगी। एक रैली में ममता ने कहा कि जरा इन लोगों की हिम्मत तो देखिए। ये हमारे देश का एक कलंकित अध्याय है। वस्तुतः ममता सरकार के ओबीसी आरक्षण देने के फैसले के खिलाफ 2011 में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। इसमें दावा किया गया कि 2010 के बाद दिए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट 1993 के पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम को दरकिनार कर दिए गए। याचिका में ये भी कहा गया कि जो लोग वास्तव में पिछड़े वर्ग से थे, उन्हें उनके सही सर्टिफिकेट नहीं दिए गए। अब 13 साल बाद फैसला आया है, जिस पर भी आप अंदाजा लगा सकते हैं कि हर साल कितने लाख लोग गैर संविधानिक तरीके से आरक्षण का लाभ ममता राज में उठा चुके हैं, जिसमें कि अधिकांश एक विशेष वर्ग इस्लाम को माननेवाले मुसलमान हैं। इस पूरे प्रकरण में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया भी सामने आई है, उन्होंने साफ कहा है कि यह पूरा मामला मुस्लिम जातियों को ओबीसी में शामिल करने का है, ममता बनर्जी ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती थीं। मुसलमानों को ओबीसी में शामिल किया गया । एससी, एसटी और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर यह मुस्लिमों को देना चाहते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। शाह कहते हैं, ममता बनर्जी सर्वे कराए बिना 118 मुसलमानों को आरक्षण दिया। अब कोई कोर्ट चला गया तो अदालत ने मामले पर संज्ञान लेते हुए 2010 से 2024 के बीच दिए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए । अब ममता बनर्जी कह रही हैं कि वो कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करेंगीं । मैं जनता से पूछना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसा मुख्यमंत्री होगा जो कहेगा कि वो कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करेगा। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। पिछले साल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे । उन्होंने कहा कि बंगाल की ओबीसी सूची में बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ रोहिंग्याओं को शामिल किए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। बंगाल राज्य सूची में 179 ओबीसी समूहों में से 118 मुस्लिम समुदाय के हैं। एनसीबीसी मामले की जांच कर रहा है और राज्य से समस्या का समाधान करने को कहा है। एनसीबीसी प्रमुख हंसराज अहीर का कहना है कि इतनी सारी मुस्लिम जातियों को ओबीसी का दर्जा देने के पीछे तुष्टिकरण की राजनीति है। बंगाल में ओबीसी समुदायों को श्रेणी ए और बी में विभाजित किया गया है। श्रेणी ए में अधिक संख्या में पिछड़ी जातियां सूचीबद्ध हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत मुस्लिम जातियां हैं।



**पिछले साल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा कि बंगाल की ओबीसी सूची में बांग्लादेशी प्रवासियों और कुछ रोहिंग्याओं को शामिल किए जाने की भी शिकायतें मिली हैं।**

## एक्सप्रेस कविता

*नदिया, पहाड़ और झरने सदैव एक से होते हैं ना बाढ़ से परेशान ना सुखे से हलाकान, पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर नदियों में निर्बाध प्लावन झरनों में स्निग्धता। परिस्थितियों भी मौसम की तरह है कभी सावन, कभी भादो,कभी आषाढ़ कभी भयानक सूखा कभी भयानक बाढ़, हे मनुष्य, जीवन तो जीवन है*

*तेरा,मेरा नहीं सबका है, क्यों ना हम निस्पृह रहें, इन पेड़ों और पत्तियों टहनियों की तरह ना बारिश से परेशान ना पतझड़ से हैरान। सुख और आनंददुख और अवसाद चाहत का अतिरेक स्पृहा का मोहपाश मोह के मायाजाल का अदृश्य स्वरूप, कृष्ण ने भी कहा है क्या लेकर आया है क्या लेकर जाएगा, खाली हाथ आया है खाली हाथ जाएगा, फिर क्यों इतनी चाहत,लोभ, कामना?*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**आपका समय सीमित है, इसलिए इसे किसी और की जिंदगी जीने में बर्बाद न करें हठधर्मिता में मत फंसो जो दूसरे लोगों की सोच के परिणामों के साथ जी रही है**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितीया 18:58 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 10:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सिद्ध, 10:06 |
| सूर्योदयः | 05:27 |
| सूर्यास्तः | 19:09 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 08:52-10:35 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:42 |

# जन एक्सप्रेस

## छूटा तीर कमान से !

*मांग रहे अब माफ़ी ।*
*देकर ग़लत बयान ।।*
*खुद ही खुद से खो रहे ।*
*लगता अब सम्मान ।।*
*क्यों आई ये नौबत ?*
*चल दिए इस राह ।।*
*हो रहे शर्मिंदा ।*
*सब तो हैं गवाह ।।*
*बना कैसा योग ।*
*लिख रहे हैं गाथा ।।*
*छूटा तीर कमान से ।*
*पीटो चाहे माथा ।।*
*हुआ स्वतः ये भान ।*
*याद अचानक आई ।।*
*हम ही हैं सर्वोत्तम ।*
*दे रहे दुहाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# एसिडिटी से छुटकारा पाने के लिए करें लौकी के जूस का सेवन



**खानपान** में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण पेट से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। पेट में गैस और एसिडिटी की समस्या सबसे कॉमन है। बहुत ज्यादा तला-भुना और मसालेदार भोजन का सेवन, शराब पीने और स्मोकिंग अदि की वजह से एसिडिटी का खतरा रहता है। एसिडिटी से छुटकारा पाने के लिए खानपान और जीवनशैली से जुड़े सुधार करने चाहिए। एसिडिटी या पेट में गैस की समस्या से छुटकारा पाने के लिए लौकी का जूस पीना फायदेमंद होता है।

**एसिडिटी में लौकी का जूस पीने के फायदेः** लौकी एक पौष्टिक सब्जी है जिसमें 96त्न पानी होता है। इसमें विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, आयरन और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी तत्व मिलकर लौकी को स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, पेट में गैस, एसिडिटी या पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में लौकी के जूस का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से सुबह के समय लौकी के जूस का सेवन करने से पेट और पाचन तंत्र को फायदा मिलता है।

**पेट में शांतिः** लौकी का जूस पेट को ठंडा रखने में मदद करता है, जो पेट और गले में जलन को कम करने में मदद करता है। यह तुरंत राहत देता है और एसिडिटी के लक्षणों को कम करता है।

**पाचन में सुधारः** लौकी के जूस में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पाचन को सुधारता है। यह पेट में एसिड के उत्पादन को नियंत्रित करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाता है।


**एसिड को न्यूट्रलाइजः** लौकी का जूस प्राकृतिक रूप से क्षारीय होता है, जो पेट के एसिड को न्यूट्रलाइज करता है। यह एसिडिटी के लक्षणों को कम करने में मदद करता है और पेट को आराम देता है।

**हाइड्रेशनः** लौकी में 96 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। हाइड्रेशन पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता है और एसिडिटी को नियंत्रित करता है।

**डिटॉक्सिफिकेशनः** लौकी का जूस शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करता है। यह लिवर और किडनी की सफाई करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है और एसिडिटी की समस्या कम होती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**समाचारों के संवाहक के रूप में नारद की सर्वाधिक विशेषता है उनका समाज हितकारी होना। पत्रकारिता का धर्म समाज हित है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर देवर्षि नारद का चित्र एवं उनके भक्ति सूत्र उकेरे गए हैं।**

**नारद द्वारा रचित चौरासी भक्ति सूत्रों का यदि सूक्ष्म अध्ययन करें तो केवल पत्रकारिता ही नहीं पूरे मीडिया के लिए शाश्वत सिद्धांतो का प्रतिपालन दृष्टिगत होता है। उनके द्वारा रचित भक्ति सूत्र अनुसार जाति,विद्या,रूप, कुल,धन,कार्य आदि के कारण भेद नहीं होना चाहिए। समाचारों का संवाहन ही नारद के जीवन का मुख्य कार्य था, इसलिए उन्हें आदि पत्रकार मानने में कोई संदेह नहीं है।**

**मीडिया** का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है। भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा।वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। इसी धारणा से कार्य करना चाहिए।आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी। वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई। उन्होंने हिन्दू और मुसलमानों की बात करना शुरू कर दिया। लेकिन वर्ग संघर्ष के चिंतन को बनाये रखा। ये कथित प्रगतिशील पत्रकार हिन्दू और मुसलमानों के संघर्ष की रचना करने लगे। इन्होंने यह मान लिया इनका वर्ग संघर्ष चलता रहेगा। वामपंथी रुझान वाले यहीं तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने सवर्ण और दलित के बीच भी वर्ग को हवा देना शुरू किया। वामपंथी रूझान की पत्रकारिता ने हिंदुओं के विरोध को अपना पैशन बना लिया। वर्ग संघर्ष के सिद्धांत पर उन्होंने यह विचार फैलाया की हिन्दू शोषक और मुसलमान शोषित है। इसीलिए पश्चिम बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा उन्हें दिखाई नहीं देती। किंतु कुछ लोग मजहब के आधार पर समाज विरोधी कार्य करें, यह कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करें, तो इसे भगवा आतंकवाद के रूप में प्रसारित किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही वामपंथी विचारकों को लेखन के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा बनाये गए पाठ्यक्रम को शिक्षा में चलाया गया। इसमें भारत के प्रति हीन भावना का विचार था। प्राचीन भारतीय विरासत को खारिज किया गया। यह पढ़ाया गया कि विदेशी शासन ने भारत को सच्य बनाया। जबकि वह स्वयं सच्यताओं के संघर्ष करने वाले लोग थे। भारत तो सबके कल्याण की कामना करने वाला देश रहा है। देवर्षि नारद का तीनों लोकों में समान सहज संचार था।

# मिश्राना चौकी की हालत बद से बदतर कप्तान साहब इधर भी दें ध्यान

**✲ लखीमपुर शहर की मेन रोड़ मेन मार्केट वीआईपी जगह पर स्थित है मिश्राना चौकी**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा





**लखीमपुर-खीरी।** शहर की बहुत पुरानी मिश्राना चौकी कोतवाली सदर से चंद कदम दूर है शहर की मेन रोड़ भारी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में काफी पुरानी मिश्राना चौकी पर न किसी जन प्रतिनिधियों की नजर जाती न ही पुलिस अधीक्षक खीरी की हर चौकी थानों की कायाकल्प पलटने वाले पुलिस अधीक्षक खीरी की नजर अभी अपनी बदहाली पर आशू बहा रही मिश्राना चौकी पर नहीं पड़ी जिसके तीन तरफ रोड और आगे खड़े जंगल पर लोगों पेशाब करने जाते जिसकी शुरुआत भीषण गंदगी में लगे जंगल से होती फिर दिखाई पड़ती बहुत पुरानी बिल्डिंग जो पूरी तरह से जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुकी है।मिश्रा चौकी को सुंदरीकरण हो जाए तो पास में स्थित चौराहा रोड़ सभी सुंदर लगने लगेगी बीच आबादी मुख्य जगह पर इतनी खराब स्थिति में मिश्राना चौकी है।जिसको देखने के बाद आसपास की लोकेशन देखने पर यही बात दिल में आएगी की अगर चौकी का सुंदरीकरण हो जाए तो आस पास कितना अच्छा लगेगा न अदर चौकी प्रभारी के लिए रूम एक कमरा वह भी बैठने के लायक नहीं वहां पर रुकने वाले सिपाहियों के लिए कोई भी सुख सुविधा के इंतजाम नहीं न कहीं फर्श न कहीं साफ सफाई देखतीं क्योंकि साफ सफाई हो ही नहीं सकती खण्डर सी बिल्डिंग का स्वरूप ही ऐसा है।लखीमपुर शहर की देखते देखते जेल चौकी संकटा देवी चौकी महेवागंज आदि देखते देखते बन गयी लेकिन बहुत पुरानी शहर की मुख्य जगह पर स्थित मिश्राना चौकी सदैव उपेक्षा का शिकार हुई वर्तमान पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के आने के बाद लोग कयास लगा रहे थे। अब मिश्राना चौकी के दिन बहुरेंगे परंतु कुछ नहीं व जैसी थी उससे खराब स्थिति में होती जा रही जहां पर तैनात स्टाफ भी अंदर ही अंदर यह जरूर सोचता होगा जगह कितनी सुंदर चौकी की स्थिति क्या काफी बडे क्षेत्रफल को कवर करती मिश्राना चौकी पर कब जनप्रतिनिधियों की नजर पड़ेगी कब विभागीय अधिकारी जागेंगे कब जाएगा पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा का ध्यान कब होगा मिश्राना चौकी का सुंदरीकरण कब बदलेगा मिश्राना चौकी का कायाकल्प जो भविष्य के गर्भ में है।

## बिजली खंभे से टकराई मोपेड, 15 साल के किशोर की मौत, साथी घायल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में किशोर की मोपेड बिजली खंभे से टकरा गई।हादसे में मोपेड चला रहा गांव कलवारी निवासी 15 वर्षीय मुस्तकीम पुत्र असगर की सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से जान चली गई।मोपेड पर पीछे बैठा गांव निवासी 15 वर्षीय अरबाज पुत्र सज्जन चोटिल हो गया।जानकारी के अनुसार मुस्तकीम गांव में परचून की दुकान चलाता था।वह शुक्रवार तड़के अरबाज के साथ मोपेड से सामान खरीदने इब्राहिमपुर गया था।वापस घर जाते समय रास्ते में हादसा हो गया।जिसमें दोनों घायल हो गए।मुस्तकीम के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।मुस्तकीम को परिजन निजी वाहन से जिला अस्पताल शाहजहांपुर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।इसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले आए।मुस्तकीम की मौत से घर में कोहराम मच गया।

# दहेज के खातिर पति ने पत्नी को गला दबाकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



पढुआ थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को उसके ही दहेज लोभी ससुरालीजनो ने गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक महिला के पिता ने दामाद समेत चार लोगों को नाम जद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम भैरमपुर मजरा बैरिया निवासी जगजीत सिंह ने बताया है कि उसकी पुत्री हरप्रीत कौर 25 वर्ष को शुक्रवार रात उसके ही पति धर्मेंद्र सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर दहेज के खातिर पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी है।जगजीत सिंह के मुताबिक उसने अपनी पुत्री हरप्रीत कौर की शादी करीब 5 वर्ष पूर्व पड़ोस के ही धर्मेंद्र सिंह के साथ किया था। शादी के उपरांत ससुरालीजन दहेज के खातिर पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे।जगजीत सिंह के मुताबिक गुरुवार मध्य रात्रि पुत्री हरप्रीत कौर के मरने की सूचना उसके ससुराल से आई। मौके पर जाकर देखा तो चारपाई पर हरप्रीत की लाश पड़ी थी। उसके गले पर खरोच के निशान बने थे जिससे प्रतीत होता है कि उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। जगजीत सिंह ने बताया कि दामाद धर्मेंद्र सिंह का एक महिला से अवैध संबंध चल रहे हैं वह कई बार महिला को घर भी ला चुका है।इस संदर्भ में एसओ हरिकेश राय ने बताया कि मृतका हरप्रीत कौर की मौत कैसे हुई पोस्टपार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा फिलहाल पिता की तहरीर पर दामाद धर्मेंद्र सिंह ससुर गुरपाल सिंह भाई जसविंदर सिंह और जेठानी रमनदीप कौर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के लिए दामाद धर्मेंद्र सिंह व उसके पिता गुरपाल सिंह को हिरासत में ले लिया गया है।

# नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

**✲ पीड़िता विधवा महिला ने एसपी डीएम को दिया प्रार्थना पत्र रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग**

थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव की नाबालिक लड़की को थाना लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्र के एक गाँव निवासी लड़के के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामले सामने आया है।मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़िता विधवा महिला ने 17 मई 24 को थाना खीरी पुलिस को शिकायत पत्र दिया था लेकिन पुलिस पीड़िता से नाबालिक होने का प्रमाण मांग रही थी और अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।इस सम्बन्ध में 24 मई 2024 को पीड़िता विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा से मिलकर शिकायत पत्र सौंपा है और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है वहीं एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खीरी पुलिस को मामले में जांच के आदेश दिए हैं।पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज कराने के लिए पहले वह खीरी पुलिस के पास दौड़ लगाती रही लेकिन महिला अपराधों पर खीरी थाने की पुलिस हल्के में ले रहीं हैं और कार्रवाई नहीं कर रही है इसलिए वह पुलिस अधीक्षक से मिली है और एफआईआर दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है।थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत एक विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर बताया है कि उसकी नाबालिक पुत्री जिसकी उम्र करीब 16 वर्ष की है जो 17 मई 24 को सीतापुर रोड पर आकर एक लड़के के साथ चली गई है जिसको भगाने में गाँव के ही एक व्यक्ति का हांथ है।पीड़िता का कहना है कि लड़की जिस गाँव में गई है वहां पहले से ही उसकी बड़ी लड़की की ससुराल है जहां उसकी छोटी लड़की जाती रहती थी और वहीं गाँव के एक लड़के की जान पहचान हो गई थी।पीड़िता का आरोप है कि उसकी लड़की उसी गाँव के लड़के के साथ गई है और अपने सभी कागज,आधार कार्ड साथ ले गई है।पीड़िता का कहना है कि मेरी लड़की बाहर रहकर काम करने गई थी वहीं पर अपना आधार कार्ड संशोधन करा लिया और उसके अनुसार वह बालिक है जबकि स्कूल में अभी दर्ज अभिलेख में नाबालिक है।इस समय स्कूल बंद हैं इसलिए वहां से कोई दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं।पीड़िता ने बताया है यदि मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलकर मामले को लेकर कार्रवाई की मांग करेगी।

# कला प्रतियोगिता के प्रतिभाशाली बच्चों को डॉक्टर कौशल वर्मा ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



लखीमपुर,ब्राइट लैंड एकेडमी में हुई कला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो को सनसाइन हॉस्पिटल के संचालक मुख्य अथिति डॉ कौशल वर्मा ने किया पुरुस्कृत। INDIAN AMACRINE FOUNDATION द्वारा आयोजित JUNIOR PICASSO-2024 प्रतियोगिता में अपने विचारों को कला के रूप में प्रदर्शित किया। शुभारम्भ डॉ कौशल ने सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर किया।सुमित राज सिंह (मैनेजिंग डायरेक्टर ब्राइटलैंड एकेडमी), प्रधानाचार्य अमित गुप्ता, कला अध्यापक अंकुर वर्मा, मोश दानिश, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज सिंह,फाउंडेशन संस्थापक शिवा गुप्ता, फाउंडेशन अध्यक्ष शाबाज़ अली, ताइक्वांडो अध्यापक प्राञ्जवल गुप्ता, वही उल्लाह ,आकाश, मयूरी चौहान, मनीषा भारती ,आशुतोष ,उदित आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ कौशल वर्मा ने बच्चो को शिक्षा के साथ- साथ अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने के गुणों के बारे में बताया। कहा कि समाज में प्रतिभाओ की कमी नहीं है। Admund Thomas Clint नामक छोटे से कलाकार द्वारा अपनी 6 वर्ष 11 माह की छोटी सी आयु में अपने पीछे लगभग 25000 कलाकृतियां छोड़ी गयी। जो कि यह प्रदर्शित करता है कि प्रतिभाएं हमारे अंदर छिपी हुई है उन्हें निखारना हमें ही है।

## मार्च में आए 95 लाख श्रद्धालु अप्रैल-मई में आधी हुई संख्या

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

श्री काशी विश्वनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर महीने नया रिकॉर्ड बना रही है। तीन महीने में श्रद्धालुओं की संख्या एक करोड़ 81 लाख 50 हजार 686 पहुंच गई। मार्च में श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक रही जबकि गर्मी के कारण अप्रैल व मई में संख्या लगभग आधी हो गई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च के महीने में 95 लाख, 63 हजार 432 श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए थे। अप्रैल महीने में श्रद्धालुओं की संख्या 49 लाख 88 हजार 40 और इस महीने 20 मई तक 35 लाख 99 हजार 214 श्रद्धालु बाबा के मंदिर पहुंचे।

# खीरी में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता : डीडी कृषि

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को वर्तमान समय में खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य चरम पर है जिस हेतु समस्त उर्वरक पर्याप्त मात्रा में जनपद में उपलब्ध है।उक्त आशय की जानकारी उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि शासन से जनपद हेतु माह मई 2024 तक यूरिया 39040 मी0टन, डीएपी 6740 मी0टन,एनपीके 9000 मी0टन, एमओपी 300 मी0टन एवं एसएसपी 11200 मी0टन का लक्ष्य आवंटित है, जिसके सापेक्ष जनपद में यूरिया 56901 मी0टन, डीएपी 7027 मी0टन, एनपीके 6579 मी0टन, एमओपी 807 मी0टन एवं एसएसपी 16237 मी0टन की उपलब्धता है।इस प्रकार जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुयी है और कहीं भी यूरिया सहित अन्य फास्फेटिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

**एमआरपी से अधिक मूल्य पर खाद बेचने पर होगी कठोर कार्रवाई, कंट्रोल रूम में दर्ज कराए शिकायत**

किसान भाईयों से अपील करते हुए डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने कहा कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही/खतौनी के अनुसार उर्वरक अपने नजदीकी निजी/सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से प्राप्त करें। किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता बोरे पर अंकित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री करता है अथवा किसी भी अनुदानित उर्वरकों के साथ कोई अन्य उत्पाद की टैगिंग करता है तो इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 7289036484 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें, प्राप्त शिकायत का तत्परता से निराकरण किया जायेगा। साथ ही किसान भाइयों से अपील है कि गन्ने की फसल में अनावश्यक रूप से अतिरिक्त टॉप ड्रेसिंग न करें क्योंकि अत्यधिक टॉप ड्रेसिंग से फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में ह्रास होने की अधिक सम्भावना बनी रहती है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रक चालक ने 3 लोगों को कुचला, मौत

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जिले में आज सुबह ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे 3 लोग नीचे गिर गए। इसके बाद चालक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे तीनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने ट्रक और उसके चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई में जुट गई। घटना मगरहा तिराहे के पास की है। साण्डी थाने के संजलापुर निवासी मलिखान पुत्र चेतराम (50), हरपालपुर के बरसोइया निवासी लल्ला भइया पुत्र छोटेलाल (45) और हरपालपुर कस्बा निवासी राम मंगल पुत्र देवी दयाल (45) बाइक से मल्लावां से कन्नौज की तरफ जा रहे थे। उसी बीच मगरहा मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मलिखान और लल्ला भैया की मौके पर मौत हो गई। राम मंगल को 108 एम्बुलेंस से मल्लावां सीएचसी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर जितेंद्र पटेल ने राममंगल को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर राघौपुर चौकी इंचार्ज संजय कुमार राय और एसआई मान सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वही ग्रामीणों ने ट्रक समेत चालक को पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया की तीनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

### सडक़ के किनारे पड़ा मिला लावारिश शव

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जनपद के थाना टड़ियावां क्षेत्र में एक अज्ञात का शव सडक़ किनारे पड़ा मिला। घटना हरदोई-सीतापुर राज्य मार्ग पर जनसरी तिराहा के समीप सडक़ किनारे यह लावारिस शव देखा गया है। जिससे वहां हडक़ंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना टड़ियावां पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि थाना टड़ियावां क्षेत्र के हरदोई-सीतापुर राज्य मार्ग पर जनसरी तिराहा के समीप मार्ग के किनारे एक लावारिश शव राहगीरों सहित क्षेत्र के लोगों ने देखा तो वहां हडक़ंप मच गया और कुछ समय में वहां पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची टड़ियावां पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक अज्ञात युवक पिछले कई दिनों से इलाके में घूमता हुआ देख गया है, और मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त भी बताया गया है। उपरोक्त मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है और शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### धू-धूकर जला ट्रांसफॉर्मर,कई घंटे तक बिजली हुई गुल



**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जनपद में अज्ञात कारणों के चलते ट्रांसफार्मर में आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर आग के गोले में तब्दील हो गया और उससे ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। इसके बाद इलाके में हडक़ंप मच गया। लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग का विकराल रूप देखकर तत्काल ही फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। शाहबाद में महुआटोला चुंगी के पास रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इससे ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। घटना की जानकारी पर दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर जलने से 17 घंटे तक बिजली गुल रही, इससे उपभोक्ता परेशान हुए। शाहबाद में देर रात महुआ टोला के पास रखा ट्रांसफार्मर अचानक धू-धूकर जलने लगा, इससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते आग बढ़ने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने अपने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, पर आग शांत नहीं हुई। इस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। महुआटोला के 400 केवीए के ट्रांसफार्मर के जलने से क्षेत्र की बिजली 17 घंटे से बंद है, जिससे साढ़े चार सौ उपभोक्ता प्रभावित हैं। जेई संतोष कुमार ने बताया कि शॉर्ट-सर्किट से ट्रांसफार्मर में आग लगी थी, जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाएगा।

### प्राचीन लॉर्ड स्वयंभू विश्वेश्वर में बनाने का आवेदन खारिज

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट प्रशांत कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 1991 के प्राचीन लॉर्ड स्वयंभू विश्वेश्वर वाद में शैलेंद्र पाठक और जैनेंद्र पाठक को पक्षकार बनाने का आवेदन ख़ारिज कर दिया और इस प्राचीन वाद के सुनवाई के लिए अगली तारीख 2 जुलाई नियत कर दी। शैलेंद्र के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

# कार में पति-पत्नी जिंदा जले महिला परीक्षा देकर लौट रही थी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जनपद में पेड़ से टकराने के बाद कार में आग लग गई। इसमें सवार पति-पत्नी जिंदा जल गए। महिला पति के साथ अर्टिगा कार से ठ। का एग्जाम देकर लौट रही थी। रास्ते में कार का टायर फट गया और एक नीम के पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आधे घंटे के बाद आग बुझाई। मामला सांडी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने कार के नंबर से पता सर्च कर पीड़ित परिवार को सूचना दी। कार सांडी की तरफ से हरदोई की तरफ आ रही थी। हादसा कान्हा गौशाला के पास हुआ। कार में लगी आग इतनी भीषण थी कि दंपती को निकलने का मौका भी नहीं मिला। घटना के शिकार हुए लोग कोतवाली देहात इलाके के रद्दे पुरवा के रहने वाले हैं। आकाश (32) पत्नी कीर्ति (30) को ठ। की परीक्षा दिलाने सांडी थाना क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज लेकर आए थे। परीक्षा खत्म होने के बाद अपनी अर्टिगा कार से दोनों घर लौट रहे थे। बघराई गांव के पास हरदोई मार्ग पर अचानक कार का टायर फट गया। कार सडक़ किनारे खड़े नीम के पेड़ से टकरा गई। जोरदार टक्कर होने से कार धूं-धूं कर जलने लगी। इसमें सवार आकाश और कीर्ति जिंदा जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- आग लगने के बाद पति-पत्नी ने सीट बेल्ट खोलने का प्रयास किया, लेकिन लपटों में घिरने होने की वजह से बाहर नहीं आ सके। मौके पर मौजूद लोगों ने भी मदद करने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई कुछ नहीं कर पाया। पुलिस ने दोनों के शवों को जली हुई हालत में बाहर निकाला। परिवार वाले मौके के लिए रवाना हो चुके हैं। एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया- पति-पत्नी सांडी इलाके में परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार का टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई और उसमें आग लग गई। आग से कार में लगे ब्छळ सिलेंडर भी जल गए। हादसे में पति-पत्नी की जलकर मौत हो गई।

# सरकारी अस्पतालों का बुरा हाल गंदगी का लगा रहता है अंबार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

**✲ उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का यह गृह जनपद है**

जनपद में सरकारी अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार है। यह आलम तब है जब उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का यह गृह जनपद है। यहां स्थित बिलग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जब हम पहुंचे तो सुबह लगभग 11:50 पर सीएचसी के हाल बेहद बुरे नजर आए। यहां गंदगी का अंबार है। यहां मरीज लेकर आए तीमारदार राजकुमार ने बताया कि चिकित्सक जहां मरीजों को स्वच्छता रखने की सलाह देते हैं। उसी सीएचसी में गंदगी का अंबार लगा है। शुद्ध पेयजल के लिए लगाया गया वाटर कूलर खराब पड़ा है। बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। टंकी के पास कूड़े का ढेर लगा रहता है। भीषण गर्मी में पानी के लिए मरीजों और तीमारदारों को अब मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। इमरजेंसी वार्ड में खून से लथपथ चादर दिखाई दी। मरीज को मजबूरन गंदी चादर पर लेटना पड़ रहा है। इमरजेंसी वार्ड गंदगी से भरा दिखाई दिया। सुबह के समय अस्पताल के सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाने पर ध्यान ही नहीं देते। मरीजों के वार्ड में सही से सफाई नहीं करते। नियमित सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने से थोड़ी दिक्कतें हैं। इसके बावजूद भी अस्पताल के सभी वार्डों एवं परिसर को साफ सुथरा रखने का प्रयास किया जाता है। दूसरी तरफ मरीज को शौचालय के लिए बाहर जाना पड़ता है। शौचालय में ताला पड़ा रहता है। बिलग्राम सीएचसी की सफाई व्यवस्था से लेकर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट दिखाई दी, जिम्मेदार इसे अंजान हैं। इसके अलावा अस्पताल की आवासीय कॉलोनी की सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। पेयजल के लिए परिसर में लगा वाटर कूलर बस सजावट के लिए बना हुआ है। मामले को लेकर सीएचसी अधीक्षक राजेंद्र कुमार से बात की तो उन्होंने बताया की लगातार सफाई कराई जाती है। चुनाव में कर्मचारियों की व्यस्तता से गंदगी हो गई है। जल्द ही सारी व्यवस्था कराकर सफाई कराई जायेगी।

# हरगांव में आग का गोला बनी अनुबंधित बस,मची चीख पुकार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लखनऊ से सवारियां भरकर गोला जनपद खीरी आ रही गोला डिपो की अनुबंधित बस में सीतापुर जिले के हरगांव में अचानक आग लग गई।इससे बस में चीख पुकार मच गई।पल भर में आग की लपटों से घिरी बस जलकर नष्ट हो गई।गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। हादसा गुरुवार की रात करीब 10 बजे हुआ।लखीमपुर खीरी के गोला डिपो की अनुबंधित बस यूपी 31 एटी 5868 लखनऊ से गोला वापस आ रही थी।बस में करीब 20 यात्री सवार थे।खीरी बॉर्डर के हरगांव (सीतापुर) में अचानक अज्ञात कारणों के चलते बस में भीषण आग लग गई।इससे उसमें सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई। किसी तरह से बस से कूदकर यात्रियों ने अपनी जांच बचाई। बस में अग्निशमन यंत्र न होने से चालक और परिचालक के साथ ही अन्य लोग जब तक आग बुझाने की कोशिश करते। आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई।उसमें से उठने वाली लपटे काफी दूर तक जाने लगी।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविंद कुमार पांडेय भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।आग की खबर मिलते ही गोला डिपो के अफसरों में खलबली मच गई। हादसे के बाद जागे जिम्मेदारों ने बस अड्डे पर शुरू की चेकिंग।अफसरों ने आनन-फानन डिपो पर खड़ी निगम और अनुबंधित बसों में लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच शुरू कर दी।अधिकतर बसों में अग्निशमन यंत्र न मिलने पर उनका संचालन रोक दिया गया। एआरएम महेश चंद्र कमल ने बताया कि सभी यात्री और चालक परिचालक सुरक्षित हैं। बसो में अग्निशमन यंत्रो की जांच कराई जा रही है। जिनमे यह नही मिल रहे है, उनका संचालन बंद कराया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री 25 मई को काशी में करेंगे जनसभा, प्रियंका और डिंपल का रोड शो भी, प्रशासन तैयार



जन एक्सप्रेस । वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अस्सी घाट पर जनसभा को संबोधित करेंगे। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां साफ सफाई के साथ अतिक्रमण हटवाए गए। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री शाम 5¬30 बजे अस्सी घाट पहुंचेंगे। सबसे पहले वह मां गंगा का पूजन करेंगे। उसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। यह पहली बार होगा जब कोई मुख्यमंत्री घाट पर जनसभा करेगा। सभा में 30 हजार लोग शामिल होंगे। अस्सी क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण स्थल है। चारों तरफ से लोग सभा में जुटेंगे। इसके अलावा शहर से भी कार्यकर्ता और जनता मुख्यमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जिस समय जनसभा करेंगे उसी समय प्रियंका गांधी और डिंपल यादव का रोड शो है। इस पर विधायक विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष पूरे देश से गायब है और काशी में प्रधानमंत्री के सामने कोई चुनाव लड़ेगा तो वह अपनी जमानत बचाने के लिए चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी रोड-शो कर लें कोई फायदा नहीं होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री आरती में भी शामिल हो सकते हैं।

## पिंडरा में चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, 25 मई को खुली रहेगी पहड़िया मंडी

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

लोकसभा मछली शहर निर्वाचन के तहत पिंडरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होना है। शनिवार को मतदान के लिए पहड़िया मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। सभी निर्वाचन गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने शुक्रवार को चुनाव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी मीडिया, सी-विजिल, टोल फ्री-1950 समेत विभिन्न प्लेटफॉर्म पर निर्वाचन को लेकर आने वाली शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सभी शिकायतों को समय निस्तारण करने की हिदायत दी। 25 मई को लोकसभा मछली शहर का चुनाव है। इसमें वाराणसी जिले की पिंडरा विधानसभा भी आती है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने विभिन्न नियमों के बारे बताया। इसमें ईवीएम, निर्वाचन सामग्री आदि प्राप्त करना, उनकी रवानगी तथा मतदान केंद्रों पर पहुंचने की पूरी जानकारी लेने को कहा। उन्होंने निर्धारित समयावधि में मतदान के आंकड़े लेने का भी निर्देश दिया।

**बहराइच के लिए रवाना हुआ गाजी मियां के पलंग पीढ़ी का जुलूस**

महमूद गजनवी के सिपहसालार मसूद गाजी मियां का मेदनी (पलंगपीढ़ी) का जूलूस शुक्रवार को बहराइच के लिए रवाना हुआ। दो जून को गाजी मियां के विवाह की रस्म निभाई जाएगी। हजरत सैयद सलार मसूद गाजी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह से बरात की रस्म का जुलूस कदीमी रास्तों से निकाला गया।

# अनर्थकारी है कांग्रेस और सपा का गठबंधन जब भी साथ आए अनर्थ ही हुआ : सीएम योगी

## गोरखपुर संसदीय क्षेत्र के पिपराइच में चुनावी जनसभा को संबोधित किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

- कांग्रेस-सपा शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले से, शाम होते-होते आतंकी विस्फोट : सीएम योगी
- एससी-ओबीसी आरक्षण को मुसलमानों में बांटना चाहती हैं कांग्रेस और सपा : सीएम योगी
- गोकशी की छूट देना चाहती हैं कांग्रेस-सपा यह देश शरीयत से नहीं, संविधान से चलेगा : सीएम योगी



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत से आतंकवाद और भ्रष्टाचार समाप्त हो गया है। जबकि कांग्रेस और सपा के शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले से होती थी और शाम होते-होते कहीं न कहीं आतंकी विस्फोट हो जाता था। आज तो पटाखा भी कहीं फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देते फिरता है कि इसमें मेरा हाथ नहीं है। यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं है लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी शुक्रवार शाम पिपराइच में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा और दोनों के कार्यकाल और साथ को कटघरे में खड़ा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश का नाम और मान दुनिया में बढ़ाने वाली मोदी सरकार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस और सपा का अनर्थकारी गठबंधन। इन दोनों के बीच जब भी गठबंधन हुआ तो अनर्थ ही हुआ है। याद करिए जब केंद्र में कांग्रेस और यूपी में सपा की सरकार थी तो अयोध्या में आतंकी हमला हुआ, वाराणसी में आतंकी हमला हुआ। इनके शासन में रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं। हर तरफ अराजकता का तांडव था। सीएम ने कांग्रेस और सपा के चुनावी घोषणा पत्रों पर भी करारा हमला बोला। कहा कि अब यह अनर्थकारी गठबंधन अपने घोषणा पत्र में कह रहा है कि अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग का आरक्षण मुसलमानों में बांट देंगे। यह गठबंधन भारत में पर्सनल रूल यानी तालीबानी शासन लागू करने की फिराक में है।

### पाकिस्तान का राग आलाप रहे कांग्रेस और सपा के लोग

सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग पाकिस्तान का राग आलापते हैं। ऐसे लोगों को भारत पर बोझ बनने की बजाय पाकिस्तान में ही चले जाना चाहिए। एक तरफ पाकिस्तान है जहां के लोग भूखों मर रहे हैं तो दूसरी तरफ मोदी जी के नेतृत्व वाला भारत है जो अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। पाकिस्तान का राग आलापने वालों को वहां भीख भी नहीं मिलेगी।

### सही मत विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण की गारंटी

सीएम योगी ने कहा कि जब सही मत पड़ता है तो विकास, सुरक्षा, सम्मान और गरीब कल्याण की गारंटी होती है। जैसा कि जनता ने सही मत देकर मोदी सरकार बनाई तो आज देश में अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये तक के इलाज के लिए आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो तीसरी बार मोदी सरकार में 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक बुजुर्ग को आयुष्मान का लाभ मिलने जा रहा है। मोदी सरकार में किसान को सम्मान निधि मिल रही है जबकि सपा की सरकार में किसान आत्महत्या करता था। सपा के शासन में गरीब के हक पर डकैती पड़ती थी जबकि आज हर गरीब का शौचालय बन गया है, उज्जवला योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिल गया है। पहले जहां रसोई गैस के लिए लाठी पड़ती थी तो वहीं अब यूपी में होली और दिवाली में गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों के मकान बनवाए हैं। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर जो गरीब बच गए हैं, उनके भी मकान बन जाएंगे। सीएम ने गोरखपुर में हुए विकास कार्यों में एम्स, खाद कारखाना, आयुष विश्वविद्यालय आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब सही मत पड़ने की वजह से संभव हुआ। आज मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में कहीं फोरलेन तो कहीं सिक्सलेन सड़कें बन रही हैं। एम्स, ट्रिपल आईटी, बन रहे हैं। वंदे भारत, अमृत भारत, मेट्रो चल रही है। आईटीआई, पालीटेक्निक व विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय बन रहे हैं।

### हर जगह जनता कह रही, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से राम मंदिर के आंदोलन की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए कहा कि पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। रामलला विराजमान हो गए हैं। अब तो हर जगह जनता यही कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। सीएम योगी ने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या कांग्रेस और सपा से अयोध्या में मंदिर बनवाने की उम्मीद की जा सकती थी? समवेत आवाज गूंजी-नहीं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते थे, राम हुए ही नहीं। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी। आज भी सपा के नेता कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेकार तो राम के विरोधी हैं। राम तो जगत नियंत हैं, परमपिता परमेश्वर हैं। सदियों से हिन्दू कहता रहा कि राम लाल आएंगे और आज रामलला आ भी गए। सीएम योगी ने कहा कि हमने जो कहा वह करके दिखा भी दिया लेकिन राम मंदिर बनवाने का पुण्य, गरीबों को योजनाओं का लाभ मिलने का पुण्य, विकास का पुण्य सबको आपको (जनता को) जाता है क्योंकि आप ने ही मोदी और योगी को चुना है। उन्होंने कहा कि एक तरफ रामलला विराजमान हो गये हैं तो दूसरी तरफ माफिया का राम नाम सत्य हो गया है।

### जिधर देखो, उधर विकास ही विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जिधर देखो विकास ही विकास नजर आता है। सात साल पहले पिपराइच क्षेत्र की सड़कों को देखकर लगता ही नहीं था कि सड़क है या गड्ढा। आज जिधर नजर फेरिये उधर फोरलेन-टूलेन की चमचमाती सड़कें हैं। उन्होंने बताया कि पिपराइच को गोरखपुर से जोड़ने को फोरलेन बनाने के लिए एक हजार करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिया गया है। इस फोरलेन के बन जाने से गोरखपुर और पिपराइच के बीच की दूसरी सात मिनट में तय हो जाएगी। यही नहीं पिपराइच से पीपीगंज या नेपाल की तरफ जाना हो तो रिंग रोड बन रही है। पिपराइच के चारो तरफ बाईपास बन जाएगा और जाम की समस्या नहीं होगी। सीएम ने कहा कि पिपराइच से सोनबरसा जाने वाले मार्ग पर ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसकी डिजायन ऐसी होगी कि हनुमान जी का मंदिर भी बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिपराइच एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जहां दो विश्वविद्यालय हैं, आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय हैं। यहां के आयुष विश्वविद्यालय के सामने तो दुनिया के कई बड़े विश्वविद्यालय फेल नजर आएंगे। यहां की जिस बंद चीनी मिल को सपा बेचना चाहती थी और हमें आंदोलन करना पड़ता था, आज वह प्रदेश की सुंदर चीनी मिलों में शामिल होकर चल रही है। उसे देखकर लोगों की आंखें चौंधिया जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए एक भी पैसा नहीं देती थी।

### विकास भी होगा, भरपूर क्षतिपूर्ति भी मिलेगी

सीएम योगी ने कहा कि क्षेत्र का विकास भी होगा और किसानों को भरपूर क्षतिपूर्ति भी मिलेगी। होगा क्षतिपूर्ति भरपूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो विरोधी हैं वे बरगलाने का प्रयास करेंगे। तमाम झूठ बोलेंगे, लेकिन आपको बहकावे में नहीं आना है। आज जो मैं बोल रहा हूं उस पर विश्वास करिए। हम पहले भी यहीं थे, आगे भी यहीं रहकर पूरे प्रदेश की सेवा करना है। सीएम ने कहा कि गोरखपुर में सिर्फ जीत नहीं बल्कि रिकार्ड जीत होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने जनता से हामी भरवाई और हर व्यक्ति को सात दिनों में सत्तर परिवारों से संपर्क कर मतदान कराने की अपील की। कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए हम सबको मिलकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। रिकार्ड जीत दिलाने की जिम्मेदारी आपकी और सुरक्षा, विकास की जिम्मेदारी हमारी।

## मतदान व मतगणना दिवस को जनपद में आबकारी की दुकानें बंद रहेंगी

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जिला मजिस्ट्रेट उमेश मिश्रा ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद कुशीनगर में दिनांक 01जून को मतदान दिवस व दिनांक 04जून को मतगणना दिवस पर स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान एवं मतगणना का कार्य सुचारू रूप से शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शुष्क / मद्यनिषेध दिवस घोषित करने हेतु आदेश निर्गत किया हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने उ0प्र0 आबकारी (संशोधित) नियमावली-1999,/ आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये जनपद कुशीनगर में स्थित समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर भाग तथा ताडी की थोक/फुटकर अनुज्ञापन, माडल शाप, एफ0एल0-16/17 व रेस्टोरेन्ट बार सहित समस्त आबकारी अनुज्ञापन दिनांक 30 मई के सायं 6 बजे (मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान दिनांक 01जून की सायं 6 बजे अथवा मतदान समाप्ति, जो भी बाद में हो, तथा मतगणना दिवस 04 जून को मतगणना समाप्ति तक शुष्क / मद्यनिषेध दिवस घोषित करते हुये बन्द रखे जाने का निर्देश दिए हैं। उक्त बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार के अनुज्ञापन शुल्क की छूट या प्रतिफल देय नहीं होगा।

### देवरिया में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले...

## अयोध्या में बन गया राम मंदिर, सरकार बनते ही मथुरा की बारी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

देवरिया जिले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुशवाहा के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया, अब सरकार बनते ही मथुरा की बारी है। मथुरा में कृष्ण भगवान बांसुरी बजाकर इंतजार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सलेमपुर सेंट पॉल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुशवाहा के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ढाई महीने से रोज चुनाव प्रचार में जगह-जगह आप के बीच जाने का अवसर मिल रहा है। जनता का अपार स्नेह मिल रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लड़ाई एक तरफ राम मंदिर बनवाने वाले राम भक्तों से है तो दूसरी तरफ कार सेवकों पर गोली चलवाने वाले लोगों के बीच है। तय आपको करना है कि आप किसकी तरफ रहेंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार ने भक्तों पर गोलियां चलवाईं, जिससे अयोध्या नगरी खून से लाल हो गई थी। डिप्टी सीएम ने भाजपा प्रत्याशी की जीत का दावा किया और कहा कि भाजपा जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्य करती है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भीड़ बता रही है कि भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया, अब सरकार बनते ही मथुरा की बारी है। मथुरा में कृष्ण भगवान बांसुरी बजाकर इंतजार कर रहे हैं। आप मोदी जी के हाथों के मजबूत कीजिए। जल्द ही अदालत के माध्यम से भगवान कृष्ण पूरी दुनिया के सामने बांसुरी बजाते नजर आएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक काली प्रसाद, भाजपा पूर्व जिला

## व्यापारियों ने दिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को समर्थन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

उत्तर प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रूवचंद जायसवाल ने शुक्रवार को इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को अपने समाज का समर्थन पत्र सौंपा।

इस दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि देवरिया के विकास के लिए आज बदलाव की जरूरत है ,ऐसे में विकास का रास्ता गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह की बड़ी जीत से ही खुलेगा , उन्होंने कहा कि सर्ववर्गीय जायसवाल महासभा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने पूरे जोश खरोश से गठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने मे तन मन धन से लगेंगे । इस दौरान हृदयनारायण जायसवाल, विनोद जायसवाल,राजकुमार जायसवाल, त्रिलोकी जायसवाल,तारकेश्वर जायसवाल,पिंटू गुप्ता अविनाश गुप्ता भोला,अजीत जायसवाल, चन्दन वर्मा,राकेश वर्मा,सुबास जायसवाल ,मयंक अग्रवाल आदिलोग उपस्थित रहे।



## बुद्ध जयंती के अवसर पर कुशीनगर में कलाकारों ने बांधा समा




जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

संस्कृति विभाग, उप्र एवं जिला प्रशासन कुशीनगर के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला के अन्तर्गत बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विति रात बर्मी बुद्ध विहार कुशीनगर के प्रांगण में सांस्कृतिक सन्ध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लखनऊ एवं गोरखपुर के कलाकारों द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन पर नृत्य नाटिका एवं लोक गायन की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम में सुश्री जूही कुमारी के दल द्वारा बुद्ध चरित को दर्शाने वाली नृत्य नाटिका की मनोहार प्रस्तुति की गयी। नृत्य नाटिका में कोमल, नवीन, दीक्षा, चंद्रभास, अभय प्रताप, अर्जुन, निहारिका, साक्षी, छवि, प्राची, स्नेहा, अनामिका आदि कलाकारों ने अभिनय किया। नाटिका में भगवान बुद्ध के सम्पूर्ण जीवन, दर्शन तथा उनके उपदेशों को प्रस्तुत किया गया। गोरखपुर के प्रख्यात लोक गायक राकेश उपाध्याय एवं उनके दल द्वारा भजन एवं लोकगीतों जैसे, हे बुद्ध देव कल के अवतारी तुम को नमन करू एवं कलयुग अवतारी घट घट वासी तुम हो कृपा निधान जय हो बुद्ध देव भगवान आदि गीतों की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। लोक गायन में गौरव मिश्र, अभिषेक यादव, अनुराग शर्मा, नमन उपाध्याय, एवं सुमंत राय आदि कलाकारों ने प्रस्तुति किया। कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष भदन्त ज्ञानेश्वर जी के द्वारा समस्त कलाकार दलों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मजिबुल्लाह राही ने किया। संस्कति विभाग, उ0प्र0 की तरफ से संग्रहालयाध्यक्ष, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर अमित द्विवेदी के द्वारा उपस्थित सम्मानित अतिथियों, समस्त कलाकार दलों, पत्रकार बंधुओं तथा कुशीनगर भिक्षु संघ के प्रति स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया गया। उक्त अवसर पर धम्म नैना, अशोक भंते व अन्य भिक्षु गण, नगीना, अभय राय, अम्बिकेश त्रिपाठी, सुरेश गुप्त, सी0पी0 सिंह, दिनेश, तेज प्रताप, गोविन्द, धीरेन्द्र, तरुण, महेश, विकास आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महराजगंज में गरजे सीएम योगी आदिन्यनाथ

- बोले यें नया भारत है,छेड़ता नहीं, अगर कोई छेड़ दें तो उसे छोड़ता नहीं



जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए सभी दलों के सूरमा सभी लोकसभा सीटों पर अपने दलीय उम्मीदवारों के जीत का ताना-बाना बुनने में लगे हुए हैं इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महराजगंज जिले के फरेंदा के जयपुरिया इंटर कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन पूरी तरह से फेल हो चुका है। बीजेपी इस बार 400 पार करने जा रही है। सपा-कांग्रेस व आप समेत बसपा पर बरसते हुए कहा कि इनके सत्ता में भ्रष्टाचार और घोटाले को बढ़ावा मिला है।सनातन धर्म के लिए हम सत्ता को ठुकरा सकते हैं तो देश और धर्म के लिए हम सब कुछ न्यौछावर भी कर सकते हैं। हम बिना भेदभाव के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। हम अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण में भी योगदान दे रहे हैं। वहीं माफिया और अपराधियों की ÷राम नाम सत्य है÷ की यात्रा भी निकलवा रहे हैं।जनता जवाब देती है, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। पांच चरणों के चुनाव में मोदी को समर्थन मिला।सपा-कांग्रेस वाले पूछते हैं, मोदी सरकार क्यों.. तो जनता ही बोल देती है, इस बार तो 400 पार। ये सुनकर इंडिया गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमानों को दे दिया।पश्चिम बंगाल में ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमानों को दे दिया था। जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने गलत बताया। कोर्ट ने कहा मुसलमान देश के अंदर आरक्षण पाने का अधिकारी नहीं हो सकता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था।संविधान के अंतर्गत जनजाति, अनसूचित जाति और मंडल कमीशन के अंतर्गत ओबीसी की जाति को आरक्षण पाने का अधिकार है।उन्होंने कहा था, धर्म के आधार पर आरक्षण भारत को बांटने जैसा है। 1947 में बंटवारा हो चुका है अब फिर नहीं होने देंगे। सीएम ने कहा कि कांग्रेसी घोषणा पत्र देखेंगे तो उसमें बहुत भयानक चीजें मिलेंगी।अब हम मथुरा की ओर बढ़ रहे हैं।जो हमने अयोध्या के लिए किया क्या वो कभी सपा-कांग्रेस-बसपा कर सकती थी।आप इस बात के अधिकारी है कि आप अपनी पीढ़ी से कह सकें कि आप ने राम मंदिर बनवाया है। उन्होंने कहा कि आप जो कमल को अपना वोट देते हैं, यही हमारी ताकत है।अयोध्या सज गई है,काशी सज गई है,गोखरनाथ की नगरी भी सज गई है, मथुरा की ओर हम लोग बढ़ रहे हैं। ये काम बस भाजपा ही करवा सकती है।ये नया भारत है, छेड़ता नहीं है लेकिन कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं है।सपा-कांग्रेस सारा पैसा कब्रिस्तान को दे देतें थें। पहले किसी गरीब की जमीन पर चार टोपी वाले जाते थे, बांउड्री करने लगते थे उसमें कब्रिस्तान का बोर्ड लगा देते थे।हम लोग तो रोज लड़ते थे। लेकिन आज ये पैसा आप लोगों के लिए खर्च होता है। देश का सम्मान बढ़ा है। सुरक्षा भी बढ़ी है। जब कांग्रेस के समय कोई आतंकी घटना होती थी तो कांग्रेस वाले कहते थे ये आतंकी सीमा पार के हैं।लेकिन आज भाजपा के सरकार में पटाखा फूटने पर भी पाकिस्तान सफाई देता है। कहता है साहब मेरा हाथ नहीं है। उसको लगता है कहीं ऐसा न हो देरी हो जाए और भारत के जवान अंदर घुसकर हमारी ऐसी की तैसी कर दें।ये नया भारत है, छेड़ता नहीं है लेकिन कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं है। लेकिन ये हिम्मत बस भाजपा के पास हैं। हम किसी को धमकी नहीं देते, लेकिन कोई धमकाएगा तो उसका जवाब उसी की भाषा में हम दे सकते हैं।ये लोग गौकशी में छूट देने की बात करते हैं।हमने विकास भी किया। किसानों को सम्मान निधि, हर घर जल योजना, हर घर बिजली हम लोगों ने अब तक आयुष्मान योजना का लाभ दिया है। लेकिन 4 जून को जब हमारी सरकार आएगी तो 70 साल से ऊपर जितने भी लोग होंगे उनको ये योजना मिलेगी। जिनके पास आवास नहीं है उनको भी आवास दिलाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है, ओबीसी-एससी का आरक्षण मुसलमान को देंगे।पर्सनल लॉ लागू करने की बात कहते हैं, जिसमें महिलाओं को स्कूल जाने से रोका जाता है।महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी, उनको बुर्का पहनना पड़ेगा। अपने घोषणा पत्र में इन लोगों ने कहा है, अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के हिसाब से खान-पान की छूट देंगे।अब ऐसा कौन सा खानपान है जो अल्पसंख्यक खाता है और बहुसंख्यक नहीं खाता है। सब वही खाते हैं, बस गोकशी एक वर्ग नहीं करता है।

गौ माता की बात आती है तो एक वर्ग भड़क जाता है। ये लोग लेकिन उसी चीज की छूट देने की बात करते हैं।तभी कहते हैं अपना वोट समझ कर दीजिएगा। इस बार रिकॉर्ड बना दीजिएगा। आप लोग घर-घर जाकर लोगों को वोट करने के लिए तैयार कीजिएगा। पहली जून को तैयार होकर-पूजा करके उन लोगों से मतदान कराना। उनसे कहना सबके जीवन में खुशहाली लाने के लिए मोदी जी की सरकार हमें फिर से लानी है। कार्यक्रम में सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषि त्रिपाठी, अरुण शुक्ला, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व विधायक शिवेंद्र चौधरी, संजय पांडेय, शैलेश पाण्डेय, अरविन्द मिश्र, नरसिंह पांडेय सहित भाजपा के तमाम कार्यकर्ता रहें।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज

- तीन लोकसभा क्षेत्र की जनता को करेंगे संबोधित

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी देवरिया के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी, जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के साथ भीषण गर्मी को देखते हुए मंच से लेकर सभी ब्लॉकों तथा मीडिया गैलरी में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया । पीएम मोदी की रैली के प्रभारी हरीश ठाकुर ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की अनुशासित रूप से सभी कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें की आने वाली जनता को पानी की समस्या के लिए जूझना ना पड़े और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो । बताते चलें कि पीएम मोदी बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र ही तीन लोकसभा क्षेत्रों को साधने 26 मई दिन रविवार को आ रहें हैं लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर, देवरिया, और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करेंगे। निरीक्षण के दौरान रैली के सह प्रभारी आशीष मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी संतराज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, रुद्रपुर नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि छठे लाल निगम, भाजपा नेता रजनीश उपाध्याय, प्रभाकर तिवारी, कार्यक्रम साज सज्जा प्रभारी आनंद शाही मौजूद रहे।



## आज पथरदेवा में गरजेंगे अखिलेश व अविनाश

जन एक्सप्रेस। देवरिया

लोकसभा क्षेत्र देवरिया के पथरदेवा नगर पंचायत अवस्थित आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कालेज के खेल मैदान में समाजवादी पार्टी प्रमुख उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के शनिवार को होने वाले आगमन को लेकर सभा स्थल का निरीक्षण कांग्रेस, सपा नेताओं संग देवरिया लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं जनसभा में आने वाले लोगों के लिए समुचित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव पूर्व प्रमुख विजय प्रताप यादव, संजय मल्ल, अभिषेक त्रिपाठी राजन, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह राकेश, अजय यादव, बैजनाथ मिश्र, मंजूर आलम,मुकुंद भास्कर मणि, जयदीप त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, शिवशंकर सिंह सैंथवार आदि लोग मौजूद रहे।



## भाई ने भाई पर लगाए संपत्ति हड़पने के आरोप

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना सैंया क्षेत्र के निवासी रामप्रकाश ने अपनी पत्नी, ससुराली जन और अपने सगे भाई पर गंभीर आरोप लगाये है। पीड़ित रामप्रकाश पुत्र केशव ने बताया कि उसकी शादी 17 वर्ष पूर्व रामादेवी से हुई थी। उसके दो बच्चें भी है। शादी के बाद से ही पत्नी दूसरों से कई घंटो बात करती थी और रामप्रकाश के टोंकने पर बेवजह वाद विवाद करती थी। उसकी पत्नी और उसके भाई अशोक, मुकेश पुत्रगण हरिदेव निवासी धौलपुर उसकी पैतृक भूमि और मकान पर नजर रखते थे। ससुराल वालों ने उसके भाई संतोष को भी बहला फुसला कर अपने पक्ष में कर लिया। रामप्रकाश ने बताया कि मेरे सगे भाई ने मुझे स्कूटी पर जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी, ओर उसके बाद उसे अपने साथ गांव ले जाकर बंधक बना लिया, उसे जबरदस्ती तलाक देने ओर प्रोपर्टी के कागजात रामादेवी के नाम करने की शर्त पर छोड़ा। रामप्रकाश ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए है। उसने बताया कि उसे जान से मारने की नीयत से करंट लगाया गया। जिसके निशान रामप्रकाश ने मीडिया को दिखाए।

# चंदन की खुशबू से महकेगी ब्रज भूमि

- वन विभाग लगाएगा चंदन के 400 पौधे
- वन विभाग ने तैयार की चंदन की पौध
- मंदिरों के बगीचा में लगाने की है योजना
- दस साल में होता है चंदन का पेड़ तैयार
- ब्रज के मंदिरों में है चंदन की डिमांड

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

योगी सरकार कान्हा की नगरी का द्वापर कालीन वैभव लौटाने का हर संभव प्रयास कर रही है। अब कान्हा की भूमि ब्रज जल्द ही चंदन की खुशबू से महकेगी। यहां वन विभाग मानसून सत्र में चंदन के पौधे लगाने जा रहा है। इसके लिए जगह चिह्नित की जा रही है। चंदन के पौधे लगाने के लिए विभाग ने इसकी पौध तैयार कर ली है।

मथुरा में चंदन के पौधे लगाने के लिए वन विभाग ने फरवरी महीने से ही तैयारी शुरू कर दी थी। वन विभाग ने फरवरी में चंदन के पौधे ब्रज में लगाने के लिए बीज रोपित किए थे। इनकी देखभाल और सही रखरखाव का नतीजा रहा कि अब 4 महीने बाद पौधों का रूप लेना शुरू कर दिया है। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राधे श्याम ने बताया कि चंदन के पौधों को लगाने के लिए सबसे जरूरी है 25 से 30 डिग्री



तापमान रहे। लेकिन मथुरा में तापमान 47 डिग्री से ज्यादा पहुंच रहा है। इसके बावजूद विभाग ब्रज के लता पताओं के स्वरूप को बचाने के लिए इन चंदन के पौधों की बारीकी से देखभाल कर रहा है। पौधों को बचाने के लिए नेट लगाई गई है इसके अलावा दिन में 3 बार सिंचाई की जा रही है।

उप क्षेत्रीय वन अधिकारी ने बताया कि इसका पौधा रोपित करते समय सबसे जरूरी है इसकी उचित देखभाल। इसमें सामान्य खाद लगाई जाती है। इसके अलावा कीड़ों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाता है। चंदन का पौधा शुरू में परजीवी होता है। लेकिन जब यह डेढ़ से 2 फीट का हो जाता है तब यह अपना खाना स्वयं बनाने लग जाता है।

वन विभाग ने मथुरा में पहली बार चंदन के पेड़ लगाने की योजना की शुरुआत की है। अगर सब कुछ सही रहा तो मानसून के दौरान इन पौधों को जिन मंदिरों के पास बगीचे हैं वहां लगाया जाएगा। इसके अलावा ऐसी जगह लगाए जाएंगे, जहां की जमीन इनके अनुकूल हो। चंदन का पौधा एक वर्ष में जाकर तैयार होगा ऐसे में इसको बचाने के लिए बेहद सावधानी बरतनी होगी। पौधा रोपण करने से लेकर इसके पेड़ बनने में दस से 12 साल का समय लगता है। इसकी खुशबू से जहां आसपास का वातावरण महक उठता है। वहीं इसकी लकड़ी पूजा में भी काम आती है। इस पौधे के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है मीठा पानी। बीज रोपित होने से पौधा बनने तक 6 से 8 महीने का समय लगता है।

ब्रज भूमि के मंदिरों में भगवान को लगाने के लिए चंदन की बेहद डिमांड है। यहां ज्यादातर चंदन की सप्लाई दक्षिण भारत से होती है। वन विभाग की अगर यह योजना सफल हो जाती है तो ब्रज में चंदन की खुशबू मंदिरों से बाहर भी महकेगी। वन विभाग पहले मंदिरों को इसके पौधे देगा और अगर यह योजना सफल होती है तो इसके पेड़ लगाने के लिए लोगों को भी प्रेरित करेगा।

# बूढ़ी हथिनी और महावत के बीच के प्यार भरे रिश्ते पर बनी फिल्म

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

74 साल की उम्र में, सूजी - एक मादा हथिनी वाइल्डलाइफ एसओएस की देखरेख में रह रही देश की सबसे उम्रदराज हथनियों में से एक है। सूजी की आजादी की यात्रा और उसकी देखभाल करने वाले बाबूराम के साथ उसके विशेष प्यार के बंधन को उजागर करने के लिए, वाइल्डलाइफ एसओएस ने मथुरा स्थित हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र में उनके इस अटूट भाव पर 'माई स्वीट पारो' नामक एक डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण किया है। 'माई स्वीट पारो' वाइल्डलाइफ एसओएस की एक दिल छू लेने वाली डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से एक भावनात्मक यात्रा को दशार्ता है। फिल्म एक समर्पित देखभालकर्ता बाबूराम और 74 वर्षीय सूजी, एक अंधी हथिनी, जिसे वह प्यार से 'पारो' बुलाते हैं, उन दोनों के बीच के प्यार भरे रिश्ते को संवेदनशील ढंग से चित्रित करती है। एक देखभालकर्ता के रूप में 50 से



अधिक वर्षों तक काम करने के बाद, बाबूराम इस वृद्ध नेत्रहीन हथिनी के जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं, जिसे 2015 में आंध्र प्रदेश के एक सर्कस से बचाया गया था। हथिनी ने इस साल वाइल्डलाइफ एसओएस के साथ अपनी स्वतंत्रता के नौ साल पूरे कर लिए हैं, लेकिन साथ ही इस समय वह बाबूराम के साथ नौ वर्षों के लंबे सहयोग को भी मानती है। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा, यह फिल्म धरती पर चलने वाले सबसे बड़े जानवर, हाथी की आत्मा का एक उल्लेखनीय चित्र है। यह मार्मिक ढंग से दशार्ता है कि एक शारीरक और मानसिक ढंग से टूटे हुए जानवर को ठीक करने और अंततः उससे दोस्ती बनाने और करुणाभाव कितनी दूर तक उनको साथ ले जा सकती है। वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव, गीता शेषमणि ने कहा, सूजी और बाबूराम का लगाव एक ऐसी कहानी है जो हर उम्र के लोगों के दिलों को छू जाएगी।

## दो युवकों के बीच हुई जबरदस्त मारपीट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बीती रात आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर 16 में युवकों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो लगभग 3 मिनट 11 सेकेंड का है। इस वीडियो में तीन-चार युवक एक युवक को मार रहे हैं। उसके कपड़े फाड़ दिए हैं। गालियां दे रहे हैं। मार खाने वाला युवक रोने लगता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर 16 की बताई जा रही है। थाना सिकंदरा पदम प्राइड चौकी के अंतर्गत सेक्टर 16 आता है। रात लगभग एक बजे घर का गेट खोलने को लेकर विवाद हुआ है। इस विवाद में गेट खोलने वाले को तीन-चार युवक मार रहे हैं। पहले उसके मुंह पर थप्पड़ मारते हैं। फिर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट करते हैं। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। मार खाने वाला युवक नंगे पैर है। एक युवक उसे अपनी चप्पर उतारकर मारता है। युवक भागने की कोशिश करता है, लेकिन युवक उसके पीछे जाते हैं। पकड़कर फिर मारते हैं। युवक रोने भी लगता है।

# बस का कलर बदलकर सवारियों को ठगने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पुलिस ने प्राईवेट बस को रोडवेट बस के रंग में रंगाकर परिवहन विभाग को लाखों का चूना लगाने वाले तीन शातिरों को टोल प्लाजा से गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

थाना अकराबाद पुलिस ने अभियुक्त अमित कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी केल्ठा थाना अलीगज जनपद एटा, ऋषभ दीक्षित पुत्र धरनीधर दीक्षित निवासी मौ0 शातिनगर कोतवाली नगर जनपद एटा, सुमित ठाकुर पुत्र विजेन्द्र सिह निवासी करथला थाना वागवाला जनपद एटा को रोडवेज रंग की प्राइवेट नं0 यूपी 82 टी 3002 सहित गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त अभियुक्तगण उत्तर प्रदेश परिवहन रोडवेज बस की तरह ही प्राइवेट बस पर कलर करके थाना अकराबाद क्षेत्र के कीरतपुर टोल प्लाजा के पास से दिल्ली के लिए सवारियों को भ्रमित करते हुए आवाज लगाकर बिठा लेते थे और रास्ते मे सवारी उतार देते थे। अभियुक्तों द्वारा रोडवेज के उसी रंग रूप से संचालित कर यात्रियों को धोखा देकर अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा था और लाखों रूपये का यह लोग अब तक परिवहन विभाग को भी चूना लगा चुके हैं।

# पूर्व मंत्री के नाती दिव्यांश को हाईकोर्ट से फिर नहीं मिली राहत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के नाती को हाईकोर्ट ने फिर राहत नहीं मिली है। दिव्यांश चौधरी ने हाईकोर्ट में गंभीर धाराएं हटानेडि के लिए याचिका दायर की थी। जिस पर शुक्रवार को सुनवाई थी। इस सुनवाई में कोर्ट ने दिव्यांश के हक में निर्णय नहीं दिया है। कोर्ट ने दिव्यांश को पूर्व आदेश के तहत 21 दिन में सरेंडर होने को कहा है। बता दें कि 15 अप्रैल 2024 की रात में शाहगंज के ऋषि मार्ग पर घर के सामने शूज कारोबारी विवेक महाजन और उनकी बेटी पर पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान के पोते दिव्यांश ने कार चढ़ाने की कोशिश की थी। इस घटना में पिता-पुत्री को चोटें आईं थी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी। पुलिस ने 16 अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया था। दिव्यांश पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया। पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के यहां से उसकी कार भी बरामद हो चुकी है। पीड़ित परिवार के साथ पंजाबी समाज दिव्यांश की गिरफ्तारी की मांग के साथ कई बार बैठकें कर चुका है। भाजपा कार्यालय तक पैदल मार्च निकाली गई। पुलिस अब तक कुर्की भी नहीं कर पाई है। घटना के बाद से आरोपी दिव्यांश फरार है। पुलिस उसकी तलाश का दावा कर रही है। आरोपी दिव्यांश चौधरी ने कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद आरोपी के वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत याचिका दायर की गई।

## पार्किंग शुल्क मांगने पर कर्मचारी को पीटा

**आगरा।** थाना हरीपर्वत क्षेत्र में एक मॉल की पार्किंग में पार्किंग कर्मचारी और वकीलों के बीच विवाद हो गया। विवाद का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि कुछ लोग एक युवक को पीट रहे हैं। जानकारी के अनुसार दीवानी के सामने एक मॉल है। इसकी बेसमेंट में पार्किंग है। यहां पर कुछ अधिवक्ताओं के चैंबर भी हैं। दोपहर में अधिवक्ता पार्किंग में बाइक खड़ी कर रहे थे। पार्किंग कर्मचारी ने उनसे शुल्क मांगा। अधिवक्ताओं ने शुल्क देने से मना किया। पार्किंग कर्मचारी का एक साथी भी आ गया। अधिवक्ताओं से विवाद हो गया। उनके साथी भी आ गए। उन्होंने शुल्क मांगने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। उसे जमीन पर गिराकर लातों से पीटा। साथी को बचाने आए कर्मचारी की भी पिटाई लगाई।

# कमिश्नर ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

शुक्रवार को आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ चौत्रा वी. द्वारा कमिश्नरी कार्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों की कार्यदक्षता के दृष्टिगत कमिश्नरी सभागार में अधिकारियों-कर्मचारियों के नियमित एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया। मण्डलायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करने के उपरान्त उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को दैनिक जीवन में योगाभ्यास एवं नियमित खान-पान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए समझाया कि किस प्रकार हम अपनी नियमित दिनचर्या के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ्य और मन को प्रसन्न रख सकते हैं।



उन्होंने कहा कि हमारे नियमित भोजन में हमारे घर की रसोई, हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए गुणों की खान है।

चिकित्सा शिविर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के खून, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल सहित अन्य कई जाचें की गयीं। शिविर में मण्डलायुक्त चौत्रा वी., अपर आयुक्त (प्रशासन) डा0 कंचन सरन, अपर आयुक्त-प्रथम भगवान शरण, अपर आयुक्त द्वितीय वी0के0 सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त सर्वेश चन्द्र, डीआईजी स्टाम्प देवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा रामनरेश यादव, सहायक आयुक्त औषधि पूरन चन्द, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रीमती अनुला वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी संजय गौड सहित कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाथरूम में मिला बैंक से सेवानिवृत अधिकारी का तीन दिन पुराना शव, फ्लैट में अकेले रहते थे बुजुर्ग

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** बुजुर्ग राजकुमार के बेटे निखिल ने बताया कि कई वर्ष पहले पिता ने मां और उन्हें संपत्ति विवाद के चलते घर से निकाल दिया था। तभी से न्यायालय में मामला विचाराधीन है। पिता की मौत के मामले में उनके अधिवक्ता ने कोई सूचना नहीं दी। बल्कि कौशांबी पुलिस ने उनकी बहन के जरिए उन्हें घटनास्थल पर आने के लिए कहा था। कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली में बैंक से सेवानिवृत अधिकारी का करीब तीन दिन पुराना शव मिला है। बुजुर्ग राजकुमार (65) बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़े मिले थे। पड़ोसियों ने फ्लैट से बदबू आने के बाद पुलिस को सूचना दी। बुजुर्ग फ्लैट में अकेले रहते थे। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुजुर्ग राजकुमार के बेटे निखिल ने बताया कि कई वर्ष पहले पिता ने मां और उन्हें संपत्ति विवाद के चलते घर से निकाल दिया था। तभी से न्यायालय में मामला विचाराधीन है। पिता की मौत के मामले में उनके अधिवक्ता ने कोई सूचना नहीं दी। बल्कि कौशांबी पुलिस ने उनकी बहन के जरिए उन्हें घटनास्थल पर आने के लिए कहा था। परिवार का कई वर्षों से बुजुर्ग के साथ मिलना जुलना नहीं था। निखिल के मुताबिक, उन्हें या मां रजनी को पिता का वैशाली में अपना फ्लैट होने की भी जानकारी नहीं थी। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि बुजुर्ग किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। वह घर में रहकर अपना समय बिताते थे। बुजुर्ग की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा।

### रीना सिंह बनी क्रीड़ा भारती की मातृ शक्ति प्रमुख

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा में क्रीड़ा भारती की नियामक मंडल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें रीना सिंह को अखिल भारतीय (क्रीड़ा भारती) का मातृ शक्ति प्रमुख बनाया गया है। इससे पूर्व रीना सिंह भारतीय कोर्फ बॉल टीम की कप्तान भी रही हैं। उन्होंने कई बार विदेश में भारतीय तिरंगे को लहराया है। भारत को कई मेडल दिलवाए हैं। वह शुरू से ही संघ की विचारधारा से प्रेरित थीं। 9 वर्ष विद्यार्थी परिषद में कार्य करने के उपरांत उन्होंने 2007 में सेवा भारती ज्वाइन की, सेवा भारती में क्षेत्र के अनेकों दायित्व पर रह कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। वर्तमान में रीना सिंह को क्रीड़ा भारती प्रांत उपाध्यक्ष से सीधे अखिल भारतीय मातृ शक्ति प्रमुख की महत्वपूर्व जिम्मेदारी दी गई है। रीना सिंह को नवीन दायित्व मिलने पर संगठन के कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल की कड़ी कार्रवाई जारी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कार्य में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों पर नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऐसे ही एक कर लिपिक पर नगरायुक्त ने साढ़े बारह हजार का अर्थ दंड आरोपित किया है। संयुक्त नगर आयुक्त विकास सेन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक निगम के संपत्ती कर विभाग हरीपर्वत जोन में पदस्थ लिपिक अलका सोनकर द्वारा संपत्तीकर अभिलेखों में दर्ज संपत्तियों के नामांतरण प्रकरण को निर्धारित 45 दिवस की अवधि में निस्तारित न करने तथा कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही पर नगरायुक्त ने 12500 रुपये के अर्थ दंड से दण्डित किया है।

### मुरली-मुकुट की तकरार की जुगलबंदी कर रहे है बहन-भाई

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर सीकरी।** खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या में बहन भाई का जोड़ा मुरली-मुकुट की तकरार की जुगलबंदी से दर्शकों को रोमांचित कर देते हैं। कस्बा में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में आए भजन गायक कलाकार अपर्णा मिश्रा म्यूजिक में एमए कर रही है। इनके भाई अनंत मिश्रा डी फार्मा कर रहे हैं। दोनों भाई बहिनों ने बताया कि पिताजी जितेंद्र मिश्रा भी हमारे भजन कीर्तन कार्यक्रमों में सहयोग एवं प्रोत्साहन देते हैं। दोनों बहन भाई 10 वर्षों से भजन संध्या, माता की चौकी एवं जागरण के कार्यक्रम कर रहे हैं। खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन एवं भजन संध्या 2019 से ही आरंभ किया है। बड़े भाई स्वर्गीय ऋषभ मिश्रा म्यूजिक के बड़े कलाकार थे। उनकी प्रेरणा एवं उनकी दी गई तालीम को हम दोनों बहन भाई आगे बढ़ते हुए हजारों दर्शकों का मनोरंजन एवं धार्मिक आस्था में आस्था बढ़ाने के मिशन में लगे हुए हैं।कस्बा स्थित होटल गोवर्धन में स्वदेश से बातचीत में कलाकार बहन भाई ने बताया खाटू श्याम की संकीर्ण शाम एवं भजन संध्या के लिए हम दोनों बहन भाई स्वयं को अर्पण कर चुके हैं। पिताजी बरेली में ही ऑप्टिकल शॉप संभालते हैं। फतेहपुर सीकरी में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में पहली धार्मिक मंच साझा कर रहे हैं।

### कोर्ट के आदेश पर 20 लाख की रंगदारी मांगने पर केस दर्ज, परिवार समेत जान से मारने की धमकी का आरोप

**जन एक्सप्रेस/पिलखुआ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से सटे पिलखुवा में एक शख्स के खिलाफ रंगदारी मांगने पर मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के अंशल गार्डन एंकलेव निवासी अनुराग अग्रवाल ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी जान-पहचान सर्वोदय नगर निवासी संजय अग्रवाल नामक व्यक्ति से है। इसी के चलते उसने व्यापार के लिए संजय से 35 लाख रुपये उधार लिए थे, जिन्हे उसके द्वारा वापस किया जा चुका हैं। रुपये देते समय संजय ने दो खाली चैक बतौर सिक्योरिटी लिए थे, जिन्हें उसने कहीं खो जाना बताया था। इस बाबत संजय से लिखकर भी दिया था। आरोप है कि अब संजय उन्ही चेकों के जरिए 20 लाख रुपये की नकदी मांग रही है तथा नहीं देने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दे रही है। आरोप है कि इसी के चलते तीन अप्रैल को उसके एवं परिवार के साथ मारपीट भी की गई। थाना पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर सर्वोदय नगर निवासी संजय अग्रवाल के खिलाफ मारपीट और जाने से मारने की धमकी देकर रंगादारी मांगने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

### रैणुका धाम घाट पर सफाई की जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर सीकरी।** रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह व समाज सेविका आशा धाकरे की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने गंगा दशहरे के पर्व पर रैणुका धाम पर लगने वाले मेले पर यमुना नदी घाट पर फैली गंदगी की साफ सफाई की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी किरावली दिव्या सिंह से मिला। उप जिलाधिकारी ने सफाई कराने को आश्वस्त किया है। रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह ने बताया कि रैणुका धाम पर गंगा दशहरे पर सैंकड़ों वर्षों से मेले का आयोजन होता है। गत वर्षों की तरह 15 जून को दशहरे मेले का आयोजन में करीब पचास हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है। ज्ञापन में रालोद नेतागण दाताराम लोधी, गंगाराम माहौर, भूपेंद्र इंदौलिया, किशन शर्मा, गोपाल नाथ, गंभीर बघेल, भोला पंडित, रतन सिंह कुशवाह आदि लोग शामिल रहे।

# परिंदों को भूख एवं गर्मी से बचाने के लिए वितरत किये प्लास्टिक प्याले और चावल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जज़्बा फाउंडेशन द्वारा परिंदों को भूख एवं गर्मी की शिद्दत की वजह से बचाने के लिए सुबह 7.00 बजे शाहजमाल ईद गाह से पुलिस थाना रोरावर तक लोगों को प्लास्टिक के प्याले व चावल वितरित करते हुए हैण्ड बिल एवं बैनर के माध्यम से जागरूक करने लिए पैदल मार्च निकालेगा कुं आरिफ अली ने कहा कि हम सभी को बे ज़ुवान जानवरों को पानी एवं खाना खिलाना चाहिए यह बहुत पुंह (सवाब) का कार्य है। श्री ज़िया उर रब ने कहा कि बेचारे बेजुबान पक्षियों के लिए यह मौसम बहुत भारी पड़ है। कई पक्षी तो केवल गर्मी और प्यास के चलते अपना दम तोड़ देते हैं। फाउंडेशन महासचिव डॉ. स्वालेहीन अख्तर कहा कि आप




अल्लाह/ईश्वर की मखलूक (प्रजा) पर रहम/दया करों अल्लाह /ईश्वर आप पर रहम करेगा। उन्होंने बताया कि गर्मी में अपने घरों के बाहर छायादार पेड़ों के नीचे या छतों पर पानी व खाने के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर परिंदों के लिए शैड/छाया की व्यवस्था भी करें। गर्मी के मौसम में जानवरों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाती है। इसके लिए पानी मे थोड़ा गुड़ मिला देना चाहिए। ताकि गर्मी की शिद्दत से राहत मिल सके। महानगर अध्यक्ष श्री राशिद अली ने बताया कि हमारे छोटे से अमल से गर्मी की तेज़ी के कारण हो रहीं मौत को कन्ट्रोल किया जा सकता है। मो. उमैर ने सभी से अपने घरों व दुकानों की छतों पर पक्षियों के लिए पानी दाना रखने की अपील की। मुख्य रूप खुर्शीद अहमद, डॉ.राज कुमार,फेसल खान,हामिद अली, सदफ खॉं,चन्दन सिंह,अलतमश,आसिम पेन्थर, नवीन महामना मो दानिश एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप



**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना सासनीगेट क्षेत्र की एक महिला ने अपने ममिया ससुर पर छेडछाड का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि जब उसकी सास व पति काम पर चले गये तो पीछे से उसका ममिया ससुर अपने दो अन्य साथियों के साथ घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो आस-पडौस के लोग आ गये। महिला ने इम मामले में थाना सासनीगेट क्षेत्र की पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने मांगे की है।

# रोबोटिक सर्जरी से संभव है कैंसर का सफल और सुरक्षित इलाज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर विनय गायकवाड़ ने कहा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर जीआई पथ और पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं जिसमें अन्नप्रणाली, पेट, छोटी और बड़ी आंतों, लिवर, पित्ताशय की थैली, पैंक्रियाज आदि शामिल हैं। हमारा प्रयास इस तरह के कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और ऐसे रोगियों के लिए सपोर्टिव माहौल प्रदान कराना है। यह जानकारी अलीगढ़ में रामघाट रोड, स्थित होटल में दी।

सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के कंसल्टेंट डॉक्टर विनीत कॉल ने कहा, ओरल कैंसर यानी मुंह का कैंसर आनुवंशिक, लाइफस्टाइल और पर्यावरणीय कारकों के मिश्रण से हो




सकता है। सी.के. बिरला अस्पताल गुरुग्राम में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर मानसी चौहान ने कहा, पिछले कुछ दशकों में ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में काफी तरक्की हुई है. यह एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम के प्रयास पर आधारित प्रक्रिया है. रोबोट असिस्टेड प्रक्रियाओं की मदद से हमारे अधिकांश मरीज बेहतर सर्जिकल तकनीकों जैसे सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी, बेहतर दवाओं और रेडिएशन तकनीकों से इलाज पा रहे हैं. महिलाओं में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण सर्वाइकल कैंसर है और एचपीवी इंफेक्शन इसका सबसे आम कारण होता है।

सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉक्टर पूजा बब्बर ने कहा, तमाम साइड इफेक्ट होने के बावजूद कीमोथेरेपी को आज भी कैंसर का सबसे पहला ट्रीटमेंट माना जाता है. हालांकि, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी बेहतर विकल्प के रूप में उभर रहे हैं. हाल के वर्षों में कैंसर चिकित्सा में अभूतपूर्व प्रगति देखी गई है, विशेष रूप से इम्यूनोथेरेपी में, जीवित रहने की दर में 30: तक की वृद्धि हुई है.ओरल कीमोथेरेपी में मरीज अपने घरों में आराम से कैंसर से लड़ने वाली दवाएं ले सकते हैं जिससे बार-बार अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं रहती है. इसकी सुविधा सर्वोपरि है, जो मरीजों को न केवल एक उपचार विकल्प प्रदान करती है। सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में रोबोटिक सर्जरी के जरिए कई तरह के कैंसर का इलाज किया जा रहा है।

# जलभराव की समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों ने हाथ उठाकर किया विरोध प्रदर्शन

**साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर डुगडुगी पीट रही है नगर पंचायत बरखेड़ा**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**बरखेड़ा।** नगर पंचायत के इस मोहल्ला मे पिछले दो माह से जलभराव की समस्या का समाधान नही हुआ है।जिसको लेकर लोग परेशान है तो ऐसे मे साफ-सफाई की व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। वही मोहल्ला के लोगो ने हाथ उठाकर नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मौर्चा खुलते हुए विरोध जताया है।बताते चले नगर पंचायत के वार्ड नंबर आठ मे इन दिनो मोहल्ला के लोग जलभराव, गन्दा पानी और मच्छरो के आतंक की समस्या से जूझ रहे है।लेकिन नगर पंचायत के कानो पर से जू तक नही रिग रहा है।स्वच्छ भारत मिशन को अमली-जामा पहनाते हुए नगर पंचायत बरखेड़ा लगा रही है स्वच्छता के ऊपर जमकर पलीता जहा सरकार साफ-सफाई अभियान चलाकर करोड़ो रुपए पानी की तरह वाह रही तो वही सरकार के मंसूबो पर पानी फिरती बरखेड़ा नगर पंचायत। मोहल्ले वासियो ने आरोप हुए बताया है की इस मोहल्ला मे नगर पंचायत का कोई भी सफाई कर्मी नही है आता है साफ-सफाई करने। जहा पिछले दो माह से गली की दोनो तरफ की नालिया भी बंद चल रही है नालियो का पानी ओवर फ्लो होकर रोड पर जमा हो रहा है।जिसके कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है।और गंन्दा दूषित जमा पानी मे मच्छर समेत अन्य कीड़े पनत रहे है और जमा पानी की बदबू भी घरो मे जा रही है। इन दिनो संक्रमण रोगो के फैलने की आशंका को लेकर साफ-सफाई के लिए सरकार के द्वारा विशेष अभियान एव सतर्कता बरतने के लिए जागरुक भी समय समय पर किया जाता है। तो वही ऐसे मे नगर पंचायत बरखेड़ा फिसड्डी नाकाम साबित हो रही है।जहा कभी भी संक्रमण रोग फैल सकते है।वही जिनके कन्धो पर नगर को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी है और बेहतर बनाने की व्यवस्था है। और साफ-सफाई को लेकर नगर पंचायत बरखेड़ा अपनी डुग-डुगी पीट रही है सरकारी कागजो मे लेकिन जिसकी ताजी तस्वीरे अपना हाल खूद ब्याह कर देगी की कितनी साफ-सफाई चल रही है नगर के वार्डे मे।वही शिकायती पत्र मे बताया गया है की डाक्टर हसीब की दुकान से अख्तर अली की परचूनी दुकान तक जलभराव की समस्या चल रही जिस कारण जलभराव हो जाता है।वही मोहल्ले के लोगो ने यह भी आरोप लगाया है की मुस्लिम बस्ती होने कारण चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल भेद-भाव से कार्य कर रहे है।वोट लेने के समय चेयरमैन इस मोहल्ला मे आए थे लेकिन हम लोगो ने जलभराव की समस्या दूर करने की शिकायत की थी। बाबजूद इसके चेयरमैन ने हर बार झूठा वादा किया और अब भी हालात मे कोई सुधार नही हुआ है जलभराव एव दूषित गंन्दा पानी के निकास की समस्या बरकरार बनी हुई है। जिससे सांस लेना दुश्वार हो जाता है। ठेका सफाई कर्मी चेयरमैन का निजी कार्य करते देखे गए है। विरोध प्रदर्शन करने वालो मे दिलशाद, अख्तर अली,शगीर अहमद, मोहम्मद साविर,अखलाक अहमद, जाहिद अली,जहीर अहमद, वकील अहमद, शमसुल अहमद, बुद्दीबख्स, उवैश सेठ आदि शामिल रहे।

# निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण सम्बन्धी समस्त तैयारियां कर ली जाएं पूर्णः जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाये जाने हेतु जनसहभागिता प्राप्त करने हेतु सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों, उद्यमियो आदि को वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया जाये, जिससे जनपद में शत प्रतिशत वृक्षारोपण किया जाये। वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाये, जिससे सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों/नामित नोडल अधिकारियों के द्वारा उनसे सम्बन्धित कार्य स्थल पर पौधारोपण की प्रगति की रिपोर्ट प्रत्येक घन्टे कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराया जाये। समस्त सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि वृक्षारोपण हेतु उन स्थानों का चयन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि रोपित पौधों की सुरक्षा तार फेसिंग/ट्री गार्ड आदि की व्यवस्था की जाये तथा फलदार एवं सहजन के वृक्षों का रोपण करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्यालयों में रोपित किये जाने वाले पौधों का महत्व वहॉ के छात्र-छात्राओं को बताते हुए उन्ही से पौधे रोपित कराये जायें, जिससे पौधा रोपण के उपरान्त रोपित किये गये पौधो की देखभाल की जा सके। वृक्षारोपण हेतु चयनित विशेष स्थलों पर बैनर/पोस्टर/लाउण्ड स्पीकर आदि के माध्यम से वृक्षारोपण का प्रचार प्रसार जन सामान्य के मध्य किया जाये। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रोपित किये गये पोधों की जीविवता बनाये रखने हेतु सार्थक प्रयास किये जाये।

जनपद में 27 विभागों द्वारा अपने अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण किया जायेगा। निर्धारित लक्ष्य वन विभाग 271513 पौधे, पर्यावरण विभाग 116000, ग्राम्य विकास विभाग 1992000, राजस्व 167000, पंचायतराज 203000, आवास विकास विभाग 9000, औद्योगिक विकास 10000, नगर विकास 36000, लोक निर्माण 22000, जल शक्ति 22000, रेशम 23000, कृषि 390000, पशुपालन विभाग 9000, सहकारिता 8820, उद्योग 17000, ऊर्जा 6860, माध्यमिक शिक्षा 12000, बेसिक शिक्षा 20000, प्राविधिक शिक्षा 8000, उच्च शिक्षा 31000, श्रम 5500, स्वास्थ्य विभाग 14000, परिवहन 5200, रेलवे 16000, रक्षा विभाग 9000, उद्यान विभाग 247000 एवं गृह विभाग 12320 विभागवार निर्धारित किया गया है। इस प्रकार कुल जनपद में कुल 3683213 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा।

समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये नर्सरी से पौध उठाना कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि समस्त विभाग चिन्हित स्थलों पर खाई खुदवाना, तार फेसिंग सहित अन्य व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाये जिससे की रोपित किये गये पौधों को बचाया जा सके।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ सामाजिक वानिकी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी, एआरटीओ, डीसी मनरेगा, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जौनपुर मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के 39,17,842 मतदाता आज प्रन्याशियों के भविष्य का करेंगे फैसला



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**दो लोकसभा क्षेत्र के 39,17,842 मतदाता करेंगे वोट**

- जिले में दोनों लोकसभा सीट पर कुल 39,17,842 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें
- जौनपुर सीट पर 19,77,237 मतदाता हैं। जिनमें 10,26,234 पुरुष और 9,50,912 महिला व 91 थर्ड जेंडर शामिल हैं।
- मछलीशहर सीट पर कुल 19,40,605 मतदाता हैं। जिसमें 10,16,490 पुरुष और 9,24,046 महिला व 69 थर्ड जेंडर शामिल हैं। जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

लोकसभा जौनपुर 73 मछलीशहर74 लोकसभा सामान्य निर्वाचन के छठे चरण के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि स्थित मतदान पार्टियों के रवानगी स्थल से जिला प्रशासन ने मतदान केंद्रों के लिए पार्टियों की शुक्रवार सुबह से ही रवानगी का कार्य सुचारू रूप से संचालित कर दिया और देर शाम तक पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंच गई। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में जौनपुर की दोनों सीट जौनपुर, मछलीशहर पर आज मतदान होगा। ऐसे में मतदान के 48 घंटे पूर्व ही चुनाव प्रचार 23 मई शाम पांच बजते ही थम गया। इसके बाद प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क में जुट गए, तो जिला प्रशासन मतदान के लिए बूथों को दुरुस्त करने के साथ पोलिंग पार्टियों की रवानगी की तैयारी में लग गया है और शुक्रवार देर शाम तक पोलिंग पार्टी मतदान केदो पर पहुंच गए मतदान के लिए दोनों लोकसभा क्षेत्रों के 39,17,842 मतदाताओं के लिए 3510 मतदान केंद्र व 3899 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।जिसमें 9 पिंक बूथ व 116 माडल बूथ बनाए गए हैं। वहीं जिले में 610 क्रिटीकल बूथ हैं। जहां पर पैरामिलिट्री तैनात रहेगी। मतदान कराने के लिए 15,818 मतदान कर्मी व सुरक्षा के लिहाज से 17,937 पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।

# पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे सरकी गांव के लोग, जिलाधिकारी से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिले के केराकत ब्लॉक क्षेत्र के सरकी गांव में पीने के पानी की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। पानी की कमी के कारण लोग बेहद परेशान हैं। इस समस्या से जूझ रहे एक दर्जन नागरिकों ने जिलाधिकारी से पेयजल की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है। प्रभावित इलाके के चंद्रभान सिंह ने बताया, कि ÷वे सभी पिछले एक महीने से पानी की कमी झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के प्रधान से समस्या के समाधान के लिए कहा गया लेकिन वे रूचि नहीं ले रहे हैं। इसी गांव के अलगू प्रजापति और राजेश मौर्या ने बताया कि उन्हें पीने के लिए पानी बगल गांव से लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तालाब भी सूख गए हैं। जिससे पशुओं के लिए भी पानी की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी के बिना बच्चों की पढ़ाई और घर के कामकाज सभी प्रभावित हो रहे हैं।÷लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान होगा और उन्हें स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मिल सकेगा।

# जिला न्यायाधीश में जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण साफ-सफाई के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार शुक्रवार को जितेन्द्र कुमार सिन्हा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत तथा सुनील कुमार अपर जिला जज/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश के द्वारा बैरक में जाकर बंदियों से उनके बारे में जानकारी ली गयी तथा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भिजवाना सुनिश्चित करें साथ ही जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान स्नान घर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का गहन रूप से निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक को पुनः निर्देशित किया कि स्नान घर, शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी को साफ एवं स्वच्छ रखें तथा जिला कारागार के वातावरण को फूल वाले पौधे लगाकर सुन्दर बनाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा महिला बैरक में महिला बंदियों से उनके बारे में जानकारी ली गयी महिला बन्दियों के द्वारा पूछने पर बताया गया कि उनको जिला कारागार में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही है साथ ही पाकशाला तथा अस्पताल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में जेल अस्पताल में भर्ती बन्दियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने पर बन्दियों के द्वारा बताया गया कि उनको जिला कारागार में किसी प्रकार की कोई समस्या नही है और उनका ईलाज समय से हो रहा है।

# सरिया सीमेंट की दुकान में घुसा चोर गल्ले से रुपए निकालते हुए रंगे हाथ पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** चोरी करने की नियत से दुकान में घुसा युवक रंगे हाथ गल्ले से रुपए निकालते हुए दुकान स्वामी ने अपने साथियों की मदद से पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदहाई निवासी अशोक मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी मधवापुर पेट्रोल पंप के पास सरिया सीमेंट की दुकान है दोपहर के समय उनकी दुकान पर एक ग्राहक मौरंग लेने के लिए आया उस समय अशोक खाना खाने अपने घर जा रहे थे। उन्होंने अपने ड्राइवर सूरज पाल निवासी अजान से दुकान व ग्राहक देखने को कहकर चले गए। कुछ देर बाद ड्राइवर ने बताया कि मैं गोदाम की तरफ जा रहा था तभी ग्राहक को गल्ले से रुपए निकालते हुए देख व पकड़ लिया। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे और अपने साथियों की मदद से चोर को पुलिस के हवाले कर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आसिम पुत्र अब्दुल्ला निवासी मोहल्ला रोहली टोला बारादरी बरेली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# खिड़की तोड़ बैंक में घुसे चोर, दो बैटरी ले गए, कैश सुरक्षित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

चंदवक क्षेत्र के लोहियानगर बलरामपुर स्थित बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा में गुरुवार रात करीब बारह बजे खिड़की तोड़कर घुसे चोर इन्वर्टर की दो बैटरी चुरा ले गए। बैंक का सायरन बजने व बरातियों की गाड़ी आ जाने से चोर भाग गए जिससे कैश सुरक्षित बच गया। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस व शाखा प्रबंधक ने बैंक की छानबीन की। प्रबंधक ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी । हालांकि शाखा प्रबंधक की घटना के संबंध में दुलमुल रवैया लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। बैंक की शाखा में रात्रि करीब बारह बजे हूटर लगे चार पहिया वाहन से पहुंचे चोर बैंक के पीछे दक्षिण की ओर लगी खिड़की को तोड़ अंदर घुस गए।दो इन्वर्टर की बैटरी निकाल लिए। कैश व अन्य सामान खोज रहे थे इसी बीच बैंक का सायरन बजने लगा तो चोर वाहन का हूटर बजाने लगे जिससे लोगों को पता न चल सके। इसी बीच बरात की गाड़ी आ गई। बरातियों ने ग्रामीणों को घटना से अवगत कराया तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इतने में चोर चार पहिया वाहन से बैटरी लेकर पतरही की तरफ फरार हो गए। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शाखा प्रबंधक मोदी राम को सूचना दी।वे भी मौके पर पहुंच गए। शाखा प्रबंधक ने घटना के संबंध में लिखित सूचना देने में देर की। घटना के संबंध में शाखा प्रबंधक का दुलमूल रवैया लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा विभिन्न जगहों पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तराखंड से आई आर एस एस (मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ) की टीम द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शहर के किले रोड पर स्थित एक होटल में आयोजित सभा में चलाया गया इस मौके पर उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिम्मेदार खान इकबाल मधु ने बताया की मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और कम जागरूक लोगों के बीच में पहुंच कर उनको उनके मत के बारे में जागरूक किया गया,विभिन्न धार्मिक गुरुओं से अपील की गई की वो अपने धार्मिक तकरीरों में खास कर जुमा की नमाज में आए हुए नमाजियों को वोट देने के बारे में प्रेरित करे ।इसके बाद सदर इमाम बारगाह ,बड़ी मस्जिद,सिपाह,अहमद खां मंडी,पठान टोला, आदि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रैली के माध्यम से वोट देने के प्रती लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में जौनपुर में आए मुस्लिम मंच के अतिथियों में मुख्य रूप से मोहम्मद अफज़ाल मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संयोजक, इस्लाम अब्बास मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संयोजक,बेलाल रहमानी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मदरसा बोर्ड चेयरमेन उत्तराखंड एवं राष्ट्रीय संयोजक इंटलेक्चुअल सेल, शाकिर हुसैन दिल्ली प्रदेश संयोजक ,अजहरुद्दीन काशी संभाग ,एवम नगर से रियाजुल हक, अज़्मत अली,शब्बीर हैदर अम्मार,मुशर्रफ हुसैन रज़ा,नेसार अली आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदान दिवस 25 मई को मतदान हेतु रहेगा सार्वजनिक अवकाश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ के क्रम में निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 की धारा-25 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग का करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महोदया द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन तथा विधानसभ उप निर्वाचन-2024 से सम्बन्धित जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश के अनुपालन में 25 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# पीलीभीत हरदोई ब्रांच नहर में 24 घंटे पूर्व डूबे युवक के थाना घुंघचिहाई के टूटा पुल के पास मिला युवक का शव



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर हरदोई ब्रांच नहर में छलांग लगाने वाले युवक का शव बरामद कर लिया गया हैं। बताते चले के युवक का सब 12 किलोमीटर दूर घूंघचाई थाना क्षेत्र के टूटा पुल के समीप मिला हैं। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। तीन दिन पूर्व 17 वर्षीय युवक अजय शाहगंज के समीप खारजा नहर के रेलवे पुल से नहर में छलांग लगा दी थीं। जिससे पूरे क्षेत्र में हडकंप मच गया था। और आज पड़ोस में काम कर रहे लोग बचाने को दौड़े लेकिन तब तक युवक डूब चुका था। हालांकि मौके पर काफी भीड़ भी एकत्रित हो गई थी साथ ही सूचना मिलते ही माधोटांडा पुलिस भी मौके वारदात पर पहुंची थी। हालांकि पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश की लेकिन युवक का कोई भी सुराग नहीं लग सका यह देख ग्रामीणों ने हाइवे जाम भी कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने गोताखोर लगाकर उसकी तलाश की लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। हालांकि आज सुबह लगभग 8ः00 बजे घूंघचाई थाना क्षेत्र में हरदोई ब्रांच के टूटा पुल पर युवक के शब्द पड़े होने की सूचना मिली जिस पर गोताखोर पहुंचे और सब को बाहर निकाला और शव की पहचान प्रसादपुर निवासी अजय के रूप में हुई शव मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और सभी का रो-रो कर बुरा हाल हैं। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# होमगार्ड की ओर से लगातार व्यापारी से की जा रही थी वसूली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






मझोला के अत्यंत गरीब किराना व्यापारी राजीव सिंघल से होमगार्ड हरप्रसाद द्वारा छः माह से निरतंर जबरन दुकान में घुसकर गुटखा आदि सामानों को बिना पैसे दिए ले जाया जा रहा था और व्यापारी का मानसिक शोषण किया जा रहा था। उक्त होमगार्ड द्वारा उक्त व्यापारी को उसकी ओर आज 485 रुपए अपने उस पर उधार बताकर तीन गुटखे फिर जबरन ला जाए गए जिस पर व्यापारी घबरा गया कि अभी तक तो गुटखे फ्री में देने पड़ते थे अब इस होमगार्ड जबरन पैसे भी देने पड़ेंगे जबकि इस दुकानदार की दुकान में सब मिलाकर 1000 रुपए का भी सामान नहीं है ऐस मैं कैसे इतने पैसे इस होमगार्ड को वो दे पायेगा ये सोचकर वह बदहवास हो गया और जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। आस पास के दुकानदारों ने उसका हाल देखकर उसे उठाया और उसे सम्भालने का प्रयास किया। व्यापार मंडल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रेम गोयल की सूचना पर युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए और सारी बात की जानकारी लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को फोन पर इससे अवगत कराया। मौके पर मझोला चौकी इंचार्ज दीप चंद पहुंचे और सारी जानकारी ली। बड़ी सँख्या में नगर के व्यापारी मझोला चौकी पर एकत्रित हो गए और उक्त होमगार्ड के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की। चौकी में एक बार किसी पुलिस कर्मी द्वारा उक्त होमगार्ड का पक्ष लिया गया तो व्यापारी नाराज़ हो गए और चौकी में ही धरने पर बैठ गए और जबरन वसूली नहीं चलेगी, गुंडागर्दी नहीं चलेगी के नारे लगाने लगे। फिर मौके पर पहुंचे न्यूरिया थानाध्यक्ष प्रदीप विश्नोई ने पीड़ित व्यापारी को ढांढस बंधाया जो कि अपनी वृद्ध माता के साथ रोये जा रहा था और उक्त होमगार्ड के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने और पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया के निर्देशन में उन्होंने उस होमगार्ड को निलंबित करने की कार्यवाही कर दी।युवा व्यापार मण्डल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने कहा कि जिन ओर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है यदि वो ही अवैध वसूली में लग जाएंगे तो लोगों का पुलिस से विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा। जिस व्यक्ति ने वर्दी को कलंकित किया है उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो और आगे से ऐसी घटनाएं ना हो। वही नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय गोयल ने पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया कि नगर में मोटर साइकिल की चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गयी है जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। ज्ञातव्य है कि उक्त पीड़ित व्यापारी के पुत्र ने इस वर्ष 10वीं की सी.बी.ए.सी परीक्षा में 97.20 प्रतिशत नम्बर लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। और इस व्यापारी के पास इतने होनहार पुत्र की पढ़ाई हेतु भी आर्थिक व्यवस्था नहीं है इसे भी इस व्यापारी के दोनों छोटे भाई जो अध्यापक हैं आर्थिक सहायता देकर पढा रहे हैं। व्यापारी के पिता गंभीर रूप से बीमार हैं। पुलिस के सभी अधिकारियों द्वारा दोषी होमगार्ड के निलंबन और कार्यवाही के आश्वासन पर व्यापारी सन्तुष्ट हुए।

# करंट की चपेट में आकर महिला की मौत, वॉशिंग मशीन का प्लग लगाते समय हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम



### शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया

परिजन रीता को लेकर सौ शैय्या अस्पताल ले कर पहुंचे। यहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डा. महेश विश्वकर्मा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने पर अस्पताल प्रशासन ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### मृतका के भाइयों ने आरोप लगाने शुरू कर दिए

इस बीच मामले की जानकारी होने पर विवेक के परिजन व मंडी समिति के कई व्यापारी अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल पहुंचे मृतका के भाइयों ने आरोप लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद में व्यापारियों व रिश्तेदारों के समझाने पर शांत हुए। परिजनों ने बताया की दस दिन पहले मृतका के भाई की पत्नी की डिलीवरी हुई थी। विवेक उसे मायके छोड़ आया था। बुधवार की शाम मायके से वापस लौटी थी।

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

कन्नौज जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में कपड़े धुलने के लिए वॉशिंग मशीन का प्लग लगाते समय महिला करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को सौ शैय्या चिकित्सालय ले गए। यहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। थाना विशुनगढ़ के ग्राम लोकपुर शंकरपुर निवासी विवेक यादव छिबरामऊ के पश्चिमी बायपास पर मोहल्ला राम नगर में आवास बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में उनकी विवेक ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त है। गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उनकी पत्नी रीता (40) दूसरी मंजिल पर कपड़े धुलने गई थी। वॉशिंग मशीन के प्लग टूटा होने के कारण तार बोर्ड से लगा रही थी। उसी समय एक तार निकल कर उनके हाथ से छू गया और करंट उनके शरीर में दौड़ने लगा। कुछ देर बाद बेटी खुशी (14) छत पर गई। मां को बोर्ड से चिपका देख मदद के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। विवेक ने छत पर पहुंच कर स्विच बंद किया और तार को बोर्ड से हटाया।

# हाईवे के ढाबों पर सूत्रों के मुताबिक अवैध गतिविधियां बढ़ी, नियमों को ताख पर रखकर संचालित हो रहे ढाबे

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

उन्नाव जनपद से सटे हाईवे पर होटल और ढाबों की बाढ़ आई हुई है। हर सौ मीटर पर कोई न कोई ढाबा संचालित हो ही रहा है। इन ढाबों पर खुलेआम अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। अधिकतर ढाबों पर अपराधी और नशेड़ी काम कर रहे हैं। ढाबों की जांच संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार करना चाहिए। इनको ढील देना लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। हाईवे पर अधिकांश जगह जगह न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही अन्य कोई सुरक्षा का इंतजाम है। जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं वह भी बंद रहते है। होटल ढाबों पर कार्य करने वालों का पुलिस सत्यापन तक नहीं कराया जाता है। होटल ढाबा पर सूत्रों के मुताबिक बाहरी चोर उचक्के टाइप के लोगों को संरक्षण भी आसानी से प्राप्त हो जाता है। कई बार होटल ढाबे पर हो रही घटनाओं के बावजूद भी होटल संचालक अपनी आमदनी में मस्त रहते हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग से भी फूड सेफ्टी लाइसेंस कम ही लोगों ने ले रखे हैं। ढाबो पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी उदासीन है। जिले में विभिन्न हाईवे पर सैकड़ों होटल ढाबे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग यहां परोसी जाने वाली खाद्य सामग्री के नमूने नहीं ले रहा है। ऐसे में इनके खाने की गुणवत्ता कैसी है इसका पता नहीं चलता है। असल में होटल ढाबों के लिए संचालक सरकारी स्तर पर कोई भी प्रक्रिया नहीं अपना रहे हैं। अपनी मर्जी से स्थान चयन कर सड़क किनारे ढाबे खोल देते हैं। अधिकांश होटल ढाबा संचालक इनकी आड़ में अवैध रूप से कई अवैध चीजों की भी बिक्री कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में इलाज के दौरान युवक ने तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । औरैया**

इटावा जनपद के इकदिल कस्बा निवासी चांद पुत्र रफीक ने सैंफई में इलाज के दौरान दम तोड दिया।वह बीते 19 मई को बाबरपुर कस्बा स्थित रिश्तेदारी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने अपने छोटे भाई अयन के साथ बाइक से आ रहा था।क्षेत्र के अनंतराम गांव के पास हाइवे ओवर ब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों लोग घायल हो गए थे। सीएचसी अजीतमल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सैंफई रेफर कर दिया गया था।

## राजपुर के रेलवे फाटक नं 59 पर पारिवारिक विवाद के चलते महिला ट्रेन के आगे कूदी मौत

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के राजपुर रेलवे फाटक 59 के समीप शिवदत्तपुर गांव निवासी रामसखी अपने पति प्रेमचंद से झगड़ा कर सुबह समय लगभग 10 बजे राजपुर गुमटी नम्बर 59 के आसपास घूम रही थी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह रो भी रही थी जैसे ट्रेन आई अचानक ट्रेन के आगे कूद गई और पल भर में ही उसके चीथडे उड़ गए इसकी सूचना गांव में पहुंची तो पति दौड़ता हुआ रेलवे फाटक पर पहुंचा तब तक पत्नी ट्रेन से कट चुकी थी उसने यह हादसा देखकर बैट्री रिक्शा पर बैठकर बिल्हौर की तरफ भाग निकला वहीं पर गेटमैन की सतर्कता के चलते पुलिस को सूचना की और मौके पर पहुंचकर बिल्हौर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया वहीं पर गांव वालों ने बताया कि पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था आज सुबह से ही विवाद हो रहा था और पत्नी झगड़ के चली गई। थानाध्यक्ष केशव कुमार तिवारी ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद के चलते महिला गुस्से में आकर ट्रेन के आगे कूद गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संगीतमय बुद्ध व भीम कथा का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस/इटावा।** मूंज गांव में संगीतमयी बुद्ध व भीम कथा का रात्रिकालीन आयोजन किया गया।जिसमें तथागत बुद्ध व भीम के संस्मरण सुनाए गए।बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि हम सबको तथागत बुद्ध के विचारों का जीवन में अनुसरण करना चाहिए मुख्य वक्ता डॉ धर्मेंद्र कुमार व डॉ.एमपी सिंह ने कहा कि बौद्ध धर्म सर्वश्रेष्ठ धर्म है।बौद्धाचार्य सूरज राही बौद्ध ने सांयकाल से मध्य रात्रि तक बुद्ध कथा सुनाई।विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार वीरेश मिश्रा,प्रेम कुमार शाक्य,रजत गुप्ता व इमरान अहमद ने अपने विचार रखे।आयोजक बलवीर सिंह जाटव बबलू ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान भी किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में लाल सिंह जाटव,रणजीत सिंह,नरेंद्र,अनुराग,गोविंद,प्रताप, कल्याण सिंह,हरिश्चंद्र,सुरेंद्र,राम अवतार,महेश,आनंद,आशु, धर्मवीर,सनोज,अर्जुन आदि का योगदान रहा।

### क्षत्रिय स्वाभिमान मंच की बैठक हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस/इटावा।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच द्वारा संचालित क्षत्रिय स्वाभिमान समिति रजिस्टर्ड उत्तर प्रदेश के कार्यालय 41ए, फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा में एक बैठक पृथ्वीराज चौहान जयंती को लेकर बुलाई गई।जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों की मौजूदगी में उक्त कार्यक्रम 7 जून को इटावा के पचावली रोड पर स्थित संगठन के संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजन सिंह चौहान के प्रतिष्ठान शगुन वाटिका में दिन शुक्रवार, शाम 4 बजे आयोजित होगी। संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया कुन्नू भैया ने बताया कि सभी क्षत्रिय भाई इसमें ज्यादा संख्या में उपस्थित हों।इस बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया अनिल चौहान, गुड्डू राजावत,विवेकानंद भदौरिया,अंजू ठाकुर,दीपू चौहान,अभय भदौरिया षोलू', सर्वेश तोमर,अमित भदौरिया,उपेंद्र भदौरिया,महेश चौहान आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### न्यूजलेटर सफारी एक्सप्रेस का विमोचन किया गया

**जन एक्सप्रेस/इटावा।** 23 मई को विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर चंबल सैंक्चुरी के अंतर्गत नदगवां में आयोजित कार्यक्रम में इटावा सफारी पार्क द्वारा प्रकाशित होने वाले त्रैमासिक न्यूजलेटर सफारी एक्सप्रेस के प्रथम संस्करण का विमोचन पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज सिंह के द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष श्री सुधीर कुमार शर्मा,प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव श्री संजय श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉ अनिल पटेल द्वारा सफारी एक्सप्रेस के इस संस्करण में इटावा सफारी पार्क में बीते तीन माह के दौरान संपन्न विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई है।यह सफारी एक्सप्रेस नामक न्यूज लेटर ऑनलाइन भी इटावा सफारी पार्क के ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण,नई दिल्ली व प्रधान मुख्य वन संरक्षक,वन्यजीव, उ0प्र0 से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इटावा सफारी पार्क के बब्बर शेर भरत व बब्बर शेरनी गौरी को दिनांक 23 मई की रात में शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान की टीम के पशु चिकित्सक डॉ योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में तथा डॉ आर के सिंह,उप पशुचिकित्सक पशु पालन विभाग की देख रेख में पूरी टीम के साथ में गोरखपुर प्राणि उद्यान भेजा गया।शेर भरत इटावा सफारी पार्क के लॉयन ब्रीडिंग सेंटर में दिनांक 26 जून 2019 को पैदा हुआ है जबकि शेरनी गौरी सक्करबाग प्राणी उद्यान से दिनांक 25 सितम्बर 2019 में इटावा सफारी पार्क में लायी गयी थी।

### नगर में जीत हासिल कर परचम लहराएगी भाजपा

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** नगर दिबियापुर में भारतीय जनता पार्टी लोक सभा का चुनाव भारी मतों से जीतेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने बताया कि पार्टी संगठन ने सभी पन्द्रह वार्डो में घर घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी के अनगिनत जनहितकारी काम गिनाये जिसपर लोगों ने पार्टी प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया के पक्ष में मतदान किया है।उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रात दिन मेहनत की जिसका परिणाम चार जून को दिखेगा।वहीं सपा विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत ने दावा किया कि नगर में सपा प्रत्याशी को पार्टी के परम्पागत वोटों के साथ दलित वोटरों का भारी सर्मथन मिला है जिससे इस बार नगर में सपा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे की जीत होगी।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद पदाधिकारियों ने राजेश अग्निहोत्री का किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस/औरैया।** राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके गृह जनपद औरैया के दिबियापुर नगर में जोरदार स्वागत किया गया अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया के पदाधिकारियों ने मिलकर राजेश कुमार अग्निहोत्री को माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया और संगठन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गौरतलब है कि राजेश कुमार अग्निहोत्री अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ भी हैं अत- जैसे ही यह खबर संगठन के पदाधिकारी को मिली तो पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ गई और पदाधिकारी ने उनका जोरदार स्वागत किया स्वागत करने वालों में पूर्व नायब तहसीलदार और संगठन संरक्षक रमेश चंद्र शुक्ला प्रदेश सचिव पंडित बृजकिशोर तिवारी प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ सुशील कुमार दुबे जिला संयोजक गिरीश तिवारी जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी एवं धीरज शुक्ला विवाह प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज दुबे जिला सचिव धनंजय दुबे जिला मीडिया प्रभारी विकास अवस्थी एवं सक्रिय सदस्य अनिल दीक्षित राहुल शुक्ला एवं श्याम नारायण शुक्ला आदि संगठन के सदस्य लोग शामिल रहे।

### ट्रांसपोर्ट नगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस थाना पनकी के चौकी क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर मौरंग मंडी में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार महिला की मौत हो गई। पनकी भाटिया होटल से पनकी पडाव को जाने वाली सडक़ पर रेलवे पुल के ढलान के नीचे मोटरसाइकिल सवार राजकुमार शर्मा जो रतनपुर पनकी के रहने वाले थे। वह अपने गांव पुखरायां से अपनी पत्नी शांति शर्मा को लेकर रतनपुर आ रहे थे। जैसे ही पनकी पड़ाव के मौरंग मंडी से पुल की ओर आ रहे थे उसी समय अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर लगने से मौके पर शांति शर्मा की मौत हो हो गई। इसी कड़ी में पनकी पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। राज कुमार शर्मा रतनपुर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। उनके दो लडक़े जिसमें बड़े लडक़े का नाम कौशल और छोटे लडक़े का नाम किशोर है एक लडक़ी है। जिसकी शादी हो चुकी है। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

पुलिस लाइन सभागार में एसपी क्राइम सुबोध गौतम की अध्यक्षता में जे जे एक्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एक्ट से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई।एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने कहा कि जुवेनाइल मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही ना वरती जाए।पुलिस बाल कल्याण अधिकारी इस संबंध में नियमित ज्ञानार्जन करते रहें तथा ग्रुप डिस्कशन भी अवश्य करें।उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में नियमित अंतराल पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी शामिल अवश्य हों।इस संबंध में उन्होंने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपराध में संलिप्त बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करना चाहिए उन्हें बिना वर्दी पहने ही बाल कल्याण समिति अथवा बाल न्याय बोर्ड कै समक्ष पेश करना चाहिए।पेश करने से पूर्व चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाना आवश्यक है यदि आयु संबंधित कोई प्रपत्र नहीं है तो बाल न्याय बोर्ड के आदेश पर ही चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाना चाहिए।श्री गुप्ता ने बाल कल्याण समिति व बाल कल्याण बाल न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी तथा देखरेख व आवश्यकता वाले बच्चों की विभिन्न श्रेणियां बताईं तथा उन्हें पेश करते समय निर्धारित प्रारूपों को भरने की भी जानकारी दी।कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य,चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता, आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा, अलावा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी विजय कुमार पांडेय उनके साथ रहे।इस दौरान थाना जीआरपी,सिविल लाइन, कोतवाली, जसवंतनगर, बलरई, इकदिल, बढ़पुरा, चकरनगर, सहसों, बकेवर, ऊसराहार, भरेह, बिठौली, चौबिया आदि जनपद के विभिन्न थानों से पुलिस बाल कल्याण अधिकारी के रूप में नामित सब इंस्पेक्टर तथा महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सरोवरो में अमृत भरवाने हेतु सीडीओ ने लिया संज्ञान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

जनपद में अमृत सरोवरों की दुर्दशा एवं इन सरोवर में सूख रहे अमृत के बारे में लगातार प्रकाशित खबरों एवं विकास कार्यों की प्रगति के क्रम में इन सरोवरों का भी पुरसाहाल लेने के लिए मुख्यालय के विकास भवन सभागार में एक बैठक कर मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित समस्त खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में अमृत सरोवर के जो कार्य शेष है उन्हें शीघ्र पूर्ण करायें तथा इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए, तालाबों की खुदाई का कार्य बरसात से पहले पूर्ण कर ले, जिससे कि उसमें समय से पानी आदि भराया जा सके। उन्होंने कहा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर जो कार्य वर्तमान में लंबित है उसे भी समय से अवश्य पूर्ण करें। वही मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व में विकसित किए जा चुके अमृत सरोवर में पानी भराए जाने एवम् दुरुस्त हालत में रखने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, समस्त खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव आदि उपस्थित रहे।

## होटल व रेस्टोरेन्ट में चला अग्निशमन विभाग का उपकरण चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

जनपद में स्थापित होटलों में लगे अग्निशमन उपकरणों को फायर सर्विस टीम द्वारा चेक किया गया, वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया एवं पायी गई कमियों को समयावधी में पूर्ण करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये।यहां होटलो और ढाबों में की गयी चेकिंग के दौरान पायी गयी कमियों के लिये एक निश्चित समय सीमा संचालकों को दी-गयी है यदि निर्धारित की गयी समय सीमा के भीतर कमियों को दूर नही किया गया तो कार्यवाही की बात कही गयी है।

# दो माह बीते पर परिषदीय स्कूलों में कक्षा तीन की नवीन पाठ्य पुस्तकें अनुपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा तीन की किताबें अगले वर्ष से बदलने की तैयारी है क्योंकि एनसीईआरटी किताबों में बदलाव के लिए राज्य शिक्षा संस्थान से जुलाई में प्रक्रिया शुरू करेगा। नए पाठ्यक्रम के साथ यह किताबें बच्चों को सत्र 2025-26 में मुहैया कराई जाएंगी। वैसे इसी सत्र में इसे लागू किया जाना था लेकिन एनसीईआरटी के इस कार्य में बट्टा लग गया। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किताबों में बदलाव किया जा रहा है। उसी के अनुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने पिछले वर्ष कक्षा एक और दो की किताबों में बदलाव किया था।एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को बेसिक शिक्षा परिषद में इस वर्ष से लागू कर दिया गया है। पहले चरण में कक्षा एक और दो की किताबों को बदला गया है। एनसीईआरटी की तर्ज पर तीन किताबें हिंदी, अंग्रेजी और गणित लागू कर दी गई है। उसे उत्तर प्रदेश के परिवेश के अनुसार बदला गया है। खासकर हिंदी और अंग्रेजी के कुछ अध्याय हटाए या जोड़े गए हैं। वहीं संस्कृत को हटा दिया गया है। एनसीईआरटी से इस वर्ष कक्षा तीन की किताबों में बदलाव किया जायेगा इसलिए अगले वर्ष बेसिक शिक्षा परिषद किताबें में इसे लागू किया जाएगा। अगले वर्ष से कक्षा तीन में हिंदी की वीणा, अंग्रेजी की संतूर, गणित की गणित मेला और उर्दू की सितार नाम की चार पुस्तकें होगी।

# वृक्षारोपण, गंगा एवं वेटलैण्ड समितियों की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

जिला वृक्षारोपण समितिध्जिला गंगा समितिध्जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई।। उक्त बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी,संयोजक ए के द्विवेदी ने बताया कि जनपद को शासन स्तर से वर्षाकाल-2024 में रोपण हेतु निर्धारित 6019760 पौधरोपण लक्ष्य, जिसमें वन विभाग द्वारा 2972000 एवं अन्य 22 विभागों द्वारा 3047760 पौधों का रोपण लक्ष्य निर्धारित है। उक्त लक्ष्य की विभागवार प्रगति व आवंटित लक्ष्यवार स्थलों का चयन तथा कार्ययोजना तैयार करने, जनपद के वेटलैण्ड्स के सम्वर्द्धन व वृक्षारोपण, नदियों के पुनर्जीवन व उनके किनारे पर वृक्षारोपण, ग्राम वन, बाल वन, युवा वन, शक्ति वन, आयुष वन, खाद्य वन एवं नन्दन वन आदि विशेष रूप से चिन्हित करते हुये इस पर विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाने का आवाहन किया गया। इस वर्षाकाल में वेटलैण्ड संरक्षण वन, यमुना नदी, रिन्द नदी व सेंगुर नदी की पवित्र धारा के कैचमेन्ट में पौधरोपण आदि का विशेष उल्लेख किया गया।जिलाधिकारी ने विभागवार आवंटित पौधरोपण लक्ष्यों की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को शासन स्तर से निर्धारण समय-सारणी के अन्तर्गत सभी कार्य यथा-स्थल चयन, पौधरोपण की कार्ययोजना, गड्ढ़ा खुदान एवं गड्ढ़ा भरान में प्रयोगार्थ मृदा सुधारक के रूप गोबर खाद इत्यादि की व्यवस्था ससमय करने तथा प्रत्येक स्थल के विभागवार वृक्षारोपण प्रभारी की तैनाती तत्काल किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उनके द्वारा जनपद में प्रवाहित नून नदी, जिनका पुनर्जीवन का कार्य किया गया है, उनके दोनो किनारे पर वृहद रूप से वृक्षारोपण करने, इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों, स्थानीय ग्रामवासियों को पानी उपलब्ध कराने हेतु जनपद के वेटलैण्ड्स में पानी भरने व वर्षाकाल में उनके किनारों पर वृक्षारोपण करने हेतु विशेष निर्देश ग्राम्य विकास विभाग व जल शक्ति विभाग, पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिये गये है। जनपद की सबसे बड़ी इटैली झील के किनारों पर वृक्षारोपण कराने हेतु जिला पंचायतीराज अधिकारी व उपायुक्त, श्रम एवं रोजगार मनरेगा को निर्देश दिये गये।

# प्रदेश के प्रधानाचार्यो को प्रबंध समिति में पदेन सचिव का दर्जा दिलाया जाएगा

**जन एक्सप्रेस । औरैया**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री का उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने अपने कैंप कार्यालय में भव्य स्वागत किया,इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि बहुत ही सक्रिय एवं कर्मठ प्रधानाचार्य को प्रदेश अध्यक्ष बनाने से प्रदेश की प्रधानाचार्यों की लंबित समस्याओं का समाधान संभव होगा।नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट करने का प्रयास किया जाएगा तथा प्रदेश भर के प्रधानाचार्य को प्रबंध समिति में अभिलेखों के रखरखाव हेतु पदेन सचिव का दर्जा दिलाया जाएगा द्य इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला संरक्षक डॉ रामचंद्र दीक्षित, पूर्व प्रवक्ता अमर सिंह राजपूत, व्यापारी नेता एवं दिवियापुर के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुकूलाल गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अवधेश शुक्ला, सदानंद राजपूत, कैलाश राजपूत, अर्पित चौहान, जयराम राजपूत, अंकित दुबे, शिवम राजपूत, श्याम कुशवाहा, योगेश द्विवेदी, कमलेश राजपूत, पूरन आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।वही अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया के पदाधिकारियों ने मिलकर राजेश कुमार अग्निहोत्री को माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया और संगठन का स्मृति चिन्ह भेंट किया। गौरतलब है कि राजेश कुमार अग्निहोत्री अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ भी हैं अत- जैसे ही यह खबर संगठन के पदाधिकारी को मिली तो पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ गई और पदाधिकारी ने उनका जोरदार स्वागत किया।स्वागत करने वालों में पूर्व नायब तहसीलदार और संगठन संरक्षक रमेश चंद्र शुक्ला,प्रदेश सचिव पंडित बृजकिशोर तिवारी,प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ सुशील कुमार दुबे,जिला संयोजक गिरीश तिवारी जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी एवं धीरज शुक्ला,विवाह प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज दुबे जिला सचिव धनंजय दुबे एवं सक्रिय सदस्य अनिल दीक्षित, राहुल शुक्ला एवं श्याम नारायण शुक्ला आदि संगठन के सदस्य लोग शामिल रहे।

# पात्र परिवार को लाभ की सक्रिय डिलीवरी सुनिश्चित करने हेतु फैमिली आईडी बनवाना जरूरी : सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

फैमिली आईडी के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित फैमिली आईडी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रधन्या निकम से कहा कि शासन ने सभी परिवारों को लाभान्वित करने हेतु परिवार आईडी योजना संचालित की है, फैमिली आईडी के तहत, प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी कर रही है, जिससे राज्य की परिवार इकाईयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित किया जा सकेगा।जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र परिवार को लाभ की सक्रिय डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकेगा। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में भी प्रत्येक परिवार के फैमिली आईडी बनाई जा रही है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को फैमिली आईडी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है, ऐसे में समय अंतर्गत इस कार्य को पूरा किया जाए। इस योजना के माध्यम से हम जनपद के नागरिकों को विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं से जोड़ सकेंगे। परिवारों को 12 अंकों की अद्वितीय पारिवारिक आईडी प्रदान की जाएगी, जो राशन कार्ड धारक नहीं हैं, वे स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को पोर्टल पर जोडक़र आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी से छूटे हुए समस्त पेंशन धारकों का फैमिली आईडी अवश्य बनवाया जाए।बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी यशी पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ प्रज्ञा शंकर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह, डीसी मनरेगा पी पी त्रिपाठी, डीपीआरओ विकास पटेल, ई डिस्टिक मैनेजर, समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पीएलवी प्रशिक्षण का हुआ समापन,एडीजे ने समापन पर दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मीटिंग हाल में विधिक स्वयंसेवक को विधिक जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण दिया।5 दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि समाज में जीवन यापन कर रहे बुद्धिजीवियों एवं कमजोर वर्गों के लोगों को छोटे-मोटे झगड़ा झंझट विवाद आदि आपराधिक घटनाओं तथा न्यायालय में लंबित मामलों में सुनवाई के लिए जल्द से जल्द एक दूसरे को सौहार्द प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए जागरूक करना है।इससे लोगों को अधिवक्ताओं के लिए फीस और समय दोनों का बचत होती है।प्राधिकार के द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रकार के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक नवनीता राय,जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, सहित अन्य विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद रहे।

## कॉन्वेंट स्कूलों की तर्ज पर बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया शैक्षिक कैलेंडर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात**

बेसिक शिक्षा विभाग ने पहली बार अपने यहां भी शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है। विभाग ने इसमें हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर पढ़ाई कराने, चार बार छात्रों के मूल्यांकन कराने, अलग अलग गतिविधियों व खेलकूद के आयोजन के लिए समय निर्धारित किया है। साथ ही यह भी कहा है कि प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक उपस्थित रहेंगे और बच्चों के साथ प्रतिदिन अपनी फोटो लेंगे। अभी तक माध्यमिक शिक्षा विभाग ही अपने यहां शैक्षिक कैलेंडर जारी करता था। इस बार बेसिक शिक्षा विभाग ने कैलेंडर जारी कर पठन-पाठन के साथ साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया है। इसमें तय किया गया है कि सभी शिक्षक प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। प्रधानाध्यापक बच्चों के साथ प्रार्थना स्थल की फोटो प्रतिदिन लेंगे। इसे खंड शिक्षा अधिकारी को भेजेंगे और टैबलेट में सुरक्षित रखेंगे। विभाग ने हर महीने का पाठ्यक्रम निर्धारित करते हुए उसी महीने में अनिवार्य रूप से पूरा करने को कहा है। महापुरुषों के जन्मदिन पर उनके योगदान पर प्रार्थना सभा के बाद चर्चा की जाएगी। साथ ही निबंध, पोस्टर व वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका स्वास्थ्य कार्ड तैयार किया जाएगा। सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। विभाग ने शिक्षक-अभिभावक बैठकों, प्रबंध समिति की बैठकों, परीक्षाओं की तिथि भी इसमें तय कर दी है। इतना ही नहीं विभाग ने कहा है कि कक्षा एक से आठ तक बच्चों के सतत मूल्यांकन पर बल दिया जाएगा। सत्र में चार बार छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन किया जाएगा। अगस्त व दिसंबर में सत्रीय परीक्षा, अक्तूबर में छमाही व मार्च में वार्षिक परीक्षा होगी। बच्चों को पढ़ाई के साथ सामाजिक गतिविधियों व चीजों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आत्मरक्षा प्रशिक्षण, आउटडोर गतिविधियां, बाल मेला, पारंपरिक खेलकूद का भी आयोजन होगा।

# तीन राज्यों में गर्मी ने ली 11 जानें केरल में बारिश से सात की मौत

**✱ देश के 10 सबसे गर्म शहरों में राजस्थान के छह शहर शामिल हैं**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



पूरे देश में चरम मौसमी घटनाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। केरल में जहां मानसून पूर्व बारिश की वजह से अचानक आई बाढ़ और बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई, वहीं राजस्थान में प्रचंड गर्मी की वजह से पांच, हरियाणा में दो और मध्य प्रदेश में चार लोगों ने जान गंवा दी है। देश के 10 सबसे गर्म शहरों में राजस्थान के छह शहर शामिल हैं। बाड़मेर में पारा 48.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अन्य शहरों में भी तापमान 47 डिग्री से ऊपर चल रहा है। इसके अलावा, 24 मई से नौतपा भी शुरू हो रहा है, जो प्रचंड गर्मी के नौ दिन होते हैं। इस दौरान राजस्थान में कई जगहों पर तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो सकता है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को राजस्थान, पंजाब व गुजरात में लू और केरल में बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व गुजरात में गर्मी, जबकि तमिलनाडु में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। देश में केवल सिक्किम व अरुणाचल ऐसे राज्य हैं, जिनके लिए विभाग ने चरम मौसम से जुड़ा कोई अलर्ट जारी नहीं किया है।

### 2,35,000 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

गर्मी के चलते पूरे देश में बिजली की मांग बुधवार को 235 गीगावाट यानी 2 लाख 35 हजार मेगावाट पहुंच गई। यह इस सीजन की अधिकतम मांग है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि जल्द ही देश में बिजली खपत का सार्वकालिक रिकॉर्ड टूट सकता है, जो सितंबर, 2023 में 243.27 गीगावाट था।

### राजधानी में मामूली राहत आज से फिर चढ़ेगा तापमान

राजधानी में बृहस्पतिवार को तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी आई। इससे भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली। यहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि बुधवार को यह 43.4 डिग्री दर्ज किया गया था।

### बादलों और सूरज की लुकाछिप्पी का खेल चला

सूरज की तपिश ने लोगों को परेशान किया, लेकिन दोपहर में बादलों और सूरज की लुकाछिप्पी का खेल चला। इससे गर्म हवा का अहसास कम हुआ। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह अब तक सर्वाधिक न्यूनतम तापमान दर्ज किया है। उधर, शनिवार को आसमान साफ रहेगा। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चलेगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक जाने की आशंका है।

### नजफगढ़ में 42 के पार पहुंचा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक नजफगढ़ इलाका सर्वाधिक गर्म रहा। यहां अधिकतम 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जाफरपुर में 42, पूसा व पीमतपुरा में 41.3, मुंगेशपुर में 41.5, आया नगर में 41.2 व नरेला में 41.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

### हवा से प्रदूषण हुआ कम

राजधानी में हवा की गति बढ़ने से एक्यूआई 156 दर्ज किया गया। एक्यूआई 191 दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को हवा खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक औसतन 18 से 24 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा पूर्व से दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशा की ओर से चली।

# अगर भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित होतीं तो और तेजी से विकास होता: अजीत डोभाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का 21वां अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम रुस्तमजी मेमोरियल में हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित और परिभाषित होती तो भारत बहुत तेजी से प्रगति करता। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारे देश की शक्ति में भारी वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में एनएसए ने आगे कहा कि हमारी सीमाएं निकट भविष्य में उतनी सुरक्षित नहीं होंगी, जितनी तेज हमें आर्थिक विकास के लिए चाहिए। इसलिए बीएसएफ पर यह जिम्मेदारी बहुत अधिक हो गई है कि वे 24 घंटे सतर्क रहें। उन्हें देश की सुरक्षा के लिए और अधिक चौकन्ना होना होगा। किसी भी देश के लिए सीमाएं महत्वपूर्ण हैं। यह हमारी संप्रभुता को परिभाषित करती हैं।

### भारत आने वाले वर्षों में और अधिक विकास करेगा

डोभाल ने कार्यक्रम में कहा कि भारत बहुत तेजी से बदल रहा है। अगले 10 वर्षों में हम 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। यह एक बड़ी उपलब्धि है। मौजूदा सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान सीमा सुरक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया है। हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति काफी बढ़ी है। भारत भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और रक्षा और सुरक्षा विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों का केंद्र होगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत एक समय तक हथियारों का आयातक था। वही भारत ने 31 मार्च तक 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियारों का निर्यात किया। यह सिर्फ सरकार की आत्मनिर्भर भारत की नीति के कारण हो पाया है।

### 10 सीमा प्रहरियों को बहादुरी के लिए किया जाएगा सम्मानित

समारोह में बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि आज दस बहादुर सीमा प्रहरियों को उनकी बहादुरी के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इनमें से सात बहादुरों ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया। उनके परिजन पदक प्राप्त करने के लिए यहां मौजूद हैं। मैं समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सेवारत और सेवानिवृत्त सभी कर्मियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

# ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार: ममता बनर्जी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



कलकत्ता हाईकोर्ट ने हाल ही में वर्ष 2010 से राज्य में जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया था। इस फैसले से नाराज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एलान किया कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगी।

### गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत जाएंगे

दक्षिण चौबीस परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा, हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के आदेश को स्वीकार नहीं करते हैं। हम गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत जाएंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद्द कर दिया था। इससे लोकसभा चुनाव के बीच में राजनीतिक बहस छिड़ गई। अदालत ने कहा था कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी की सूची में शामिल करना उनके साथ वोट बैंक की तरह बर्ताव करना है। बनर्जी ने चुनावी रैली में अपने संबोधन में मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी को एक भी वोट न दें।

### पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र अमान्य हो जाएंगे

कोर्ट ने साफ किया था कि इस फैसले के दिन से ही रद्द प्रमाणपत्रों का किसी भी रोजगार प्रक्रिया में उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इससे करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र अमान्य हो जाएंगे। जस्टिस तपोव्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथा की पीठ ने हालांकि यह भी कहा था कि इन प्रमाणपत्रों से जिन उम्मीदवारों को पहले मौका मिल चुका है, उन पर फैसले का असर नहीं होगा।

### फैसले में तृणमूल सरकार का जिक्र नहीं

पीठ ने फैसले में तृणमूल सरकार का जिक्र नहीं किया था। संयोग से तृणमूल 2011 से राज्य की सत्ता में है। इसलिए कोर्ट का आदेश सिर्फ तृणमूल सरकार में जारी ओबीसी प्रमाणपत्रों पर प्रभावी होगा। हाईकोर्ट का आदेश 2012 के मामले में आया। पीठ ने कहा था कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी प्रमाणपत्र बनाए गए, वे कानून के मुताबिक नहीं हैं। विधानसभा को तय करना है कि अन्य पिछड़ा वर्ग में कौन होगा। प. बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ओबीसी की सूची निर्धारित करेगा। सूची को विधानमंडल को भेजा जाना चाहिए। जिनके नाम विधानसभा से अनुमोदित किए जाएंगे, उन्हें भविष्य में ओबीसी माना जाएगा।

# चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत हार्ट अटैक से केदारनाथ में गई सबसे ज्यादा जान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। देहरादून**



चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बदरीनाथ में 14, केदारनाथ में 23, गंगोत्री में 03 और यमुनोत्री में 12 श्रद्धालुओं की जान गई है। केदारनाथ में बीते 10 वर्ष में 350 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिसका प्रमुख कारण सीने में दर्द, बेचैनी और दिल का दौरा पड़ना रहा है। बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए केरल के एक श्रद्धालु की गुरुवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने विष्णुप्रयाग में ही अंतिम संस्कार करा दिया। अब तक बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए आठ श्रद्धालुओं की हृदयगति रुकने से मौत हो चुकी है। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार महिलाएं और दो पुरुष दर्शन करने के लिए बदरीनाथ आए हुए थे। बुधवार को अचानक श्रीनिवासन (63) की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। सीएमओ डॉ. राजीव शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। इसके बाद परिजन शव को विष्णुप्रयाग लेकर आए, लेकिन उनके पास अंतिम संस्कार कराने के लिए कोई सामान नहीं था। इस पर उन्होंने नगर पालिका जोशीमठ से मदद मांगी। इस पर पालिका ने उन्हें सामग्री उपलब्ध करवाई, तब जाकर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए पंजाब के एक यात्री की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे और पहला जत्था शुक्रवार को गोविंदघाट से घांघरिया के लिए रवाना होगा। कुछ श्रद्धालु पहले ही घांघरिया पहुंच रहे हैं। गोविंदघाट एसओ लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने बताया, बृहस्पतिवार को गोविंदघाट से घांघरिया जा रहे यात्री जसविंद्र सिंह (60) निवासी लुधियाना, पंजाब की च्यूंडार के आगे रामढुंगी के पास हृदयगति रुकने से मौत हो गई।

# महाराष्ट्र में बम गिराने वालों का समर्थन लेकर नकली शिवसेना चुनाव में है: मोहन यादव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एमपी सीएम मोहन यादव ने कहा, मुझे गौरव इस बात का है कि मैं बालासाहेब ठाकरे की धरती पर आया हूं। भगवा पताकाएं देश में सबसे पहले विचारधारा की दृष्टि से फैली थी तो मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से फैली थी। आजादी के बाद से हमारी विजय यात्रा चालू हुई, मंदिरों का नया निर्माण चालू हुआ तो 250 साल पहले महाराज शिवाजी के समय से आज तक हो रहा है। सीएम मोहन ने कहा, देवस्थानों के कारण से वर्तमान के दौर में सबसे ज्यादा कष्ट किसी को हो रहा है तो कांग्रेस और उनके साथ वालों को हो रहा है। साल 1993 के बम ब्लास्ट के आरोपी इब्राहिम मूसा द्वारा शिवसेना के लिए किये जा रहे प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोग बम गिराने वालों का चरित्र जान रहे हैं, और इन्हीं बम गिराने वालों का समर्थन लेकर नकली शिवसेना सामने आ रही है। मूसा जैसे व्यक्ति के समर्थन लेने से माननीय बालासाहेब की वो बात याद आती है, वे कहते थे कि मैं कांग्रेस का समर्थन एक चिमटी से भी छूना नहीं चाहूंगा।

# बच्चों के लिए खतरनाक है सोशल मीडिया, हर हाल में रखें दूर: एलन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अरबपति और दुनिया की सबसे बड़ी माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा है कि सोशल मीडिया बच्चों के लिए बहुत ही खतरनाक है। सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखना जरूरी है। लंबे समय तक सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना बच्चों के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसे सीमित करने की जरूरत है। एक कॉन्फ्रेंस में एलन मस्क ने बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर बातें की। उन्होंने कहा, मैं सभी पैरेंट्स से आग्रह करता हूं कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें। बच्चे एआई एल्गोरिदम के प्रति संवेदनशील होते हैं, जो डोपामाइन के स्तर को अधिकतम करके यूजर्स जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। एलन मस्क ने इस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। एलन मस्क ने तर्क दिया है कि सोशल मीडिया कंपनियों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति युवा दिमागों के लिए हानिकारक परिणामों का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि डोपामाइन हिट उत्पन्न करने के लिए एआई सिस्टम के बीच भयंकर प्रतिस्पर्धा के कारण अत्यधिक सोशल मीडिया बच्चों के लिए हानिकारक है। यह पहला मौका नहीं है जब एलन मस्क ने बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर कुछ कहा है। पहले भी कई बार वे बच्चों पर फेसबुक और इंस्टाग्राम के प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं। पिछले साल दुबई में हुए डब्लूजीएस सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि मैंने अपने बच्चों को कभी भी सोशल मीडिया इस्तेमाल करने से नहीं रोका जो कि मेरी गलती थी।

# विद्यालय में गैस सिलेंडर ब्लास्ट, रसोईया सहित तीन लोग झुलसे, बच्चों की बची जान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भागलपुर**

भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय नासी टोला मदरौनी से सिलेंडर ब्लास्ट होने से रसोईया सहित तीन लोग घायल हो गये। घटना के बाद विद्यालय में अफरातफरी का माहौल हो गया। यह घटना रंगरा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय नासी टोला का है।

### गैस लीकेज होने से हुई घटना

घटना के संबध में स्थानीय लोगों का कहना है कि रसोईया खाना बनाने विद्यालय पहुंचे। गैस लीकेज होने के कारण चूल्हा जलाते ही अचानक आग धधक गई, जिसमें रसोईया सहित तीन लोग झुलस गये। स्थानीय लोगों ने आननफानन में सभी घायलों को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में रसोईया सविता देवी, स्कूल के प्राचार्य इंद्रजीत कुमार सिंह और शिक्षक विपिन कुमार झुलस गए हैं। हालांकि इस घटना में किसी स्कूली बच्चे को कोई नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### मिड डे भोजन देने से पहले हुई घटना

घटना के संबंध में शिक्षकों और बच्चों का कहना है कि रसोईया सविता देवी बच्चों को मध्यान भोजन देने के लिए सब्जी को दुबारा गर्म करने गई थी।

### प्राचार्य की स्थिति गंभीर

स्कूल के अन्य शिक्षकों ने तुरंत घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी, जिसके बाद फौरन पुलिस और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुँच गई। विद्यालय के शिक्षक और पुलिस प्रशासन ने तुरंत डॉक्टरों की एक टीम को विद्यालय परिसर में बुलाया और फिर उन्हें इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में ले जाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए उन्हें मायागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार प्राचार्य इंद्रजीत सिंह की स्थिति नाजुक बताई जा रही है, जबकि शिक्षक विपिन कुमार और रसोईया सविता देवी इलाजरत हैं। स्थानीय पुलिस विद्यालय परिसर में पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। स्कूली बच्चे इस घटना के बाद काफी भयभीत है।

# फरीदाबाद में एक ही परिवार के छह लोगों ने काटी हाथ की नस, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद**

फरीदाबाद से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां सूदखोर से परेशान एक ही परिवार के छह लोगों ने हाथ की नस काट ली। सभी ने सामूहिक आत्महत्या करने की कोशिश की। इसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि अन्य पांच घायल हैं। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, फरीदाबाद के सेक्टर 37 स्थित मकान नंबर 406 में सूदखोर से परेशान एक ही परिवार के छह लोगों ने हाथ की नस काट ली। नस कटने से घर के मुखिया ने दम तोड़ दिया, जबकि पांच घायल हैं, तीन की हालत गंभीर बनी है। छोटे पोते ने समझदारी दिखाते हुए सिक्योरिटी गार्ड से घर का गेट को खुलवाया और परिवार को बचाया। सेक्टर के लोगों का कहना है कि अभी किसी की मौत नहीं हुई है। सभी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। परिवार के मुखिया श्याम गोयल (70) की मौत हो गई है।

# बिभव कुमार को 4 दिन की ज्यूडीशियल कस्टडी, दिल्ली सीएम के पीए पर स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मामले में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में पेशी हुई। पेशी से पहले बिभव कुमार का मेडिकल हुआ। सुनवाई के दौरान बिभव कुमार को कोर्ट ने चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब उन्हें 28 मई तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। बीती 18 मई को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बीती 19 मई को स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में तीस हजारी अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। बिभव कुमार के वकील ऋषिकेश कुमार ने बताया था कि पुलिस ने सात दिनों की रिमांड मांगने के लिए आवेदन दायर किया था जिसमें से पांच दिनों की रिमांड दी गई। 23 मई को उन्हें फिर से पेश किया जाएगा। इस दौरान उन्हें अपने वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी। जांच और उसके परिवार के सदस्यों को भी यदि चिकित्सा आधार पर किसी दवा की आवश्यकता होगी तो वह प्रदान की जाएगी।

### मारपीट मामले पर केजरीवाल तोड़ चुके हैं चुप्पी

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर हुए कथित हमले और बदसलूकी मामले पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। न्याय होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए गए एक साक्षात्कार में ये बातें कहीं।

### कोर्ट ने बिभव कुमार को नहीं दी थी अंतरिम जमानत

अदालत ने बीते शनिवार को कहा था कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका निरर्थक हो गई है, क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुमार को सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के दो दिन बाद शनिवार को शाम 4:15 बजे गिरफ्तार किया गया।

### 13 मई की घटना के बारे में खुद स्वाति मालीवाल ने बताया

इससे एक दिन पहले ही आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल एक साक्षात्कार में अपने साथ हुई 13 मई की घटना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि घटना के दिन अरविंद केजरीवाल दूसरे कमरे में थे। मेरी पिटाई हुई मैं चीखती रही लेकिन वह बाहर नहीं आए। यही नहीं आज तक अरविंद केजरीवाल ने मुझे एक फोन भी नहीं किया। स्वाति ने एक साक्षात्कार में कहा, 13 मई को सुबह करीब 9 बजे मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई। स्टाफ ने मुझे ड्राइंग रूम में बैठने के लिए कहा और बताया कि अरविंद घर पर हैं और वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। इसके बाद अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार आक्रामक स्थिति में आए।

### दिल्ली पुलिस जांच के लिए बिभव को मुंबई लेकर गई थी

दिल्ली पुलिस पीए बिभव कुमार को लेकर आईफोन का डेटा रिकवर करने के लिए मुंबई भी लेकर गई थी। दरअसल, विभव ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उन्होंने अपना फोन मुंबई में फॉर्मेट कर दिया था। इसके बाद से ही पुलिस इस मामले में बिभव के मोबाइल डेटा को रिट्रीव करने की कोशिश में लगी है, क्योंकि पुलिस को उम्मीद है कि मोबाइल का डेटा मिलने से इस मामले के अहम सुराग हाथ आ सकते हैं।

### स्वाति से मारपीट केस की जांच एसआईटी करेगी

मामले की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम करेगी। एसआईटी को नॉर्थ दिल्ली की डीसीपी अंजिता चेप्याला लीड कर रही हैं। टीम में इंस्पेक्टर रैंक के 3 अधिकारी भी हैं। इनमें सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन का अधिकारी भी शामिल है, जहां मामला दर्ज किया गया था। एसआईटी जांच करने के बाद सीनियर्स को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)